निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• 11 मार्च 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 288 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1881 :** रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कोलकाता के टाउन हॉल में स्थापित की गई।

**1918 :** मास्को रूस की राजधानी बनी।

**1935 :** बैंक कनाडा का गठन किया गया।

**1981 :** चिली में संविधान लागू हुआ।

**2001 :** पुलेला गोपीचंद बैडमिंटल में विश्व चैंपियन बने।

**2008 :** पाकिस्तान के लाहौर में हुए दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये।

**2008 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।

## पटाखा दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच की मौत

### घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख, मामले की जांच में जुटा प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले में दिल दहलाने वाली घटना घटी है। एक पटाखा दुकान में अचानक आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। जिसमे तीन बच्चे, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक शामिल है। गढ़वा के एसपी दीपक पांडे ने घटना की पुष्टि की है। सभी शव को छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल के शव गृह में रखा गया है।



**धमाके के साथ लगी आग**

गढ़वा जिले के झारखंड- छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर गोदरमाना बाजार में एक पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। मृतको में तीन बच्चे, जिसमें एक लड़की है, एक दुकान मालिक और एक ग्राहक की मौत हो चुकी है। पटाखा दुकान में आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी तक किसी को भी पता नहीं है, लेकिन धमाका इतना जबर्दश्त था कि पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन चुका था। वहां के लोगों ने किसी तरह पांचों लोगों को आनन-फानन में अस्पताल भेजा, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया।

मरने वालों में कुश कुमार उम्र 46 वर्ष, अजित केशरी उम्र 36 वर्ष, सुशीला करकेटा उम्र 15 वर्ष, प्रियांश उम्र 10 साल एवं श्रेयांश 8 वर्ष शामिल हैं। गढ़वा के रंका एसडीपीओ ने बताया कि घटना ग्यारह से बारह बजे दिन की है, सभी को इलाज के लिए छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल लाया गया था, जहां सभी को मृत घोषित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम कराने की तैयारी चल रही है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया दुख**

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी घटना को लेकर दुख जताया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर मैसेज पोस्ट करते हुए उन्होंने घटना को दुखद बताया है। उन्होंने मरांग बुरु से दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का सक्रिय सदस्य विनोद परहिया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी गिरफ्तारी जिले के मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया ग्राम के पास से हुई है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दी है। एसपी ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कई कांडों का वांछित अभियुक्त विनोद परहिया मनिका थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है। एसपी ने बताया कि रविवार (9 मार्च 2025) को गुप्त सूचना मिली थी कि विनोद परहिया को मनिका के बरवैया ग्राम के पास घूमते देखा गया है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने प्राप्त सूचना के आधार पर चिह्नित जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विनोद परहिया पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि विनोद परहिया विभिन्न कंपनियों, संवेदकों और व्यवसायियों से लेवी और रंगदारी मांगता था। एसपी ने बताया कि विनोद परहिया गोली चलाने मे माहिर है। वह कई कांडों में वांछित था। उस पर लातेहार और पलामू जिले के विभिन्न थाने में कुल 8 मामले दर्ज हैं। छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रणधीर कुमार सिंह, तकनीकि शाखा और मनिका थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।




## राजगंज को नए प्रखंड के रूप में शीघ्र मान्यता प्राप्त हो : मुख्य सचेतक

### विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान विधायक ने उठाया मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी (धनबाद)।** झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर राजगंज को नया प्रखंड के रूप में शीघ्र मान्यता प्राप्त हो इस पर जोरदार रूप से अपनी आवाज बुलंद किया। विधायक ने कहा कि टुण्डी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले बाघमारा प्रखंड के धावाचिता, रंगुनी, राजगंज, फाटामहुल, नगरीकला दक्षिण, नगरीकला उत्तर, दलूडीह, गोविन्दाडीह, बौआकला, उत्तर, बौआकला दक्षिण, मोहलीडीह, बगदाहा, छोटानगरी, महेशपुर 1 एवं धनबाद नगर निगम वार्ड संख्या 04 पंचायतों को मिलाकर नया प्रखंड के रूप में राजगंज को यथाशीघ्र प्रखंड के रूप में मान्यता प्राप्त हो। टुण्डी के जुझारू विधायक पूर्व में भी कई बार राजगंज को प्रखंड का दर्जा प्राप्त होने को लेकर अपनी आवाज विधानसभा में बुलंद किया है।



## भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड

**दुर्ग (नबिटा ब्यूरो)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और एआइसीसी महासचिव भूपेश बघेल और बेटे चैतन्य के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। शराब घोटाला को लेकर ये कार्रवाई की जा रही है। उनके भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर सोमवार सुबह चार गाड़ियों में टीम पहुंची। कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई है। इस बीच इडी की कार पर बाहर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। सुरक्षा में लगे जवान भी भागते दिखे। इडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता अधिकारियों की कार को रोकते भी दिखे। इस बीच उनकी पुलिस से झड़प हुई है। कल कांग्रेस प्रदेशभर में इडी की कार्रवाई के विरोध में भाजपा और ईडी का पुतला दहन करेगी।

## विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : अश्विनी वैष्णव

**■ राज्य सभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 पारित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सोमवार को राज्यसभा ने भारतीय रेल के संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक रेलवे क्षेत्र में सशक्तिकरण, दक्षता में वृद्धि और सहकारी संघवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानूनों को सरल बनाने के लिए लाया गया है, जिससे राज्य सरकारों की शक्तियां कम नहीं होंगी बल्कि विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को अब 1,000 करोड़ रू0 तक की परियोजनाओं को स्वीकृत करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है। श्री वैष्णव ने यह भी उल्लेख किया कि सरकार द्वारा उन राज्यों में भी रेलवे के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जहां सत्ताधारी दल की सरकार नहीं है। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को पूर्व की सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक बजट मिला है।



**रेलवे क्षेत्र में प्रमुख सुधार और उपलब्धियां:**

**बुनियादी ढांचा विकास**

- पिछले 11 वर्षों में 34,000 किलोमीटर नई रेलवे पटरियां बिछाई गईं, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
- 45,000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आई। 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नई, उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से बदला गया।

**सुरक्षा सुधार**

- रेलवे सुरक्षा में निवेश बढ़कर 1.14 लाख करोड़ रू. हुआ, जो पिछली सरकारों में केवल 8,000 करोड़ रू. था।
- रेल फ्रैक्चर की घटनाओं में 91% की कमी आई– 2013-14 में 2,548 घटनाएं होती थीं, जो अब न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं।
- 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू की गई, जिसे एसआइएल-4 प्रमाणन प्राप्त है, जो रेलवे संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा स्तर सुनिश्चित करता है।

**रोजगार और क्षमता निर्माण**

- एनडीए सरकार के दौरान 5,02,000 नौकरियां दी गईं, जबकि यूपीए शासन में यह संख्या 4,11,000 थी।
- लाखों अभ्यर्थियों की भागीदारी के साथ रेलवे भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी रूप से आयोजित की गईं।
- आईजीओटी प्लेटफॉर्म पर रेलवे कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए गए।

**यात्री सुविधाएं और आधुनिकीकरण**

- 3,10,000 आधुनिक शौचालय रेलवे कोचों में स्थापित किए गए, जिससे स्वच्छता मानकों में जबरदस्त सुधार हुआ।
- लोको पायलटों के लिए 558 रनिंग रूम अब पूरी तरह वातानुकूलित हैं।
- नई पीढ़ी के इंजन अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर कार्य वातावरण के साथ निर्मित किए जा रहे हैं।

श्री वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर उठाई गई चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने घोषणा की कि 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पूर्ण एक्सेस कंट्रोल लागू किया जाएगा, जिससे केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिलेगा।

## पटना मेट्रो रेल परियोजना के जल्द क्रियान्वयन पर नीतीश कुमार गंभीर

### परियोजना निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, पीएमसीएच और पटना विश्वविद्यालय के समीप पटना मेट्रो रेल परियोजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा राजेंद्र नगर, मोइनुलहक स्टेडियम, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, पहाड़ी पर, जीरो माइल मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुरूप पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करायें। मेट्रो का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, उन्हें भीड़भाड़ से छुटकारा मिलेगा। मेट्रो परियोजना का क्रियान्वयन दिल्ली मेट्रो रेल करपोरेशन के द्वारा किया जा रहा है, जिसका पर्यवेक्षण नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के द्वारा किया जा रहा है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 कि0मी0) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक चालू करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## मासूम को बस ने कुचला, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। नदियाव गांव स्थित एनएच-32 पर एक बेकाबू बस ने डेढ़ साल की मासूम प्रियांशु कुमारी को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में बच्ची के पिता सतीश कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मासूम प्रियांशु अपने घर के बाहर खेल रही थी। खेल-खेल में वह अचानक सड़क पर चली गई, तभी तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। बच्ची को बचाने के लिए पिता सतीश कुमार दौड़े, लेकिन इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें भी टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## ट्रेन से कटकर हाथी की मौत, परिचालन बाधित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हटिया-टाटा रूट पर ट्रेन से कटकर एक हाथी की मौत हो गयी है। इसकी वजह से इस रूट पर ट्रेन सेवा बाधित हो गयी है। दुर्घटना सोमवार की शाम करीब 7:15 बजे जोना-किता स्टेशन के बीच हुई। इसके बाद से इस रूट पर ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि हटिया से टाटा जा हटिया-टाटा पैसेंजर ट्रेन के सामने अचानक एक हाथी के आ जाने से उसकी मौत हो गयी। हालांकि, इससे ट्रेन को या ट्रेन में सवार यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के कर्मचारी काम पर लगे हैं। जल्द ही रेलवे ट्रैक को खाली करा लिया जायेगा। इसके बाद ही ट्रेन सेवा सामान्य हो पायेगी। डीआरएम ने कहा है कि ट्रेन सेवा सामान्य होने में अभी 2 से 3 घंटे का समय लगने का अनुमान है। ट्रेन से कटकर हाथी की मौत के बाद वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक से हाथी के शव को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पशु चिकित्सक और हाथी को हटाने के लिए क्रेन नहीं पहुंचा है। डीआरएम से क्रेन की मांग की गयी है। सिल्ली के वनपाल जय प्रकाश साहू ने इस घटना के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि हाथी को मंगलवार को दफन किया जायेगा।

## तनिष्क ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवरात की लूट

### आधा दर्जन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, दो अपराधी गिरफ्तार

**कमलेश पाण्डेय**

**आरा।** आरा नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार सुबह 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूटकर ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। बड़हरा थाना क्षेत्र में दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद हुआ है। 4 बदमाश लूटी हुई ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के गहने थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के लूट लिए हैं। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से 6 बदमाश आये। शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब आधा घंटा तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास 3 बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दिया। पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें भाग रहे दो अपराधी विशाल कुमार गुप्ता, पिता भुनेश्वर प्रसाद दिघवारा सारण, दूसरा कुणाल कुमार पिता प्रदीप राय, सेमरा सोनपुर को गोली लग चुकी थी। पीएचसी बडहरा से दोनों को सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया है। इसमें 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बदमाशों के पास से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए गहने बरामद हैं।




शोरूम के गार्ड मनोज कुमार ने बताया 10 बजे शोरूम खुला था। तभी 3 बाइक से 6 अपराधी आए और शोरूम के पास गाड़ी खड़ी कर दी। शोरूम के नियम के अनुसार, 4 से अधिक लोगों को एक साथ एंट्री नहीं दी जाती है। इसलिए पहले 2 लोग अंदर गए और जैसे ही छठा अपराधी अंदर आया, उसने मेरे सिर पर पिस्टल रख दी। मेरे साथ मारपीट भी की। राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन के साथ मारपीट भी की थी।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### होली मिलन में दिखता सौहार्द का विस्तृत रूप : डॉ. राजभूषण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर। वरीय संवाददाता अखाड़ा घाट इलाके में रविवार को सूड़ी समाज उत्थान मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। उदघाटन केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, मेयर निर्मला साहू और नगर विधायक विजेंद्र चौधरी ने दीप जलाकर किया। वार्ड 19 की पार्षद पूनम देवी ने अतिथियों को सम्मानित किया। केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों में सामाजिक सौहार्द का विस्तृत रूप देखने को मिलता है। मेयर ने लोगों से हंसी-खुशी होली मनाने का आह्वान किया। नगर विधायक ने कहा कि सूड़ी समाज के इस उत्सव में बड़े-छोटे का भेदभाव मिटाकर सभी एक रंग में रंग जाते हैं। मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत और संयोजक चितरंजन महतो ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में लजीज पकवान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मौके पर मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद रेखा कुमारी (सीतामढ़ी), खजौली विधायक अरुण शंकर, पूर्व मंत्री समीर महासेठ, भाजपा जिलाध्यक्ष (पूर्वी) विवेक कुमार, बंधु कुमार, पंकज गामी, ब्रजनंदन सेठ, जितेंद्र महासेठ व अन्य गणमान्य शामिल हुए।

### मुफस्सिल थाने के नए थानाध्यक्ष बने मनोज प्रभाकर



**छपरा, एजेंसी।** सारण के मुफस्सिल थाने में नए थानाध्यक्ष की तैनाती कर दी गई है। एसएसपी कुमार आशिष ने 2009 बैच के पीएसआई मनोज प्रभाकर को यह जिम्मेदारी सौंपी है। मनोज प्रभाकर अब तक एसपी कार्यालय में कार्यरत थे। बता दें कि पूर्व थानाध्यक्ष विशाल आनंद को पिछले शनिवार को एसएसपी ने निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया था। यह कार्रवाई पैसों के लेनदेन से जुड़े एक ऑडियो वायरल होने के बाद की गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। एसएसपी ने अपने आदेश में कहा कि बेहतर विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और प्रशासनिक सुगमता के लिए यह नियुक्ति की गई है। मनोज प्रभाकर को तत्काल नए पद पर योगदान करने का निर्देश दिया गया है। वे सोमवार से अपना कार्यभार संभालेंगे। विशाल आनंद के निलंबन के बाद थाने का संचालन अपर थानाध्यक्ष के प्रभार में चल रहा था। नए थानाध्यक्ष के सामने मशरख में विधि व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण के जरिए लोगों का विश्वास जीतने की चुनौती होगी।

### खाटू श्याम निशान यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**सहरसा, एजेंसी।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के शुभ अवसर पर सहरसा में मारवाड़ी समाज के श्याम परिवार ने भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। बड़ी दुर्गा स्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा शंकर चौक से शुरू होकर बंगाली बाजार, प्रशांत मोड़, गंगजला चौक, थाना चौक, डीबी रोड और मारूफगंज रोड होते हुए वापस मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में कीर्तन और जयकारे लगाए। महिलाएं हाथों में निशान लेकर पैदल चल रही थीं। शहर की सड़कों पर यात्रा को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा हुई। खाटू श्याम भक्त मंडल और श्याम परिवार के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आदित्य मित्तल, रोहित तुलिस्यान, विपुल दहलान, आनंद अग्रवाल, आनंद भीमसेरिया, मनीष पचारिया और राज अग्रवाल समेत कई भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बिहार में मरने लगी मुर्गियां, बर्ड फ्लू को लेकर आईसीएआर का अलर्ट जारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद विभाग अलर्ट हो गया है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है. जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी सुशांत कुमार के अनुसार मुर्गियों की मौत के बाद इसकी पुष्टि की गयी है.

### फोन नंबर जारी

बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बढ़ाने का निर्देश जारी किया गया है. जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी का नंबर भी जारी किया गया है. अगर आसपास पक्षियों की मौत की सूचना मिलती है तो 947100 2879 पर यदि जानकारी दे सकते हैं.

### कर्मियों का सैंपल लिया

पटना के सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि अभी केवल कृषि अनुसंधान परिषद में ही एच-5 एन-1 वायरस (बर्ड फ्लू) के मामले सामने आए हैं. चिंता करने की अभी कोई बात नहीं है. हमलोग कृषि अनुसंधान परिषद में जो लोग हैं, उनका सैंपल लेकर टेस्ट भी करेंगे.

### जांच के लिए भोपाल भेजा सैंपल

3 किलोमीटर की दायरे में हमलोगों ने सर्वे करने का भी निर्देश दिया है. एंटीवायरस दवाइयां का भी वितरण करेंगे. कृषि अनुसंधान परिषद के पोल्ट्री फार्म में 27 फरवरी से मुर्गियों के अचानक मरने की घटना शुरू हुई. वहां के निदेशक ने इसकी सूचना दी. सैंपल एकत्र कर उसकी जांच के लिए भोपाल लैब भेजा गया. पक्षियों का इन्फ्लूएंजा सुरक्षा मानकों को अपनाते हुए दफनाया गया.

### सतर्कता जरूरी

जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी सुशांत कुमार के अनुसार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अलावे अभी तक कहीं से पक्षियों के मरने की कोई खबर नहीं आई है, लेकिन सतर्कता बरती जा रही है. पशुपालन विभाग भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. जहानाबाद में हो चुकी है पुष्टिः आपको बता दें कि इससे पहले जहानाबाद में ही बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी.

### बर्ड फ्लू और बचाव

बर्ड फ्लू मुक्त पक्षियों और खासकर मुर्गियों में फैलने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है. मनुष्य में यह सर्दी-खांसी, तेज बुखार, नाक बहने जैसे सामान्य लक्षण दिखते हैं. और सांस में परेशानी होती है. इस तरह के सिंपटम मिलने पर लोगों को डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए. मुर्गी बीमार दिखे या अचानक मौत हो तो उसके संपर्क में आने से बचना चाहिये. बीमार पक्षियों के पंख, म्यूकस या बीट को न छुए.



# मोकामा में होली मिलन समारोह का आयोजन

**पटना, एजेंसी।** मोकामा में पूर्व सांसद और राष्ट्रीय लोजपा के नेता सूरजभान सिंह की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई राजनीतिक दलों के नेता एक-साथ नजर आए। कार्यक्रम में बीजेपी नेता ललन सिंह भी पहुंचे। पूर्व सांसद सूरजभान सिंह को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पारंपरिक होली गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। सूरजभान सिंह ने इस मिलन समारोह को गैर-राजनीतिक बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ होली मिलन समारोह है। मिलने-जुलने का त्योहार है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में सब भाई-भाई हैं। कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। खुशी का माहौल है। इस बहाने लोगों से मिलना-जुलना हो जाता है।

### दल अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिन एक है

वहीं, बीजेपी नेता नेता ललन सिंह ने भी एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली में तो गैर भी गले मिलते हैं। हमारे दल अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिल एक है। चुनावी साल होने के कारण इस होली मिलन की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी हो रही है। बिहार के अन्य जिलों से भी समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व सांसद सूरजभान सिंह के समर्थक पहुंचे।

# गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र देने का आइडिया हमने दिया था: तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** 65 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर पटना में धरने पर बैठे तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा है। इसपर तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि गांधी मैदान में ज्वाइनिंग लेटर बांटने का आइडिया भी मेरा ही थी। राजद दफ्तार के बाहर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ धरने पर बैठे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 2020 के चुनाव में हमने कहा था कि सरकार बनी तो बेरोजगारी दूर करने के लिए 10 लाख सरकारी नियुक्तियां होंगी। इसके पहले कोई बेरोजगारी की चर्चा नही करता था। इसके पहले हमने बेरोजगारी मुक्ति यात्रा निकाली थी लेकिन कोरोना के कारण स्थगित करना पड़ा था। जब एनडीए की सरकार बनी तो किसी ने रोजगार पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब हमारी सरकार बनी तो पांच लाख नौकरी दी और गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बंटवाया। इसके साथ ही जातिगत गणना कराया। उस वक्त कोई प्रश्नपत्र लीक नही हुआ। स्वास्थ्य विभाग में डेढ़ लाख नौकरी की व्यवस्था की,जिस पर आजतक नही नियुक्ति हुई। तेजस्वी यादव ने भाजपा को आरक्षण,संविधान, लोकतंत्र विरोधी बताया और बजट में पलायन रोकने, गरीबी खत्म करने,



रोजगार देने की कोई चर्चा नहीं की। गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटने का आइडिया भी हमने ही दिया था,जिसको आज क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आरक्षण हुआ होता तो 51 हजार में से 8222 पिछड़े अति पिछड़े लोगों को रोजगार मिला होता। उन्होंने सवाल किया कि 9 माह तक क्यों नहीं आरक्षण को तमिलनाडु के तर्ज पर नौंवी अनुसूची में नहीं डाला गया। आरक्षण की लड़ाई को तेजस्वी लड़ेगा और इसे मुकाम तक पंहुचाएगा। इसे जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ता पहुंचाए।

# कांग्रेस नेताओं को कृष्णा अल्लावरु की चेतावनी, 31 मार्च से पहले जिलाध्यक्ष कर ले सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है. कांग्रेस भी आगामी विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने का मन बनाए हुए है. प्रदेश कांग्रेस की आज रविवार हुई बैठक में प्रदेश में सभी बूथों पर 31 मार्च तक बूथ लेवल एजेंज (बीएलए) की नियुक्ति करने का फैसला लिया गया. सदाकत आश्रम में जिला अध्यक्षों की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया.

### पटना में कांग्रेस की बैठक

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि यह 31 मार्च तक हर हाल में करना है. जो ऐसा नहीं करेंगे उनके साथ अलग से बात किया जायेगा. उन्होंने प्रदेश के सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति जल्द पूरी करने की हिदायत दी.

### नेताओं की कृष्णा की चेतावनी

प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावी राजनीति में संगठन की धार को मजबूती देने के लिए बीएलए की नियुक्ति को आधारभूत जरूरत बताया.बैठक में चुनावी रणनीति पर भी मंथन किया गया एवं जिला अध्यक्षों की परेशानियों को दूर कर उन्हें हर सुविधा से लैश करने पर जोर दिया गया. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज की बैठक बुलाई गई थी.

### 1 साल से चल रहा है काम

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कमेटी बनाने की कवायद शुरू की गई थी जिसके लिए नये सिरे से जिला अध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी. लेकिन लोकसभा चुनाव के तैयारी की विवशता के कारण सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति पूरी नहीं हो पायी थी.

### कई जिलों में काम पूरा

सभी बूथों पर बीएलओ की नियुक्ति को लेकर कई जिलों में काम पूरा भी हो चुका है. बेगूसराय, कैमूर के जिला कमेटी की सराहना की गई. डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने चुनावी राजनीति में संगठन की धार को मजबूती देने के लिए बीएलए की नियुक्ति को सबसे महत्वपूर्ण बताया.

# बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में चॉकलेट का लालच देकर 3 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते 7 मार्च की थी। अररिया का रहने वाला ये शख्स बाराती वालों के तरफ से शादी समारोह में पहुंचा था। 26 साल के शख्स ने मासूम को जलमासे में ले जाकर हवस का शिकार बनाया और बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर आरोपी वहां से भाग निकला था। घटना के 3 बाद से बच्ची की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। बच्ची का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है। मामला सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग के एना महान इलाके से जुड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शुरुआती जांच में आरोपों को सही पाया।

जिसके बाद से ही पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने छापेमारी करते हुए घेराबंदी कर आरोपी युवक को अररिया से गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक की पहचान अररिया जिले के नरपतगंज थाना कर बेलसंडी वार्ड 14 गोकुलपुर निवासी किशन उरांव के बेटे धर्मेंद्र उरांव 26 के रूप में की गई। मामले की जानकारी देते हुए एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बच्ची की मां की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने शादी समारोह में बारातियों की ओर से शादी समारोह में शरीक हुए लोगों की जानकारी जुटाई। जिसके बाद उनकी पहचान शुरू की। बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद भागते युवक को कुछ लोगों ने देखा था। इसी आधार पर बारात में शामिल इस युवक की पहचान की गई। जिसके बाद मेरे निर्देश पर सदर एसडीपीओ पंकज शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। गठित टीम ने छापेमारी कर आरोपी धर्मेन्द्र उरांव को नरपतगंज थाना की पुलिस की मदद से नरपतगंज थाना अंतर्गत मिरदौल चौक के पास सड़क से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल किया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** घटना के संबंध में बच्ची की मां ने बताया कि बच्ची अपनी मौसी की शादी में उनके साथ घर आई हुई थी। बाराती सुमठी विशनपुर से सदर थाना इलाके के एक गांव में पहुंची थी। आरोपी बाराती के तरफ से था, वो बाकी लोगों की तरह दुल्हन को तैयार करने और बाराती के स्वागत में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोपी युवक ने बच्ची को अकेला पाकर उसे चॉकलेट का लालच दिया।

## दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, समस्तीपुर में लगातार हो रही छिनतई की घटना

# घर के गेट से महिला की चेन छीनकर बदमाश फरार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के पास रविवार शाम दरवाजे पर बाइक रुकने की आवाज पर घर से बाहर निकली एक बुजुर्ग महिला का बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली। पीड़ित महिला के शिक्षक पुत्र डॉ मिथिलेश कुमार ने थाने में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार की मां इंदु वर्मा मोहनपुर रोड स्थित अपने घर पर बैठी हुई थी।

दरवाजे पर एक बाइक के आकार रुकने की आवाज पर वह बाहर निकली। बाइक सवार के बारे में जानना चाह रही थी। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा एक युवक उनकी सोने की चेन झपट लिया हालांकि इस दौरान प्रतिरोध करने पर आधी चेन इंदु वर्मा के हाथ में ही रह गई। आधी टूटी हुई चेन और उसका लॉकेट बदमाश लेकर फरार हो गए। इस दौरान शोर मचाए जाने पर आसपास के लोगों की भीड़ भीड़ जुट गई लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश मोहनपुर रोड में फरार हो गया। बदमाशों की संख्या दो बताई गई है जो एक ही बाइक पर सवार थे।



### इलाके में लगातार हो रही है छिनतई की घटना

वहीं, इस मामले में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि महिला से चेन छीनने की वारदात सामने आई है। घटना को लेकर एक आवेदन मिला है पूरे मामले की जांच की जा रही है। हालांकि शहर के मोहनपुर और आसपास के इलाके में इन दिनों छिनतई की घटना लगातार सामने आ रही है। हाल ही में मोहनपुर रोड के ही विवेक विहार मोहल्ला में पुलिस की वर्दी जैसे कपड़ा पहने बदमाशों ने भाकपा-माले की महिला नेत्री के साथ छिनतई की घटना को अंजाम दिया था।

# जेल में पढ़कर पास की बीपीएससी परीक्षा, हथकड़ी लगे हाथों से लिया ज्वाइनिंग लेटर



**गया, एजेंसी।** बिहार में रविवार को 51389 निवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है. गया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने 1940 बीपीएससी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. नियुक्ति पत्र लेने वालों में एक ऐसा भी सफल अभ्यर्थी शामिल था, जिसने पटना की बेऊर जेल में रहकर पढ़ाई की और सफलता भी पाई. नियुक्ति पत्र लेने के लिए उसको हथकड़ी लगी हालत में ही बोधगया लाया गया था. कड़ी निगरानी के बीच उसने हथकड़ी लगे हाथों से ही ज्वाइनिंग लेटर प्राप्त किया.

**बेऊर में पढ़ाई, हथकड़ी में लिया ज्वाइनिंग लेटर:** 1940 बीपीएससी शिक्षकों के बीच विपिन कुमार पर सब की निगाहें टिकी रही, क्योंकि विपिन कुमार के हाथों में हथकड़ी लगी थी और इस हालत में पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच महाबोधि संस्कृति केंद्र में नियुक्ति पत्र लेने को लाया गया था. नियुक्ति पत्र पाने के बाद विपिन कुमार ने बताया कि वह जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के एरकी गांव का रहने वाला है. जेल में रहकर ही 18 महीने तक पढ़ाई की और सफलता हासिल की.

**क्यों जाना पड़ा जेल?:** विपिन ने बताया कि वह पटना के दानापुर में एक प्राइवेट कोचिंग चलाता था. किसी बात को लेकर एक छात्रा को पीट दिया था, जिसके बाद मुझे गलत आरोप लगाकर फंसा दिया गया था. इस मामले में 18 महीने से बेऊर जेल में बंद हैं. जेल में ही में रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करता था. नियुक्ति पत्र मिलने से काफी खुशी है. उसने आरोप लगाया कि एक कोचिंग संचालक ने छात्रा से गलत आरोप लगाकर मुझे फंसवा दिया गया. डेढ़ साल पहले एक नाबालिक छात्रा ने मेरे खिलाफ दानापुर थाने में मामला दर्ज कराया था. गिरफ्तारी के बाद मैं पटना की बेऊर जेल में रहते हुए ही तैयारी की और सफलता प्राप्त की. शिक्षत नियुक्ति पत्र मिलने से खुश हूं, पहले प्राइवेट टीचर था लेकिन अब सरकारी शिक्षक बन गया.

**सामान्य विषय में हुआ है चयन:** रविवार को गया में शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मंत्री नीतीश मिश्रा ने विपिन को भी नियुक्ति पत्र सौंपा. विद्यालय अध्यापक पद के सामान्य विषय के लिए उसका चयन हुआ है. वह पोक्सो एक्ट का आरोपी है और 18 महीने से पटना स्थित बेऊर जेल में बंद है. वहीं, नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया.

# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पर जमुई में धूम

### देर रात तक चली आतिशबाजी, लोगों ने नाचते-गाते मनाया जीत का जश्न



**जमुई, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। 12 साल बाद जमुई में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर पटाखे फोड़े, नाचते-गाते हुए खुशी मनाई। मैच खत्म होते ही शहर के कई हिस्सों में लोगों ने सड़कों पर उतरकर भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाया। स्थानीय निवासी हर्षित सिंह ने बताया कि ÷यह जीत हमारे लिए गर्व का क्षण है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और एक बार फिर साबित कर दिया कि हम क्रिकेट के असली चैंपियन हैं। वहीं, क्रिकेट प्रेमी सोनू सिंह ने कहा कि यह खुशी का पल है जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। बता दे न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए।

जवाब में, भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस जीत के बाद जमुई के विभिन्न मोहल्लों में भी जश्न का माहौल रहा। सोशल मीडिया पर भी स्थानीय लोगों ने इस ऐतिहासिक जीत को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। भारत की इस जीत ने न केवल देश बल्कि जमुई के क्रिकेट प्रेमियों को भी गौरवान्वित किया है। अब सभी की नजरें आने वाले टूर्नामेंट्स पर हैं, जहां भारतीय टीम से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी।क्रिकेट प्रेमियों ने भारत माता की जय के खूब नारे लगाए।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 10-03-2025 21:54 Page 1



# देश में बना एकलौता बिहार का डिजिटल बापू टावर



▸ टच स्क्रीन पर खुद ले सकेंगे जानकारी

▸ महात्मा गांधी के घर का दिया गया है रूप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*पटना। राजधानी पटना के बीचों-बीच बना बापू टावर आज न सिर्फ पटना बल्कि पूरे भारत के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस आधुनिक युग में पूरी तरह से डिजिटल युक्त है, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी से जुडी लगभग सारी घटनाएं और जानकारियां तस्वीर, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो के जरिये दिखलाई गई है, जिससे लोग प्रेरणा ले सकेंगे। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे उन्होंने महात्मा गांधी के 150 वें जयंती पर 2 अक्टूबर 2024 को लोकार्पण किया था।*

*बापू टावर 129 करोड़ की लागत से बना है। यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित देश में इस तरह का यह पहला टावर है। 7 एकड़ में फैले 6 मंजिल और 120 फीट उंचाई वाला टावर पूरी तरह डिजिटलयुक्त है। 7 एकड़ में एक एकड़ में यह टावर है, जबकि 6 एकड़ में इसका कैंपस है। इस कैंपस में पार्किंग की पूरी व्यवस्था है, जिसमें एक बार में 135 से 150 दो पहिया वाहन, 60 से 70 कार और 6 बस लगने की जगह है। कैंपस में प्रवेश करने के लिए एक टिकट काउंटर बनाया गया है, जिसमें एक न्यूनतम राशि निर्धारित की गई है। दिव्यांगों को घुमने के लिए एक अलग व्यवस्था की गई है।*

*बापू टावर मुख्य रूप से दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक हिस्सा आयताकार है, जबकि दूसरा हिस्सा गोलाकार है। आयताकार हिस्से में तीन एग्जिबिशन गैलरी, ऑडिटोरियम, वेटिंग रूम, एक दुकान और कैंटीन हैं। चार लिफ्ट बनाए गए हैं, जिसके द्वारा नीचे से ऊपर जाया जाता है। 120 फीट ऊंचे गोलाकार भवन में ऊपर जाने के लिए पांच रैंप बनाए गए हैं। इस भवन में तस्वीर, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो के द्वारा महात्मा गांधी से जुड़ी सारी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसे देखने के बाद लोग प्रेरणा ले सकेंगे। इसके अलावा कट आउट भी है। सबसे कमाल इसमें लगे स्क्रीन प्रोजेक्टर का है, जिसके द्वारा महात्मा गांधी से जुड़ी हर उन बातों की जानकारी दी जा रही है। गोलाकार भवन में 60 व्यक्तियों की क्षमता वाले ऑडिटेंशन हॉल भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महात्मा गांधी के 150 वें जयंती पर बापू टावर के रूप में बिहार वासियों के लिए एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं।*

*इस संबंध में भवन निर्माण विभाग के सचिव और आईएएस अधिकारी कुमार रवि ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह निर्णय लिया था कि एक ऐसा टावर बनाया जायेगा जो गांधी जी के विचारों को उनके जीवन सिद्धांतों को बिहार में उनके योगदान की चर्चा करेगा। इसके डिजाईन की दो तीन खूबसूरती है।*

*पहला यह है कि आपको लगेगा कि यह जमीन के नीचे से निकल रहा है और धीरे धीरे बड़ा होते जा रहा है। इसके अन्दर जो रैंप है, उसमें म्यूजियम है। इस तरह से इसकी आकृति बनाई गई है।*

*भवन निर्माण विभाग के सचिव और आईएएस अधिकारी कुमार रवि ने बताया कि बापू टावर के शंकानुमा आकृति के भवन पर तांबा लगाया गया है। तांबा सांस्कृतिक रूप से शुद्ध माना जाता है और इसकी लाइफ बहुत बड़ी है। इसका यह भी फायदा है कि इसका रंग वातावरण के साथ अभिक्रिया कर इसका रंग भी बदलता है। इसको देखते हुए इसके आवरण पर लगभग 40 टन तांबा को लगाया गया है। यह दिखाएगा कि महात्मा गाँधी के विचारों की की चिरंतता इतनी ज्यादा है और कई हजार वर्षों तक उनके विचार, उनके सिद्धांत और मूल्य हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। दूसरी बात यह है कि इसका रंग और भी अधिक बदलेगा, आकरशक होगा, प्रासंगिक होगा, लेकिन तांबे का मूल स्वरुप नहीं बदलेगा। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि यह दिखाता है कि महात्मा गाँधी का मूल स्वरुप पूरे मानवता के लिए परिवर्तित नहीं होगा, लेकिन समय के साथ परिवेश में जो आधुनिकता आती है, उसे भी यह दिखाएगा।*

*महात्मा गाँधी को लेकर म्यूजियम बनाया गया है, इसको डिजिटल के साथ साथ तस्वीर, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो के माध्यम से दिखलाया गया है, जिसको देखने के बाद लोग आसानी से उनके बारे में जान और समझ पायेंगे या अपने मन मष्तिष्क में उतार पायेंगे। यह न सिर्फ में बल्कि देश का पहला और अनूठा म्यूजियम है।*

*बापू टावर की अवधारणा यह है कि इसे बच्चों को भी आसानी से समझ में आ सके। रिसर्च करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह ध्यान रखा गया है कि उन्हें महात्मा गाँधी के संबंध में समग्र जानकारी तो मिले ही, लेकिन यह जानकारी किस स्त्रोत से उन्हें मिल रही है, इस बात की भी जानकारी उन्हें रहे।ल्ल सारी बातों का बखूबी ख्याल रखा गया है। उनके लिए महात्मा गाँधी के भाषण, उनकी जीवन से जुडी हर घटनाओं से संबंधित जानकारियां, उनके जीवन की बिहार से जुडी सभी तरह की जानकारियों को इस तरह से दशार्या गया है कि उसके मूल स्त्रोतों को भी डिजिटल के माध्यम से रखा गया है ताकि वह ज्यादा से ज्यादा जानकारियां इकट्ठा कर सकें।*

*इस संबंध में जानकारी देते हुए बापू टावर के डायरेक्टर विनय कुमार ने बताया कि 120 फीट ऊंचे गोलाकार भवन में ऊपर जाने के लिए पांच रैंप बनाए गए हैं। इस भवन में तस्वीर, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो के द्वारा महात्मा गांधी से जुड़ी सारी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें डिजिटल टच स्क्रीन भी आकर्षण का केंद्र है। रैंप पर तस्वीरों और मूर्तियों के साथ-साथ लिखित रूप से जानकारी देने वाली टच स्क्रीन लगा हुआ है, जसके माध्यम से कोई भी उस तस्वीर या वीडियो से संबंधित लिखित जानकारियों को पढ़ सकता है। यह हिंदी और अंगेजी दोनों में उपलब्ध है।*

*महात्मा गाँधी से जुड़ी वह बातें, जो पोरबंदर में उनके साथ घटित हुई, उससे जुड़ी कई कहानियों को भी दिखलाया गया है। इन कहानियों में भी तस्वीर, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो का प्रयोग किया गया है। इसमें खास बात यह है कि उन तस्वीरों, म्यूरल्सकट आउट, मेनीक्यून और डिजिटल वीडियो का बैकग्राउंड उनके घर की तरह दिखता है, जो हरे रंग का है।*

*बापू टावर में वक सभागार भी है जिसका उपयोग आम लोग अपने निजी कार्यक्रम को करने के लिए आरक्षित कर सकते हैं। इस सभागार में 160 सीट हैं। इस सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा सकते हैं। इसमें सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के कार्यक्रम भी किये जा सकते हैं। इसमें राजनीतिक कार्यक्रम करने की मनाही है। इसको आरक्षित करने के लिए एक शुल्क का निर्धारण किया गया है , जिसे अदा करने के बाद सभागार को आरक्षित किया जा सकता है।*

# मधुमक्खी पालन के नाम पर किसानों से धोखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** कृषि विभाग से संबद्ध उद्यान से जुड़े मधुमक्खी पालन के नाम पर किसानों से धोखा किए जाने का मामला सामने आया है।

इसको लेकर पीड़ित किसानों ने जिला पदाधिकारी को सामूहिक आवेदन देकर मामले की जांच कराने और दोषी कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

इस गड़बड़ी में किसानों ने उद्यान संभाग के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अरविंद गोप पर आरोप लगाया है। अरविंद गोप जिला के घाटकुसुंभा प्रखंड में कार्यरत हैं तथा जिला पदाधिकारी से शिकायत करने वाले किसान भी घाटकुसुंभा के बेलौनी पंचायत के रहने वाले हैं।

इस मामले में जिला कृषि पदाधिकारी सुजाता कुमारी ने बताया उनेक पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। यह मामला उद्यान संभाग से जुड़ा है। अगर शिकायत आई तो, इसकी जांच कराई जाएगी।

फोन पर उद्यान के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अरविंद गोप ने किसानों के आरोप को गलत बताते हुए कहा

## पीड़ित किसानों ने दिया सामूहिक आवेदन

किसानों को सभी तरह की सामाग्री मिल चुकी है। किसान अपने खाते में रुपये मांगते हैं, जिसे सरकार ने बंद कर दिया है।

बेलौनी के किसानों संजय राम, घनश्याम राम, देवनंदन पासवान, कौशल पासवान और सुदामा कुमार ने जिला पदाधिकारी को दिए सामूहिक आवेदन में कहा है कि मधुमक्खी पालन की योजना के तहत इन लोगों ने 18 जनवरी 2023 से 20 जनवरी 2023 तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण लिया था। प्रशिक्षण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ने 90 प्रतिशत अनुदान पर मधुमक्खी पालन का बक्सा और मधु निकालने की मशीन देने की बात कही थी।

तकनीकी प्रबंधक ने बक्सा और मशीन के साथ किसानों का फोटो भी खिंचवाया, मगर आज तक यह सामाग्री नहीं मिली। किसानों ने आशंका जताई है कि बिना सामाग्री दिए अनुदान की राशि निकाल ली गई है।

उधर, शेखपुरा जिला में किसानों की समस्या पर 20 मार्च को बड़ा आंदोलन होगा। इस आंदोलन की



घोषणा सोमवार को सीपीआई तथा सीपीएम की संयुक्त बैठक में की गई।

सीपीआई कार्यालय में हुई बैठक में दोनों दलों के प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सीपीआई के वरिष्ठ नेता चंद्रभूषण प्रसाद ने की।

बैठक की जानकारी देते हुए सीपीआई के जिला सचिव प्रभात कुमार पांडे ने बताया बैठक में दोनों दलों के लोगों ने जिला में किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं पर गहन चिंतन किया। इसी को लेकर 20 मार्च को जिला समाहरणालय पर बड़ा प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

## हिंदी की जगह उर्दू में प्रार्थना

# वीडियो बनाने वाले शिक्षक की पिटाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के कोंच प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, जमालपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शबिहा खातून द्वारा विद्यालय में हिंदी की जगह उर्दू में प्रार्थना कराने का वीडियो बनाने वाले शिक्षक की शनिवार को विद्यालय परिसर में कुछ लोगों द्वारा पिटाई करने का मामला सामने आया है।

बच्चे एवं शिक्षकों की उपस्थिति में शिक्षक की पिटाई की गई। पीड़ित शिक्षक अजय कुमार सिंह ने रविवार को आंती थाने में मारपीट करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। स्कूल में पिछले एक वर्ष से यही प्रार्थना कराई जा रही है।

राजकीय मध्य विद्यालय, जमालपुर में पदस्थापित शिक्षक अजय कुमार सिंह का कहना है कि पूर्व से विद्यालय में हिंदी में चेतना सत्र व प्रार्थना होती थी।

फिलहाल स्नातक शिक्षिका शबिहा खातून मध्य विद्यालय, जमालपुर में पदस्थापित हैं। वह मध्य विद्यालय, आंती से स्थानांतरित होकर आई हैं। अभी स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका हैं।

वे चेतना सत्र एवं प्रार्थना हिंदी की जगह उर्दू में कराती हैं। शनिवार की दोपहर क्लास लेने के बाद अजय कुमार स्कूल के बरामदे में बैठे थे। इसी दौरान नौ लोग आए और उनका नाम पूछते हुए कहा कि शनिवार को प्रार्थना का वीडियो बनाए हैं? जवाब में उन्होंने हां कहा। इतना बोलते ही वे उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे।

इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शिक्षक के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें जमालपुर निवासी मो. शोहराब, मो. जावेद, मो. ओबैद, मो. राशिद, मो. नन्हकू, मो. माजिद, मो. एहसान, मो. जिशान एवं मो. कैफ को आरोपित बनाया गया है।

# जीविका दीदियों की बढ़ी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के छोटे-बड़े सभी किसानों को ड्रोन के माध्यम से फसलों में किटनाशक-उवर्रक आदि के छिड़काव की सुविधा मिलेगी।

इसके लिए जीविका दीदियों को भी इस योजना से जोड़ा गया है। जीविका दीदियां ड्रोन भी उड़ाएंगी। विधानपरिषद में डॉ. संजीव कुमार सिंह और नीरज कुमार के प्रश्न के उत्तर में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य में 53 हजार 400 एकड़ खेतों में ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध 16 हजार एकड़ से अधिक में छिड़काव किया जा चुका है।

इसी प्रश्न के दौरान राजद के सुनिल कुमार सिंह ने अब तक इस कार्य के लिए हुई ड्रोन खरीद के आंकड़े मांगे, इसको लेकर कुछ देर तक पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामे जैसी स्थिति भी रही।

इस पर मंत्री ने बताया कि 201 ड्रोन का वितरण अभी तक किया गया है। मंत्री ने बताया कि राज्य के 101 अनुमंडल में 2026 तक 202 कृषि क्लिनिक खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जहां फल समेत अन्य फसलों में लगने वाले रोगों का उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 39 कृषि क्लिनिक की स्थापना की जा चुकी है।सौरभ कुमार के तारांकित प्रश्न के उत्तर में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि मनरेगा की मजदूरी बढ़कर 245 रुपये हुई है। केंद्र सरकार से भी मजदूरी बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

जीविका बिहार में महिला सशक्तीकरण की मिशाल बन चुकी है। बिहार में सर्वाधिक कृषि से जुड़े स्वरोजगार से 35 लाख 89 हजार जीविका दीदियां आत्मनिर्भर बन चुकी है।

कृषि विभाग से समन्वय कर अबतक 515 कस्टम हायरिंग केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में 5 हजार 178 कृषि उद्यम की स्थापना की गई है।

वहीं, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सहयोग से समेकित मुर्गी विकास के अलावा समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना के तहत 8.09 लाख परिवारों को मुर्गीपालन एवं बकरीपालन से जोड़ा गया है।

## मुखिया सहित पांच को उम्र कैद

**बेगूसराय।** हत्या के एक मामले में तीन साल बाद पूर्व मुखिया समेत पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंचल कुमार तिवारी ने अपहरण और हत्या के मामले में यह सजा सुनाई है। सभी आरोपियों पर सजा के साथ-साथ आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। मामला तेघरा थाना क्षेत्र का है। यह घटना 13 जुलाई 2022 को पिढौली दियारा में हत्या हुई थी। नर-कंकाल मिलने के बाद सूचक ने शव की पहचान की थी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंचल कुमार तिवारी ने अपहरण और हत्या के मामले में पूर्व मुखिया रामनिवास चौधरी समेत पांच को दोषी करार दिया। दुलारपुर निवासी रामनिवास चौधरी के साथ अमरेश सिंह, निगम सिंह, रणजीत सिंह और मुन्ना सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 364 और 34 के तहत दोषी पाया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांचों को धारा 302/34 में आजीवन कारावास और 3 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। धारा 364/34 में भी दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास और 1000 रुपये जुर्माने की सजा दी गई।

# नेपाल से आये जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**किशनगंज।** नेपाल के जंगलों से भटके हुए जंगली हाथियों का झुंड किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड के गांवों में कहर बरपाते हुए घुस आया। लगभग नौ हाथियों का यह झुंड आठगाछिया पंचायत के गोरुमारा और टंगटंगी गांव पहुंचा और खेतों में घुसकर करीब 10 बीघा मक्का की फसल को पूरी तरह रौंद डाला। सोमवार सुबह तक ये हाथी इलाके में ही डटे रहे, जिससे किसानों में भारी दहशत का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, हाथियों ने खेतों में लगी मक्के की फसल को खा भी लिया और अपने पैरों तले कुचलकर बर्बाद भी कर दिया। मिस्टर आलम, नईम आलम, महबूब आलम, चंदन कुमार गणेश, महेंद्र लाल गणेश और जलाबो समेत कई किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित किसान बुरी तरह परेशान हैं और सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले ढाई महीने से हाथियों की इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस बार भी सोमवार सुबह 10 बजे तक प्रशासन की ओर से कोई सक्रियता नहीं दिखाई दी, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

वर्तमान में हाथियों का झुंड किसान महेंद्र लाल गणेश के खेत में बैठा हुआ है, जिससे गांव के लोग काफी



भयभीत हैं। कई ग्रामीण घरों से निकलने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन को सूचना दी है, लेकिन हाथियों को हटाने की प्रक्रिया में देरी हो रही है। इस घटना को लेकर रेंज अधिकारी अंशुमन कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। अभी हाथियों को छेड़ना उचित नहीं होगा। शाम होने के बाद स्थिति के अनुसार हाथियों को हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और किसी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

फसल की बबार्दी के साथ-साथ लोगों में अब अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों की लगातार आवाजाही पर रोक लगाने के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। साथ ही पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की गुहार भी लगाई है।

# महागठबंधन में शामिल होंगे मुकेश सहनी?

## दो दिवसीय राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की दो दिवसीय राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को वाल्मीकिनगर स्थित कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुई। पार्टी के संस्थापक और पूर्व मंत्री व अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित किया।

कार्यक्रम में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर, शहीद जुब्बा सहनी और फूलन देवी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

पहले दिन बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के संस्थापक व पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने कहा कि हमारा संगठन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है और मजबूत हो रहा है। इस साल हम सभी के लिए 'अग्नि परीक्षा' है। इस साल आने वाला चुनाव हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से 2025 की लड़ाई को लेकर सभी लोग इस बैठक में अपनी बात रखेंगे।

उन्होंने कहा कि बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी होगा। सभी बातों पर चर्चा की जाएगी और फिर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गलतियां हमसे भी हो सकती हैं और आपसे भी, लेकिन उससे आगे बढ़कर हमें नए सिरे से संघर्ष करने के लिए विचार करना होगा और हमें लक्ष्य भी प्राप्त करना होगा।

उन्होंने कहा कि सही अर्थों में हमारी पार्टी की नीति और प्राथमिकता गरीबों का कल्याण रही है। यह पार्टी गरीबों की आवाज बनने वाली पार्टी है। हमें बाबा साहेब के सपनों को पूरा करना है, जिसमें समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। आज राजनीति में काफी बदलाव आया है, हमें भी अन्य दलों से मुकाबला करने के लिए वैसे ही बदलाव लाना होगा। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति व बिहार के प्रदेश अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

पत्रकारों से बातचीत में सहनी ने कहा कि इस बार मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। एनडीए के साथ नहीं हैं और कभी उनके साथ जाना भी नहीं है। अगर हम समर्थन नहीं देते तो 2020 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनते।

उनकी मुख्य लड़ाई निषाद के आरक्षण की है। जिस पर मोदी सरकार ने चर्चा नहीं की। सहनी ने कहा, 2024 में संकल्प लिया था कि आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं। उस संकल्प के साथ चल रहे हैं। इस बार मजबूती के साथ महागठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे और सरकार बनाएंगे।

बैठक में उत्तर प्रदेश, झारखंड व बिहार के सभी जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी आए थे। मंच पर बैठे प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान मुजफ्फरपुर व अन्य जिलों से आई महिलाओं व अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## कोर्ट ने दी पवन सिंह को बड़ी राहत



**रोहतास।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय ने सोमवार को भोजपुरी सिनेमा के अभिनेता पवन सिंह को आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में बरी कर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 में निर्दलीय प्रत्याशी रहे पवन सिंह के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में चार मामला दर्ज हुआ था। सोमवार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। लोकसभा चुनाव के दौरान पवन सिंह पर आरोप लगा था कि उन्होंने निर्धारित से अधिक वाहनों के काफिले के साथ चुनाव प्रचार किया था। इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मान पर उन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। संझौली थाने में अंचल अधिकारी की शिकायत पर उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

# तलाकशुदा महिला का डाक्टर ने किया यौन शोषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक तलाकशुदा महिला के साथ एक ग्रामीण चिकित्सक ने शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक यौन शोषण किया। मामला तब और गंभीर हो गया जब महिला के गर्भवती होने पर आरोपी युवक ने जबरन उसका गर्भपात करवा दिया। अब आरोपी युवक महिला को हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने इस पूरे मामले को लेकर मुजफ्फरपुर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दिए गए अपने बयान में बताया कि वह करजा थाना क्षेत्र की निवासी है। वर्ष 2019 में उसकी शादी नेपाल के रौतहट जिले के एक युवक से हुई थी।

तीन वर्षों तक वैवाहिक जीवन बिताने के बाद 2022 में पति से तलाक हो गया। इसके बाद वह अपनी बेटी को लेकर मायके लौट आई और यहीं रहने लगी।

इसी दौरान गांव में एक ग्रामीण चिकित्सक, जो बच्ची के इलाज के सिलसिले में आता-जाता था, उससे बातचीत बढ़ाने लगा। धीरे-धीरे संबंध गहरे हुए और चिकित्सक ने शादी का प्रस्ताव देकर विश्वास जीत लिया। महिला ने बताया कि आरोपी ने वादा किया कि वह उसे जीवन भर साथ रखेगा और कोई तकलीफ नहीं होने देगा। इसी भरोसे में महिला उसके करीब आ गई और दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनने लगे।

महिला का आरोप है कि 2023 में वह गर्भवती हो गई और जब उसने आरोपी से शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी उसे एक निजी नर्सिंग होम ले गया और जबरन गर्भपात करवा दिया। इसके बाद उसका व्यवहार बदल गया और अब वह लगातार हत्या की धमकी देने लगा है, जिससे डरी-सहमी पीड़िता कुछ समय के लिए अपने नाना के घर शरण लेने को मजबूर हो गई।

# पांच क्रेशर प्लांटों का खनन पदाधिकारी ने लाइसेंस किया रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंदिनीनगर (पलामू)** । छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर चराई रोड में वन क्षेत्रों में अवैध खनन करने वाले पांच क्रशर संचालकों का खनन पदाधिकारी ने लाइसेंस को रद्द कर दिया है। बताते चलें कि पिछले दिनों जांच के क्रम में पत्थर खनन माफियाओं व माइंस संचालकों ने छतरपुर रेंजर नवनीत कुमार के रास्ता को हाइवा लगाकर जांच को रोका गया था। रेंजर नवनीत कुमार की शिकायत पर जिला खनन पदाधिकारी ने छतरपुर के चराई रोड स्थित पांच क्रशर प्लांट पर कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिया। इस संबंध में छतरपुर अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार ने सोमवार को पत्र जारी करते हुए छतरपुर अंचल क्षेत्र में क्रशरों के संचालन के दौरान मानको को पूरा नहीं करने के बाद पांच



पट्टाधारियों के लाइसेंस रद्द करने संबंधी पत्र जारी किया है। इस संबंध में उपेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जांच के क्रम में यह पाया गया कि छतरपुर में क्रशर पट्टाधरी मानक पर खरा नहीं उतर रहे हैं। उसके बाद वैष्णो माता कंस्ट्रक्शन, जय मां सतचंडी कंस्ट्रक्शन, मां स्टोन क्रेशर, महादेव स्टोन चिप्स, क्रेशर का निबंध रद्द कर दिया गया है। बताया कि इनके विरुद्ध करवाई की गई है। क्रशर को सील कर दिया गया है।

## नमाज पढ़कर लौट रहे व्यक्ति की हत्या

**मोतिहारी।** जिले में एक बार फिर बेखौफ अपराधियों ने तांडव मचाया है। यहां रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत स्थित आर्यानगर में देर रात तरावीह की नमाज पढ़कर लौट रहे एक व्यक्ति की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान शेख नरेन के रूप में हुई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और स्थानीय लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, शेख नरेन रोजे के महीने में तरावीह की नमाज अदा करने के बाद देर रात घर लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए दो अज्ञात अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वे वहीं गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी की आवाज सुनकर आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

## 30 लोग गिरफ्तार

**शेखपुरा।** पिछले 24 घंटे में पुलिस ने जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करके 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार इस कार्रवाई में 13 लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है।

# बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने मासूम को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुंगेर जिले के साफियाबाद थाना क्षेत्र के डकरा सतखजुरिया गांव में सोमवार को एक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। बालू लदा एक अनियंत्रित ट्रक तेज रफ्तार में दौड़ते हुए एक साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे हेमंक को कुचलते हुए निकल गया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दोपहर में हुआ, जब लखीसराय की ओर से आ रहा ट्रक मुंगेर की तरफ बढ़ रहा था।

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ट्रक को नियंत्रित नहीं कर सका और बच्चा उसकी चपेट में आ गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक एक सड़क किनारे पोल से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर और खलासी की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही साफियाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइवर व खलासी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक, घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली शोक में डूबे मृतक के परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और तीन घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। गर्मी और ट्रैफिक की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक तकलीफ बुजुर्गों और बच्चों को हुई। ग्रामीणों ने बताया कि हेमंक दो बहनों का इकलौता छोटा भाई था। उसके पिता हेमंत मंडल परदेश में मजदूरी करते हैं। घटना की खबर सुनकर परिवार पूरी तरह सदमे में है। परिजन बेसुध हो चुके हैं और किसी भी सवाल का जवाब देने की हालत में नहीं हैं।

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। साफियाबाद थाना क्षेत्र में यह चार दिनों के भीतर तीसरी सड़क दुर्घटना है, जिसमें जान गई है। इससे पहले गुरुवार को सिघिया महमदपुर में ठेला चालक रामचरित्र चौधरी, शुक्रवार को राबिया खातून और रविवार को अब हेमंक की मौत ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

# कई अधिकारी हुए इधर से उधर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** आगामी विधान सभा चुनाव को होने में अभी कई महीने बाकी हैं। इस बीच विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पदाधिकारियों का तबादला शुरू हो गया है।

इसी कड़ी में रविवार को बक्सर साइबर थाना की थानाध्यक्ष डीएसपी रजिया सुल्तान समेत दो डीएसपी रैंक के अधिकारी का बक्सर से तबादला हो गया।

बिहार सरकार के गृह विभाग से इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार, लिस्ट में राज्य के कुल 45 डीएसपी रैंक के अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से नए जिलों में योगदान का आदेश जारी किया गया है।

जारी की गई सूची के अनुसार बक्सर साइबर थाना की थानाध्यक्ष रजिया सुल्तान को बक्सर से अररिया तबादला करते हुए उन्हें वहां के साइबर थाना की कमान सौंपी गई है।

इसके अलावा डुमरांव स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल-4 के डीएसपी विनोद राम का तबादला

## चुनावी वर्ष का दिख रहा असर

करते हुए उन्हें पुलिस उपाधीक्षक उच्च न्यायालय सुरक्षा पटना की कमान सौंपी गई है।

तबादला किए गए दोनों अधिकारियों के स्थान पर अभी किसी की पोस्टिंग किए जाने की सूचना नहीं है।

रविवार को सरकार ने दो आइपीएस समेत 108 डीएसपी के तबादले कर दिए गए। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार, सरकार के कई विभागों के साथ ही तबादला किए गए डीएसपी को विभिन्न विभागों के साथ ही अनुमंडलों में एसडीपीओ के रूप में तैनात किया गया है।

जिन दो आइपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं उनमें रक्षा वाहिनी के समादेष्टा राजीव रंजन-1 को पुलिस अधीक्षक विधि-व्यवस्था बनाया गया है। जबकि विशाल शर्मा जो कि सहायक पुलिस महानिरीक्षक कल्याण थे उन्हें अपर निदेशक सह सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी पटना के पद पर तैनात किया गया है।

डीएसपी के रूप में तैनत किए गए अधिकारियों में अनीषा राणा को अपराध अनुसंधान पटना में डीएसपी बनाया गया है।

आयुष श्रीवास्तव को आतंवाद निरोधक दस्ता, निशांत गौरव को एसटीएफ, आकाश कुमार,संतोष कुमार पोद्दार, ईशा गुप्ता, मो. आसिफ आलम, पवन कुमार यादव, मो. अजहरुद्दीन, मनीषा बेबी, कामिनी कौशल, पूजा विश्वास को अपराध अनुसंधान में तैनात किया गया है।

पंकज कुमार, दिलीप कुमार आर्थिक अपराध में डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार अभिनव परासर, चंदन कुमार ठाकुर, हिमांशु कुमार, आलोक कुमार, कनिष्क श्रीवास्तव,फैज आजम सबा, अनपेश नारायण, गौरव कुमार यादव, वसीम फिरोज, अंकुर कुमार को साइबर क्राइम में तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस के हत्थे चढ़े दो शराब तस्कर, चकमा देकर दो भागे

**पडरौना , एजेंसी।** होली नजदीक आते ही शराब तस्करी तेज हो गई है। पुलिस की सक्रियता के बाद तस्कर तू डाल डाल तो मैं पात पात की तर्ज पर काम कर रहे हैं। खड्डा पुलिस ने एक पिकअप और बाइक समेत दो अंतरराज्यीय शराब तस्कर को रविवार को दबोच लिया, जबकि पुलिस के सामने से ही लाइनर की भूमिका निभाने वाले दो तस्कर भाग निकले।

पुलिस की पूछताछ में दबोचे गए तस्करों ने कई अहम जानकारियां दी हैं। इस पर पुलिस काम कर रही है। खड्डा थाना क्षेत्र के बरवारतनपुर के पास स्वाट टीम और खड्डा पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी।

इस बीच आए पिकअप को पुलिस ने रोका और उसमें सवार दो तस्करों को दबोच लिया, जबकि चालक और लाइनर मौके से फरार हो गए। पुलिस की पूछताछ में तस्करों ने तस्करी के खेल में शामिल कई लोगों का नाम बताया है, जो बार्डर क्षेत्र और बिहार प्रांत के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, अलग-अलग ब्रांड की 113 पेटी अंग्रेजी शराब, तस्करी के इस्तेमाल होने वाली बाइक, पिकअप को बरामद किया। पिकअप पर देवरिया जिले का नंबर है, जबकि बाइक पर कुशीनगर का नंबर है। वाहन चालकों की मदद से पुलिस तस्करों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने तस्करों की पहचान गुड्डू उर्फ कौशल किशोर निवासी बंधू छपरा थाना खड्डा और नीरज कुमार निवासी नरकटिया थाना शिकारपुर जनपद बेतिया बिहार के रूप में की। इस बाबत हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### नमाना भाड़ा वसूला तो कोल्ड स्टोरेज के खिलाफ होगा आंदोलन

**छिबरामऊ , एजेंसी।** विशुनगढ़ रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में रविवार को भाकियू औनू गुट की किसान पंचायत हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सभी कोल्ड स्टोरेजों में समान भाड़ा निर्धारित किया जाए। किसानों से मनमाना भाड़ा वसूलना बंद किया जाए। अन्यथा अधिक भाड़ा वसूलने वाले कोल्ड स्टोरेजों में ही किसान पंचायतें होंगी। संगठन किसानों की मेहनत की कमाई लुटने नहीं देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि खाद, बीज व कीटनाशक की कालाबाजारी होने से किसानों को अधिक मूल्य अदा करने पड़ते हैं। प्रशासन सब कुछ जानते हुए कार्रवाई करने की बजाय हाथ पर हाथ धरे बैठा है। वहीं, ग्रामीण इलाकों में रोस्टर के मुताबिक बिजली न मिलने से सिंचाई कार्य भी प्रभावित रहता है। सिंचाई के अभाव में पैदावार प्रभावित होती और किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि शीघ्र ही व्यवस्थाओं में सुधार न हुआ तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन शुरू करेगा। इससे पहले जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के नेतृत्व में किसान नेताओं ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सौरिख कट पर पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूलमालाओं से स्वागत किया। काफिले के साथ विशुनगढ़ रोड स्थित निजी कोल्ड स्टोरेज पहुंचकर अमित यादव को प्रदेश महासचिव, अनुज दुबे युवा मंडल अध्यक्ष, लोकेश खंडेलवाल मंडल उपाध्यक्ष कानपुर मनोनीत किया।

### आठ लाख का नकली पेयजल से भरा ट्रक पकड़ा

**गुरसहायगंज , एजेंसी।** हरिद्वार से नकली पेय पदार्थ की 1540 पेटी लेकर चले ट्रक को पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया। 740 पेटी समधन में नावेद की दुकान पर उतरनी थी। 800 पेटी उन्नाव में उतरनी थी। वरुण बेवरेज लिमिटेड के सेल्स मैनेजर हरिमोहन वर्मा ने अभियोग पंजीकृत करने के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे को सूचना मिली कि समधन में नावेद की दुकान पर नकली पेय पदार्थ का ट्रक उतार रहा है। सूचना पर पहुंचे समधन चौकी इंचार्ज राजेश प्रताप सिंह ने ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया है। 300 पेटी दुकान पर उतर चुकी थी। शेष माल के साथ पुलिस ट्रक लेकर कोतवाली आ गई।

# होली पर अलर्ट: बरेली में जुमे की नमाज पर होगी ड्रोन से निगरानी

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



**बरेली, एजेंसी।** होली पर्व और जुमा की नमाज एक ही दिन होने की वजह से पुलिस प्रशासन फूंक-फूंककर कदम रख रहा है। बरेली के एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार रात ऑनलाइन मीटिंग के जरिये समीक्षा बैठक कर अधिकारियों और थानेदारों को निर्देश दिए। भीड़ वाले इलाकों व संवेदनशील क्षेत्र में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से निगरानी की जाए। कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में क्लस्टर मोबाइल टीम तैनात की जाएंगी ताकि किसी भी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार रात 11 बजे ऑनलाइन मीटिंग शुरू की वह रात दो बजे तक चली। इसमें जिले के सभी एसपी, सीओ, सीओ एलआईयू, सीएफओ व सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने कहा कि होली और जुमे की नमाज के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अभी से पूरी ताकत झोंक दें।

मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस लाइन से लेकर थानों तक रिजर्व पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा जाए। किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

बैठक में एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील इलाकों के होली जुलूस और होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की निगरानी रहनी चाहिए। जुमा की नमाज के दौरान धर्मस्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे और यातायात की भी कोई समस्या न होने पाए।

### अति संवेदनशील होलिका दहन स्थल पर दरोगा प्रभारी

एसएसपी ने सभी श्रेणी के होलिका दहन स्थलों की सूची जारी करके वहां स्टाफ की मानक के अनुसार तैनाती कर दी है। अति संवेदनशील क्षेत्र के होलिका दहन स्थल पर प्रभारी के रूप में दरोगा की तैनाती होगी और चार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। संवेदनशील पांच से सात स्थानों पर एक दरोगा प्रभारी रहेंगे, ऐसी होलिका स्थल पर दो आरक्षी रहेंगे। सामान्य होलिका दहन स्थल पर क्लस्टर मोबाइल तैनात रहेंगी। एक क्लस्टर मोबाइल सात से आठ होलिका स्थल का राउंड लगाती रहेगी।

### त्योहार मिलजुलकर मनाएं- एसएसपी

एसएसपी अनुराग आर्य ने जनता से अपील की है कि वह होली का पर्व सौहार्द के साथ मनाएं। अनावश्यक किसी पर रंग न डालें। वहीं जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की जाए। अगर किसी तरह की अफवाह या शरारत करने की कोशिश की जाती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## चैंपियंस ट्रॉफी: भारत की जीत पर लखनऊ में जश्न, सीएम ने दी टीम इंडिया को बधाई

**लखनऊ एजेंसी।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था।

रवींद्र जडेजा के विजयी चौके के साथ टीम इंडिया ने जीत दर्ज की। उनके चौका मारते ही पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा। देश में बैठे करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया। लखनऊ में इस जीत का जश्न मनाया गया। शहर के अलग-अलग इलाकों में पटाखे फोड़कर इसका जश्न मनाया गया।



**सीएम योगी ने दी बधाई:** सीएम योगी ने ट्वीट करते हुए लिखा ऐतिहासिक विजय...चैंपियंस का अभिनंदन! देश वासियों को हार्दिक बधाई!

चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विजय के रंगों से त्योहारों की बेला को और अधिक रंगमय, उल्लासमय बनाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के हर खिलाड़ी पर देश को गर्व है। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

**केशव मौर्य ने टीम इंडिया को दी बधाई :** केशव मौर्य ने कहा कि युवा खिलाड़ियों का जोश, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत न केवल क्रिकेट मैदान पर बल्कि करोड़ों देशवासियों के दिलों में भी उत्साह और जश्न का अवसर लेकर आई है।

## होली बाद भाजपा को महानगर, यमुनापार एवं गंगापार का अध्यक्ष मिलना तय, नए चेहरों को मिल सकती है जगह



**प्रयागराज , एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ संपन्न होने के बाद सभी की निगाहें भाजपा प्रदेश संगठन पर टिकी हैं।बताया जा रहा है कि होली बाद प्रयागराज महानगर, यमुनापार एवं गंगापार के जिलाध्यक्षों के नामों का एलान किया जा सकता है।

पार्टी नेताओं ने इस बात के भी संकेत दिए हैं जिलाध्यक्षों के चयन के जरिये पार्टी सभी सियासी और जातीय समीकरण को भी साधेगी। 2027 की शुरुआत में ही यूपी विधानसभा का चुनाव है। पिछले वर्ष विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने भले ही बेहतर प्रदर्शन किया हो। लेकिन, लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं आया। इसे लेकर तमाम समीक्षाएं भी हुईं।

प्रयागराज की ही बात करें तो फूलपुर लोकसभा सीट भाजपा किसी तरह से बचाने में कामयाब हो सकी। जबकि, इलाहाबाद संसदीय सीट पार्टी से फिसल गई। समीक्षा में महानगर, यमुनापार एवं गंगापार संगठन की भूमिका पर तमाम सवाल भी खड़े किए गए थे। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी महानगर, यमुनापार एवं गंगापार में अध्यक्ष बदल सकती है।

**जनप्रतिनिधियों ने भी दी है चेहरा बदलने की रिपोर्ट:** यहां के अधिकांश जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी रिपोर्ट में अध्यक्ष बदले जाने की सहमति दी है। प्रयागराज महानगर की बात करें तो यहां अगड़ी जाति का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। महानगर अध्यक्ष के लिए यहां से कुल 96 आवेदन आए हैं। यहां आवेदन करने वालों में वैश्य एवं ब्राह्मण बिरादरी के नेता ज्यादा हैं। बीते कुछ वर्ष से यहां वैश्य या ब्राह्मण बिरादरी के नेता ही अध्यक्ष बन रहे हैं।

इस बार कायस्थ एवं क्षत्रिय नेताओं ने भी अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी की है। इसी तरह गंगापार से भी 50 आवेदन अध्यक्ष पद के लिए हुए हैं। जातिगत समीकरण को देखते हुए पार्टी गंगापार से पिछड़ी जाति और यमुनापार से अनुसूचित जाति के नेता को अध्यक्ष बनाने का दांव खेल सकती है। उधर, गंगापार में अध्यक्ष पद के लिए कुर्मी, ब्राह्मण, मौर्य बिरादरी के नेताओं के आवेदन ज्यादा आए हैं। इसी तरह यमुनापार में भी कुर्मी, निषाद, अनुसूचित जाति, कोल, ब्राह्मण आदि बिरादरी के आवेदन अधिक हैं। शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी का कहना है कि पार्टी अपने निष्ठावान एवं भरोसेमंद कार्यकर्ता को ही अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपेगी। उम्मीद है होली बाद प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों के नाम का एलान हो सकता है।

## यूपी पुलिस के सिपाही ने डेढ़ साल पहले किया प्रेम विवाह, फिर ऐसा कारनामा...उड़ गए पत्नी के होश

**आगरा , एजेंसी।** सिपाही को प्रेम विवाह करने पर दहेज नहीं मिला तो उसने दूसरी शादी कर ली। पता चलने पर पहली पत्नी ने विरोध किया तो सिपाही ने कौशांबी पुलिस लाइन में समझौता किया। इसके बाद भी किराए के मकान में छोड़कर चला गया। पीड़िता की शिकायत पर ट्रांस यमुना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

टेढ़ी बगिया की सुमन ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि थाना मनसुखपुरा के गांव करकौली निवासी सिपाही यशपाल से 10 फरवरी 2021 को प्रयागराज के आर्यसमाज मंदिर में शादी की थी। वहां से पति ससुराल ले गया। दो महीने बाद कौशांबी पुलिस लाइन में नौकरी पर चला गया। ससुराल वालों ने दहेज में 10 लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न शुरू कर दिया।

बाद में पति अपने साथ कौशांबी ले गया। वहां 17 फरवरी 2022 को एक बेटी हुई। पति भी दहेज की मांग करने लगा। विरोध पर मारपीट करता। 24 सितंबर 2022 को अपने घर आ गया। वापस नहीं आने पुलिस लाइन जाकर पता किया। तब पति के साथियों ने बताया कि पत्नी को घुमाने ले गया है। तब उन्हें पति की दूसरी शादी के बारे में पता चला। जब फोन किया तो यशपाल ने बताया कि 31 दिसंबर 2023 को घरवालों ने दूसरी शादी करा दी। फोन पर एसएसपी से शिकायत करने की बात कही तो पति ने समझौता कर लिखित में सैलरी से 60 प्रतिशत देने और ससुराल ले जाने का वादा किया। इसके बाद भी किराए के मकान में छोड़कर चला गया। ट्रांस यमुना थाना प्रभारी का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को मजनाई लेकर पहुंची एसटीएफ हरियाणा, घर में की गहन छानबीन

**अयोध्या, एजेंसी।** हरियाणा में हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़े गए संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को लेकर हरियाणा एसटीएफ रविवार को उसके मजनाई स्थित घर पहुंची। इस दौरान उसे अकेले कमरे में ले जाया गया और छानबीन के बाद इनायतनगर थाने में उससे कई घंटे पूछताछ हुई। हालांकि इस मामले में जिले की पुलिस किसी भी जानकारी से इंकार कर रही है।

इनायतनगर थाना क्षेत्र के मजनाई निवासी अबू बकर के पुत्र को हरियाणा एसटीएफ ने पलवल से गिरफ्तार किया था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद हुए थे, जिससे श्रीराम मंदिर पर हमले का दावा किया गया था। एसटीएफ ने पूर्व में संदिग्ध आतंकी के पिता अबू बकर व परिजनों से भी पूछताछ की थी। इस बीच रविवार की शाम करीब 04:30 बजे एसटीएफ की टीम सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी के साथ अचानक मजनाई पहुंची और सीधे अब्दुल के घर में गई। परिवार के अन्य लोगों को वहीं रोक दिया गया।




अब्दुल के कमरे में जाकर छानबीन और जांच-पड़ताल के बाद एसटीएफ की टीम उसे लेकर बाहर निकली और उसके पिता अबू बकर को भी वाहन में बैठा लिया। इसके बाद वह इनायतनगर थाने पहुंचे और दोनों से पूछताछ की। माना जा रहा कि टीमों ने अब्दुल के लोकल नेटवर्क को लेकर पड़ताल की। आतंकियों से उसके कनेक्शन, उनसे बातचीत के आधार, फंडिंग, आतंक की ट्रेनिंग समेत अन्य के बारे में सुराग खंगाले गए। उसके पिता व परिजनों के फोन से मिली जानकारियों को भी साझा किया।

अब्दुल की मां यासमीन ने बताया कि पुलिस के लोग आए थे। अब्दुल को लेकर घर में घुसे थे और कुछ खोज रहे थे। उसके पिता को भी साथ ले गए हैं। घर से कोई सामान नहीं ले गए हैं। अचानक एसटीएफ व पुलिस फोर्स पहुंचने से मोहल्ले के लोग सहमे रहे। फोर्स के वापस जाने के बाद भी सन्नाटा पसरा रहा। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि एसटीएफ हरियाणा की टीम आई है। स्थानीय पुलिस उनके सहयोग में लगाई गई है। इस मामले का स्थानीय स्तर से कोई जुड़ाव नहीं मिला है, इसलिए अधिक जानकारी नहीं है।

## बढ़ते तापमान के बीच 13 और 14 मार्च को प्रदेश में होगी बारिश

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में बढ़ती गर्मी के बीच प्रदेश में एक बार फिर से मौसम बदल सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 13 और 14 मार्च को क्षेत्र में हल्की बारिश के आसार जताए गए है। इस वजह से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। बीते कुछ दिनों से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे दिन के समय गर्मी महसूस की जा रही है। हालांकि, सोमवार को हल्की हवाएं चलने से मौसम में कुछ राहत मिली।

मार्च के शुरुआती दिनों में ही पश्चिमी यूपी के कई जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रहा है। दिन में धूप तीखी होने लगी है, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। बीते 24 घंटों कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13 और 14 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल छाए रहने की संभावना है और दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जा सकती है। 15 मार्च के बाद तापमान दोबारा बढ़ने लगेगा और गर्मी का असर तेज हो सकता है।



### प्रयागराज रहा यूपी में सबसे गर्म

यूपी में रविवार को 34.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज सबसे गर्म शहर रहा। इसी तरह हमीरपुर में अधिकतम तापमान 34.2, लखनऊ 32.1, कानपुर 33.0, वाराणसी 33.2, झांसी 33.1, आगरा 33.8 व बांदा में 33.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

### राजधानी में हल्की गर्मी के बीच धीमी पुरवा हवाओं से राहत

मार्च के महीने में गर्मी धीरे–धीरे अपने असर दिखाने लगी है। रविवार को राजधानी में हल्की गर्मी का अहसास हुआ, हालांकि धीमी पुरवा हवाओं ने मौसम को ज्यादा तपने नहीं दिया। सुबह से ही धूप तेज रही, जिससे दोपहर के समय गर्मी का प्रभाव महसूस हुआ, लेकिन शाम होते–होते हवाओं ने राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार, लखनऊ में शनिवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया व न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 32.1 तो न्यूनतम 13.2 डिग्री पर पहुंच गया। लगातार तापमान बढ़ने से मौसम भी बदल रहा है। शहर में सुबह के समय मौसम थोड़ा सुहावना था, लेकिन दोपहर में सूरज की तेज किरणों ने गर्मी का एहसास कराया। दोपहर के समय गर्मी के बावजूद पुरवा हवाओं की धीमी गति से लोगों को कुछ सुकून मिला। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 13 और 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से लखनऊ और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार है। इससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है और मौसम कुछ हद तक ठंडा होने की उम्मीद है।

## बंदर के उत्पात से सहमे लोग, रास्ते से आने-जाने में भी डर



**कुशीनगर, एजेंसी।** स्थानीय बाजार में पांच दिन से लाल बंदर के उत्पात से लोग भयभीत हैं। शाम होते ही लोग घरों का दरवाजा बंद कर दे रहे हैं। बंदर कई लोगों का काट चुका है। बाजार के 18 वर्षीय दीपक मौर्य को 5 मार्च की शाम को, 50 वर्षीय राजीव दीक्षित को 6 मार्च को शाम को काट लिया था। 8 मार्च को अंकित अग्रवाल की अंगुली पर पंजा मार दिया था। अंकित अग्रवाल ने बताया कि बंदर उनके घर के दरवाजे पर बैठा था, भगाने के दौरान उनकी अंगुली पर पंजा मार दिया। बंदर को देखते ही लोग हाथों में लाठी-डंडे से खदेड़ने लगे हैं। इसके अलावा लोग रास्ते से आने-जाने में भयभीत हो रहे हैं। किरन देवी, सीमा देवी, रिंकी देवी, दुर्गा देवी और शामली देवी ने बताया कि बंदर हमारे घर दोपहर और शाम को नियमित आ रहा है। बच्चे डरे हुए हैं। बिट्टू जायसवाल, प्रतीक अग्रवाल, अनिल गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, अमित वर्मा, मिथिलेश मिश्रा, ओंकार अग्रवाल, छोटे आदि ने बताया कि बंदर लोगों को देखते ही हमला कर रहा है। इसका उत्पात इतना बढ़ गया है कि बच्चों के बाहर निकलने से भयभीत हैं। कसया रेंजर जयंत कुमार राना ने बताया कि बंदर पकड़ने की टीम तमकुही रोड से आती है। सूचित कर दिया गया है, बंदर की लोकेशन पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# बिहार सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए उठाए महत्वपूर्ण कदम

## श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दी सरकारी प्रयासों की विस्तार से जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सोमवार को बिहार विधानसभा के चतुर्दश सत्र में श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने प्रवासी मजदूरों के हितों से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि राज्य सरकार संकट में फंसे श्रमिकों के लिए लगातार कार्य कर रही है। मंत्री ने सदन को जानकारी दी कि बिहार राज्य से बाहर काम करने गए प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुंचाने का खर्च श्रम संसाधन विभाग वहन करता है। इसके अलावा विपरीत परिस्थितियों में फंसे प्रवासी मजदूरों को घर वापस लाने की व्यवस्था भी सरकार करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इस कार्य हेतु 86.50 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। अब तक इस योजना के तहत 47 मृत प्रवासी श्रमिकों के शव उनके घर पहुंचाए गए हैं, जिनमें 36 देश के अन्य राज्यों से और 11 विदेशों से लाए गए हैं। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में 'प्रवासी श्रमिक केंद्र' स्थापित किया गया है। इसके साथ ही, श्रम संसाधन विभाग ने प्रवासी श्रमिकों के मामलों के अनुश्रवण के लिए सहायक श्रमायुक्त (प्रवासी) एवं श्रम अधीक्षक (प्रवासी) के पद भी सृजित किए हैं। संकटग्रस्त श्रमिकों के परिजन नई दिल्ली स्थित प्रवासी हेल्पलाइन (7217788114) या पटना के टोल-फ्री नंबर (18002965656) पर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। बिहार सरकार न केवल प्रवासी श्रमिकों की आपातकालीन सहायता कर रही है, बल्कि उनके पुनर्वास और कौशल विकास के लिए भी कदम उठा रही है। राज्य में प्रवासी संसाधन-सह-परामर्श केंद्र स्थापित किया गया है जहां श्रमिकों के रिकॉर्ड का संधारण किया जा रहा है। इसके अलावा श्रमिकों को बिहार कौशल विकास मिशन के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है। ताकि वे अपने रोजगार के अवसर बढ़ा सकें। खास बात यह है कि प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को भी इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है जिससे उनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार अपने श्रमिकों और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# बी. डी. कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बी. डी. कॉलेज, पटना के सभागार में सेहत केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में ''नारी शक्तिः सशक्त समाज की आधारशिला'' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विवेकानंद सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. एन. एन. ठाकुर, नीतू तिवारी, डॉ. वाई. गुंजन रामराज, डॉ. नंदनी कुमारी, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सतेंद्र कुमार वर्मा तथा सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी सह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की भूमिका, समाज में महिलाओं की स्थिति तथा उनके अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि एक सशक्त समाज की नींव महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण से ही मजबूत होती है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विवेकानंद सिंह ने कॉलेज की महिला प्राध्यापकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# महिलाकर्मियों के लिए श्रम संसाधन विभाग की अनूठी पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्रम संसाधन विभाग की ओर से महिलाकर्मियों की सुविधा के लिए पटना स्थित नियोजन भवन परिसर में आज से पालना घर (क्रेच) काम करने लगा है। इसका विधिवत उद्घाटन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि यह एक सराहनीय पहल है और इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मियों को मातृत्व सहयोग प्रदान करना है जिससे वे कार्यालय समय के दौरान अपने छोटे बच्चों की उचित देखभाल सुनिश्चित कर सकें। श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि यह पहल विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए बड़ी राहत होगी। इससे उन्हें कार्यालय में रहते हुए अपने बच्चों की देखभाल की चिंता नहीं होगी। सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पालना घर सरकार की महिला हितैषी योजनाओं के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है जो कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करेगा। वहीं मंत्री के द्वारा इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को बिस्किट, टॉफी एवं अन्य उपहार भी दिए गए। उक्त अवसर पर विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त राजेश भारती सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। विशेष सचिव आलोक कुमार ने नियोजन भवन में नवनिर्मित पालना घर की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पालना घर में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित देखभाल सुविधा होगी। यह 15 से 20 बच्चों की क्षमता वाला केंद्र है। एक क्रेच वर्कर एवं एक सहायक क्रेच वर्कर की नियुक्ति की गयी है, जो बच्चों के ख्याल रखेंगी। इसके अलावा बच्चों के लिए खेलने से लेकर फीडिंग तक की समुचित व्यवस्था यहां की गयी है। यह पालना घर आधुनिक सुविधाओं से युक्त (टेबल, खिलौने, फीडिंग रूम, स्टोर रूम एवं आरओ) है।

# मसौढ़ी एवं लहसुना थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली पर्व को शांति और सद्भाव से मनाने को लेकर मसौढ़ी थाना एवं लहसुना थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जहां पर मसौढ़ी थाने में थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु के नेतृत्व में और लहसुना थाने में खुशबू खातून के नेतृत्व में आम जन के साथ शांति समिति की बैठक आहूत की गई जहां पर होलिका दहन को लेकर संवेदनशील जगहों और होली पर्व में शांति सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु ने बताया कि होली पर्व को लेकर चौक-चौराहे पर पेट्रोलिंग के साथ-साथ गलियों में बाइक पेट्रोलिंग की जाएगी।

# होली गीतों के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा राजेंद्र नगर के गणपति उत्सव हाल में उपस्थित लोगों को होली गीतों के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में भाग लेने के लिए तथा शहर को स्वच्छ रखने हेतु श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पटना की मेयर सीता साहू, सांसद धर्मशिला गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता और समाजसेवी डॉ आनंद कुमार, कोमल बरनवाल, रीता जैन, कान्ति केसरी, ऋतु वर्मा, रेणु गुप्ता, संगीता गुप्ता, नीतु गुप्ता, कोमल गुप्ता, श्वेता गुप्ता, रानी गुप्ता, रूबी गुप्ता, दिलीप कुमार गुप्ता, सूरज कुमार गुप्ता, प्रोफेसर संजय कुमार, डॉ. अमित केसरी, योगेंद्र कुमार गुप्ता, प्रेम गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, सूरज गुप्ता आदि की उपस्थिति रही और सबने पटना नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

# महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के अवसर पर प्रगति ग्रामीण विकास समिति की ओर से पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड में महिला भूमि अधिकार एवं हर महिला को मासिक 3000 मांग को लेकर एक दिवसीय महिला अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड के 40 गांव से हजारों महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर एकता परिषद राष्ट्रीय समिति के सलाहकार प्रदीप प्रियदर्शी ने कहा कि महिलाएं अब जाग रही है और अपने अधिकार को समझ रही है। इसलिए सरकार हर महिला को घरेलू समस्या से निजात पाने के लिए वार्षिक 3000 दे तो महिलाओं के स्वास्थ्य एवं बच्चों के शिक्षा में बहुत मदद मिलेगी।

# विधानसभा अध्यक्ष से सदन में भिड़ गए राजद विधायक ललित यादव

## सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विधायक को सीमा में रह कर बोलने की हिदायत दी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानमंडल के बजट के सातवें दिन सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने जैसे ही प्रश्नकाल की शुरूआत की, विपक्षी सदस्य खड़े हो गए। भाकपा माले के सदस्य अपनी बात कहना चाहते थे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल बाधित न करें। समय पर अपनी बात कहिएगा। इसके बाद सदन में प्रश्नकाल की शुरूआत हुई। इसी बीच सदन में राजद विधायक ललित यादव विधानसभा अध्यक्ष से भिड़ गए। राजद विधायक और विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव में जमकर तू-तू-मैं-मैं हुई। ललित यादव ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप लगाया। दरअसल, प्रश्न काल के दौरान अध्यक्ष सीरियल नंबर से विधायकों का सवाल पूछने के लिए नाम ले रहे थे जब विधानसभा अध्यक्ष ने राजद विधायक ललित यादव का नाम लिया तो वो सदन में मौजूद नहीं थे जिसके बाद अध्यक्ष आगे बढ़ गए और अगले विधायक ने सवाल पूछा। इस बीच ललित यादव सदन में पहुंच गए और अध्यक्ष से सवाल पूछे जाने की मांग करने लगे जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमने आपका नाम लिया था, आप सदन में मौजूद नहीं थे, अब हम पीछे नहीं जाएंगे। इस पर राजद विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपात करने का आरोप लगा दिया जिससे अध्यक्ष भड़क गए फिर दोनों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुआ। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप हमारे कमरे में आइए हम आपको पूरी वीडियो दिखाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष के मना करने के बाद भी राजद विधायक हंगामा कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने राजद विधायक को सीमा में रहकर बोलने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बैठिए आप, ये तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन नियम से चलेगा आपके हिसाब से नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सदन नियमावली से चलेगा आपके मर्जी से नहीं चलेगा। बता दें कि प्रश्नकाल में पहला सवाल विधायक अजय सिंह का था। उन्होंने केंद्रीय कर्मियों की भांति राज्यकर्मियों को ग्रुप इंश्योरेंस, ग्रेच्युटी व अन्य सुविधा देने की मांग की।

# जूनियर इंटरनेशनल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के मणीचक मोड़ स्थित जूनियर इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना के छह वर्ष पूरे होने पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत आये हुए अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने डांस मस्ती कर धमाल मचाया जहा पर मैजिक शो, डांस, ड्रामा कार्यक्रम आयोजन किया गया। स्कूल के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि स्कूल के स्थापना के 6 साल हुए हैं जहां पर बच्चों को स्वच्छंद वातावरण में पठन-पाठन का माहौल दिया जाता है। मौके पर कुमारी खुशबूरानी, शिक्षक निशा कुमारी, अनु, काजल, जया, रोजी, मधु, परिधि, अयान, नाज आदि शामिल रहे।

# एसबीआई पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय पटना में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक के. वि. बंगारराजु ने की। कार्यक्रम का उदघाटन एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्ष साई लक्ष्मी ने बैंक के महिला स्टाफ सदस्यों तथा लेडीज क्लब के सदस्यगण की उपस्थिति में केक काटकर किया। समारोह में अतिथि स्वरूप आमंत्रित प्रसिद्ध भारत नाट्यम नृत्यांगना सुदीपा घोष तथा निशानेबाजी में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी मीरा कुमारी को सम्मानित किया गया। दोनों सम्मानित अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की पहल की भूरि- भूरि प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक बंगारराजु ने समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय स्टेट बैंक 'महिला सशक्तिकरण' की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। समारोह को महाप्रबंधक प्रभास बोस तथा आर. नटराजन ने भी संबोधित करते हुए महिलाओं को बराबर की भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी। एक दिवसीय आयोजन के अंतर्गत बैंक की विशेषतः गर्भवती महिलाओं के लिए मैत्रेयी कक्ष का उदघाटन किया गया तथा 25 वर्ष तक की आयु की महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर रोकथाम टीकाकरण शिविर का आयोजन भी किया गया। समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी सुमित रॉय के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# शिक्षा व्यवस्था का हाल-बदहाल, बीइइओ ने पूछा स्पष्टीकरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर इन दावों को आइना दिखा रहा है मसौढ़ी स्थित भगवानगंज का नवसृजित कैलाशनगर विद्यालय जहां पर बच्चे आज भी जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते हैं, न उन्हें पोशाक मिला है और न ही उनके हाथों में किताब कॉपी है, इसके अलावा जब उन छात्रों से पठन-पाठन का जायजा लिया गया जहां छोटे-छोटे बच्चों ने बताया कि सर नहीं आते हैं मैडम दिन भर मोबाइल देखती रहती है। ऐसे में सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ऐसे ही पढ़ेगा इंडिया। क्या ऐसे बढ़ेगा इंडिया..? इस पूरे मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर से बात की गई। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही उस स्कूल के प्रभारी पर स्पष्टीकरण पूछा जा रहा है और 24 घंटे के अंदर जवाब तलब की गई है, संतोषजनक जवाब नहीं आने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

# होली एकता एवं मित्रता का पर्व : स्वाति मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** रोटरी पाटलिपुत्र द्वारा होली मिलन समारोह रंगों और उल्लास से भरपूर रहा। इस खास अवसर पर जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान की। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने कार्यक्रम की शानदार व्यवस्था की। कार्यक्रम संयोजक अंजू अग्रवाल, रजनीगंधा अखौरी और श्रीमती मंकानी रहीं। कार्यक्रम में रजनीगंधा अखौरी ने 'गब्बर' के रूप में मनोरंजक प्रस्तुति देकर सभी का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा संयोजकों ने कुछ रोचक पहेलियां पूछीं जिनके सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। होली थीम पर आधारित हाउसी खेल का भी आयोजन किया गया जिसे रोटेरियन अखौरी बिश्वप्रिय और रोटेरियन श्याम अग्रवाल ने संचालित किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। इससे पहले क्लब अध्यक्ष रोटेरियन स्वाति मोदी और सचिव रोटेरियन ऋषि जायसवाल ने बैठक की शुरुआत की और क्लब की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान रोटेरियन अंजू अग्रवाल द्वारा 3150 डिग्री की सनशाइन राशि एकत्र की गई जिसे सामाजिक कार्यों में उपयोग किया जाएगा। एम पी जैन ने बताया कि समारोह के अंत में जिला गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने उन सभी सदस्यों को सम्मानित किया जिन्होंने मेजर डोनर के रूप में योगदान दिया।

# तिब्बत जन क्रांति दिवस पर संगोष्ठी सम्पन्न

## विश्व समुदाय से तिब्बत की आजादी के लिए समर्थन करने की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत तिब्बत मैत्री संघ की ओर से तिब्बत की आजादी के लिए तिब्बत जन क्रांति दिवस के अवसर पर पटना के गांधी संग्रहालय में हरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगोष्ठी में आए अतिथियों का स्वागत प्रमोद कुमार शर्मा एवं विषय प्रवेश सुरेंद्र कुमार ने किया। संगोष्ठी में पटना, गया, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, नालंदा, वैशाली आदि जिलों के करीब 60 लोग शामिल हुए। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व शिक्षा मंत्री रामचंद्र पूर्वे ने कहा कि भारत की सीमा से सटा हुआ सदियों से तिब्बत की सीमा रहा है। चीन हमारे सीमा में कभी भी नहीं रहा। तिब्बत पर चीन के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करने के कारण सुरक्षा पर हमारा काफी खर्च बढ़ गया है। सीमा पर बराबर टकराव की स्थिति बनी रहती है। हम विश्व समुदाय से तिब्बत की आजादी के लिए समर्थन करने की मांग करते हैं। संगोष्ठी में केंद्र सरकार से यह मांग की गई कि परम पवन दलाई लामा जी को लोक सभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने और उन्हें भारत रत्न देने की मांग की गई। संगोष्ठी में तिब्बत की आजादी में शहीद हुए हजारों साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि पिछले 66 वर्षों में और आज भी चीनी नेतृत्व के तहत तिब्बती लोगों की पहचान को खत्म करने साजिश कर रहा है। चीन की सरकार ने तिब्बत की सैकड़ों लोगों की असामयिक मृत्यु, 6 हजार से अधिक मठों को नष्ट कर दिया है।

# बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 59,901 लाभुकों का कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन से चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आज विकास भवन सभागार में राज्य अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 59,901 लाभुकों का कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से निष्पक्ष चयन किया गया। बैठक में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, सचिव उद्योग विभाग बंदना प्रेयषी, तकनीकी विकास निदेशक शेखर आनंद, एवं अनुश्रवण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बिहार लघु उद्यमी योजना का उद्देश्य-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों एवं नए उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 19 फरवरी से 5 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान 2,32,900 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 59,901 लाभुकों का निष्पक्ष कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन द्वारा चयन किया गया। साथ ही 20% अतिरिक्त आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत आज निष्पक्ष और पारदर्शी कंप्यूटराइज्ड रैंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से 59,901 नए लाभुकों का चयन किया गया है। यह योजना राज्य में छोटे उद्यमों को बढ़ावा देने और बेरोजगारी को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह योजना ऋण-मुक्त है। इसके तहत लाभुकों को पूरी तरह से अनुदान के रूप में 2 लाख की वित्तीय सहायता दी जाती है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योग्य आवेदकों को बिना किसी भेदभाव के वित्तीय सहायता मिले और वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक संकल्प है।

# शोध के साथ-साथ डॉ कोमल बहुमुखी प्रतिभा की धनी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय वनस्पति विज्ञान सोसाइटी के फेलो अवार्ड से सम्मानित महिला वैज्ञानिक डॉ रश्मि कोमल का कार्यक्षेत्र वानस्पतिक भ्रूण विज्ञान तथा ऊतक संवर्धन है और इस क्षेत्र में इन्होंने महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। शोध के साथ-साथ डॉ कोमल बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं और साहित्य के प्रति भी रुचि रखती हैं। उनके द्वारा कई कविताओं की रचना की गई है। 'अवलोकित जीवन' इनकी कविताओं का संग्रह है। वैज्ञानिक व कवयित्री डॉ रश्मि कोमल के द्वारा रचित कविता संग्रह 'अवलोकित जीवन' का विमोचन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति 'प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार सिंह' तथा रजिस्ट्रार 'प्रोफेसर शालिनी' के कर कमलों द्वारा पटना विश्वविद्यालय के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस कविता संग्रह में 21 कविताएं है जिनके माध्यम से कवयित्री ने माता-पिता के स्नेह और समर्पण, जीवन के विभिन्न रंगों, मानवीय संबंधों और भावनात्मक रूप से जुड़े सामाजिक संबंधों को प्रतिबिंबित किया है। आशा है कि इन कविताओं के माध्यम से कवयित्री के सृजनात्मक अभिव्यक्ति का आप रसास्वादन करेंगे। इनकी कविताओं का संग्रह 'अवलोकित जीवन' एमेजन पर उपलब्ध है।

# श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन 'अखण्ड ज्योति पाठ' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री शक्तिधाम सेवा न्यास बैंक रोड, पटना में 8 मार्च से प्रारम्भ हुए पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन 10 मार्च को 10 बजे सुबह से 'अखण्ड ज्योति पाठ' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्यामजी की विशेष सजावट की गयी थी। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अखंड ज्योति पाठ अर्चना टिबरेवाल एवं अंजू टेकरीवाल के नेतृत्व में किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लाल, पीली साड़ी में सजकर महिलाओं ने सामूहिक रूप से अखण्ड ज्योति पाठ किया। अखंड ज्योति पाठ का प्रारम्भ गणेश स्तुति से किया गया। प्रातः 10 बजे से श्री श्याम जी का विशेष अखण्ड ज्योति पाठ में महिलाओं के भजनों की गूंज से पूरा परिसर गुंजानमय हो रहा था। संध्या में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद श्याम प्रभु की आरती हुई। सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। अमर अग्रवाल ने बताया कि रात्रि 9:30 बजे से प्रातः 5 बजे तक रात्रि जागरण श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा होगा। अखंड कीर्तन पाठ में महिला मंडल की शकुंतला अग्रवाल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार, सरिता बंका, सरोज बंका, संगीता गोयल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आज के समारोह में अमर अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, रमेश मोदी, शंकर शर्मा, नरेंद्र शर्मा, अक्षय अग्रवाल, महोत्स संयोजक जे पी तोदी, निर्मल अग्रवाल, विवेक शर्मा, सतीश अग्रवाल, ललन लाठ, गौरव शर्मा, अजय शर्मा, सुरेश झुंझुंवाला, मुन्ना अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शंकर शर्मा सहित काफी अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संपादकीय

# व्यापार युद्ध की आहट या कूटनीतिक चाल?

जब से अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की है, तबसे दुनिया भर में आशंकाओं के बादल गहराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जो देश जितना शुल्क हमसे वसूलता है, उतना ही शुल्क हम भी उससे वसूल करेंगे। माना जा रहा है कि इससे व्यापार युद्ध शुरू हो जाएगा। चीन ने तो इसे विश्व व्यापार संगठन की नीतियों के खिलाफ बताया। फिर उसने यहां तक कह दिया कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है, तो वह इसके लिए तैयार है। अमेरिकी संसद में बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने जिन देशों का नाम लिया, उनमें भारत का भी विशेष रूप से उल्लेख किया कि वह कुछ मामलों में सौ फीसद से भी अधिक शुल्क वसूलता है। मगर भारत की तरफ से तुरंत इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई। स्वाभाविक ही सबकी नजरें भारत की तरफ लगी हुई थीं। अब विदेशमंत्री ने साफ कर दिया है कि अमेरिका की शुल्क संबंधी नीतियों का भारत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और न दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियों में कोई बाधा आएगी। विदेशमंत्री ने ट्रंप के कदम को बहुध्रुवीय व्यवस्था की तरफ बढ़ने वाला बताया। अभी केंद्रीय वाणिज्य मंत्री अमेरिका की यात्रा पर हैं और माना जा रहा है कि वे द्विपक्षीय व्यापार के मसले पर कुछ सकारात्मक समझौते कर पाएंगे।

पिछले महीने प्रधानमंत्री अमेरिका गए थे, तब खुद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई थी। जिन वस्तुओं पर अमेरिका को लगता है कि भारत अधिक शुल्क वसूलता है, उन पर धीरे-धीरे शुल्क कम भी किया जा रहा है। इससे जाहिर है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार गतिविधियों में वैसी बाधा शायद न आए, जैसी चीन आदि देशों के साथ आने की आशंका जताई जा रही है। पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इससे भारत के कई क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ सकता है। पहले ही भारत आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर चिंताजनक दौर से गुजर रही है। ऐसे में जिन वस्तुओं के लिए अमेरिका में बड़ा बाजार था और उन पर भारत को न्यूनतम शुल्क देना पड़ता था, उन क्षेत्रों की रफ्तार कैसी रह पाएगी, दावा करना मुश्किल है। वस्तुओं पर शुल्क निर्धारण के लिए विश्व व्यापार संगठन के नियम तय हैं। गरीब देश अमीर देशों पर इसलिए ऊंचा शुल्क लगा सकते हैं कि उससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अमीर देशों से इसीलिए ऊंचा शुल्क देने की अपेक्षा की गई कि वे गरीब मुल्कों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने में मददगार होंगे। माना गया था कि इस तरह दुनिया में तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा। मगर डोनाल्ड ट्रंप ने उस नियम को नजरअंदाज कर दिया। इससे विश्व व्यापार संगठन की स्थिति भी अजीब हो गई है। मगर ऐसा नहीं कि पारस्परिक शुल्क नीति से अमेरिका को कोई बड़ा लाभ मिलने वाला है। अमेरिका खुद महंगाई से पार पाने की चुनौती से जूझ रहा है। उसमें अगले महीने से पारस्परिक शुल्क लगने से जब दूसरे देशों से वस्तुएं महंगी दरों पर वहां पहुंचेंगी, तो महंगाई और बढ़ेगी ही। अमेरिका दवा और बहुत सारी चीजों के कच्चे माल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। इसलिए माना जा रहा है कि वह अपने इस फैसले पर ज्यादा समय तक टिका नहीं रह पाएगा। भारत भी इसीलिए फूंक-फूंक कर कदम उठा रहा है।

# एक देश एक चुनाव - राष्ट्र की आवश्यकता

**'एक देश एक चुनाव' पर बनी उच्च स्तरीय कमिटी की सिफारिशों को केन्द्रीय केबिनेट ने मंजूर कर लिया है. हमारी सरकार की इच्छा अगले पांच वर्षों में इसे सारे देश में लागू करने की है. यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्र की महती आवश्यकता है. यह बात कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति की रिपोर्ट 2015 में भी उजागर हुई है. इस पर नीति आयोग, विधि आयोग व चुनाव आयोग की पहल भी होती रही है. राष्ट्रपति के अभिभाषण से लेकर प्रधानमंत्री के अनेक वक्तव्यों में भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा है. 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाओं पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति ने भी इस पर अपनी संस्तुति प्रदान की है।**

(गिरिराज सिंह)

किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है. भारत जैसे विशाल देश में अबाध चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराना हमेशा से एक टेढ़ी खीर रहा है. लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है।

'एक देश एक चुनाव' पर बनी उच्च स्तरीय कमिटी की सिफारिशों को केन्द्रीय केबिनेट ने मंजूर कर लिया है. हमारी सरकार की इच्छा अगले पांच वर्षों में इसे सारे देश में लागू करने की है. यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्र की महती आवश्यकता है. यह बात कानून एवं कार्मिक मामलों की स्थायी संसदीय समिति की रिपोर्ट 2015 में भी उजागर हुई है. इस पर नीति आयोग, विधि आयोग व चुनाव आयोग की पहल भी होती रही है. राष्ट्रपति के अभिभाषण से लेकर प्रधानमंत्री के अनेक वक्तव्यों में भी यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा है. 'एक देश एक चुनाव' की संभावनाओं पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति ने भी इस पर अपनी संस्तुति प्रदान की है, जिसे हमारी सरकार ने मान लिया है. हालाँकि इस प्रस्ताव का बीजारोपण सर्वप्रथम 1983 ई. में चुनाव आयोग ने किया था जिसे इंदिरा गाँधी की सरकार ने निरस्त कर दिया था. फिर 1999 ई. में लॉ कमीशन ने इसका सुझाव दिया जिसपर 2002 में बाजपेयी सरकार द्वारा गठित संविधान समीक्षा आयोग या वेंकटचलईया समिति ने इसका व्यापक समर्थन किया. आगे 2014 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह मुद्दा चर्चा के केंद्र में आया जिसकी पूर्णाहुति है पूर्व राष्ट्रपति कोविंद जी ने नेतृत्व में बनी आठ सदस्यीय समिति की संस्तुति और इसपर केन्द्रीय केबिनेट की मंजूरी।

**एक देश एक चुनाव क्या है?:** किसी भी जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक आवश्यक प्रक्रिया है. भारत जैसे विशाल देश में अबाध चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराना हमेशा से एक टेढ़ी खीर रहा है. लोकसभा और राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव का कोई नियत समय नहीं होता है. यह सांसदों और विधायकों के विश्वास मत और सरकार की मंशा के अधीन होता है.इसके अलावे पंचायत और नगर पालिकाओं के चुनाव को भी यदि इसमें शामिल कर लिया जाए तो ऐसा लगता है जैसे देश एक चुनावी दुश्चक्र में फंस गया हो. इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति और जनता के पैसों का भी नुकसान होता है. इसलिए नीति निर्धारकों का यह विचार है कि क्यों न लोकसभा, विधान सभाओं और पंचायत व नगरपालिकाओं के चुनाव साथ-साथ करवाएं जाएँ. इस प्रकार 'एक देश एक चुनाव' लोकसभा और विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनावों को साथ-साथ करवाये जाने का वैचारिक उपक्रम है. इस संदर्भ में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में बनी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश है कि चुनाव दो चरणों में कराए जाएं. पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराएं जाएं तथा दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव हों. इन्हें पहले चरण के चुनावों के साथ इस तरह से कॉर्डिनेट किया जाए कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव के सौ दिनों के भीतर इन्हें पूरा किया जाए. इसके लिए कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती करनी होगी और कुछ के कार्यकाल में विस्तार करना होगा. एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर इस उच्च स्तरीय समिति ने कुल 47 राजनैतिक दलों से बातचीत की. इसमें कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों समेत केवल 15 दलों ने विरोध जताया जबकि 32 दलों ने इस पर अपनी सहमति प्रदान की. लेकिन सवाल उठता है कि यह एक देश एक चुनाव इतना आवश्यक क्यों है?



**एक देश एक चुनाव आवश्यक क्यों?:** चुनावों की बारंबारता के कारण बार-बार आदर्श आचार सहिंता यानी मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट लगाना पड़ता है. इससे सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती है और विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं की गतिविधियाँ प्रभावित होती है. यहाँ बताते चलें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सत्ताधारी दल, मंत्रियों या लोक प्राधिकारियों द्वारा किसी नियुक्ति प्रक्रिया, परियोजना की घोषणा, वित्तीय मंजूरी या नई स्कीमों आदि की शुरुआत की मनाही रहती है. जिससे सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिले. लेकिन भारत में चुनावों की अधिकता-बारंबारता के कारण यह कई बार आवश्यक विकासत्मक परियोजनाओं को भी रोक देता है जिससे विकास बाधित होता है. यदि देश में एक ही बार लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव संपादित किये जाएँ तो अधिकतम तीन महीने ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी, बांकी के चार साल नौ महीनें तो निर्बाध रूप से विकासात्मक परियोजनाओं को संचालित किया जा सकता है. अतः देश को विकास के पथ पर तीव्रता से अग्रसर करने हेतु वन नेशन वन इलेक्शन आवश्यक है।

एक देश एक चुनाव के पक्ष में दूसरा प्रमुख तर्क यह है कि इससे चुनावों पर होने वाले भारी खर्च में कमी आएगी और राष्ट्रीय कोष में वृद्धि होगी. दिनों-दिन चुनावी व्यय में होने वाली वृ?द्धि इस बात का सबूत है कि चुनावों में बढ़ता बेतहाशा खर्च देश की आर्थिक सेहत के लिए नुकसानदेह है. ज्ञात हो कि 1952 के प्रथम आम चुनाव में जहाँ मात्र 10 करोड़ रूपये खर्च हुए थे वहीं 2009 के आम चुनाव में 11 सौ करोड़ रूपये खर्च किये गये और 2014 के चुनाव में यह चुनावी व्यय बढ़कर लगभग 4 हज़ार करोड़ रूपये हो गया. हद तो तब हो गई कि 2019 के आम चुनाव का खर्च विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 55 से 60 हज़ार करोड़ रूपये बताया जा रहा है. वहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स का यह दावा है कि 2024 के आम चुनाव का कुल खर्चा लगभग 1.35 लाख करोड़ है जो कि जो कि पुरे विश्व के किसी भी देश की चुनावी खर्चे में सर्वाधिक है. एक आकलन के मुताबिक पांच सालों में देश में होने वाले समस्त चुनावों यथा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनावों का कुल खर्चा यदि जोड़ा जाए तो यह लगभग 2.5 से तीन लाख करोड़ रूपये होगा. अतः इसे कम करने के लिए एक देश एक चुनाव का विचार सर्वोत्तम है. साथ ही तीसरी बात यह कि एकसाथ लोकसभा और विधान सभाओं के चुनाव होने से काले धन पर रोक लगेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम कसने में भी मदद मिलेगी. यह चुनाव सुधार की दिशा में भी कारगर कदम सिद्ध होगा। चौथी बात यह कि वन नेशन वन इलेक्शन से कर्मचारियों के मूल कृत्यों के निर्वहन में तीव्रता आएगी साथ ही लोगों के सार्वजनिक जीवन के व्यवधान में भी कमी आएगी. विदित है कि हमारे यहाँ चुनाव कराने हेतु शिक्षकों एवं सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा ली जाती है जिससे उनका मूल कार्य प्रभावित होता है. इतना ही नहीं चुनाव सुरक्षित हो तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा इसे प्रभावित न किया जाए इसके लिए कुल मिलाकर लगभग डेढ़ करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाबल की तैनाती की जाती है. इससे शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा देश के अन्य आवश्यक कामकाज भी प्रभावित होते हैं. चुनावों के कारण सख्त सुरक्षा इंतजाम की वजह से आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में खलल पड़ता है और महंगाई में इजाफा होता है. साथ ही एक के बाद एक होने वाली चुनावी रैलियों व प्रचारों से यातायात की परेशानियों में भी वृद्धि होती है और आम जनजीवन प्रभावित होता है. इस कारण यदि एक ही साथ यदि चुनाव हो तो यह मानव संसाधन के प्रयोग तथा लोक जीवन की सुगमता की दृष्टि से कहीं ज्यादा बेहतर विकल्प होगा। पांचवीं बात यह है कि छोटे राजनैतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को भी बार-बार चुनावी प्रचार और संसाधन की कमी जैसी चुनौती से निपटने में आसानी होगी और वो पूरी ताकत से जनता के मुद्दे को पटल पर लाने में सक्षम साबित होंगे. चुनावों की अधिकता वोटरों में अरुचि पैदा करती है और इससे मतदान प्रतिशत में कमी आने का खतरा बढ़ता है. जबकि पांच वर्ष में एकसाथ एकबार चुनाव होने से आम मतदाता में चुनावों के प्रति दिलचस्पी बढ़ेगी तथा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

छठी और अंतिम बात यह है कि एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है कि इसका विरोध किया जाए, बल्कि इस प्रकार की प्रथा शुरूआती चार चुनावों में अपनाई जाती रही है. इसलिए जो भी दल इसकी व्यावहारिकता को लेकर संशय या विरोध जताते हैं उन्हें सन 1952, 1957, 1962 और 1967 के आम चुनावों को जरुर याद करना चाहिए, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गये थे. तो क्या उस समय संविधान की मूल संचरना या सहकारी संघवाद का उल्लंघन हुआ था? इसलिए एक देश एक चुनाव के सन्दर्भ में कांग्रेस का यह तर्क निराधार है. दरअसल राज्यों की स्वायत्ता पर सबसे हमला कांग्रेस ने ही किया जब वह स्थापित सरकारों को गिराने लगी. एकसाथ चुनाव का यह क्रम भी तब टूटा जब 1968, 69 में कुछ विधानसभाएं समय से पहले कांग्रेस सरकार द्वारा भंग कर दी गई अथवा उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिला. इतिहास गवाह है कि अपने राजनैतिक फायदे के लिए श्रीमती इंदिरा गाँधी ने लोकसभा चुनाव को भी समय से पहले ही 1971 में करवा दिया था. आगे वास्तविक लोकतंत्र को निलंबित कर आपातकाल लगाने जैसी कुकृत्य भी कांग्रेस ने सन् 1975 ई. में किया जो कि संविधान का खुले तौर पर उल्लंघन था. जो कांग्रेस आज एक देश एक चुनाव के मुद्दों पर संवैधानिक संरचना और राज्यों की स्वायत्ता का सवाल उठती है उसी कांग्रेस पार्टी ने देश में 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया, देश में अनावश्यक आपातकाल लगाया. हाल ही में जब 18वीं लोकसभा चुनावों के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और अरुणाचल के विधानसभा चुनाव हुए हैं तो फिर बाकी राज्यों के क्यों नहीं हो सकते?

**आगे की राह:** इसमें दो राय नहीं कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत, चुनावी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नज़र आता है. इसलिए चुनावों के चक्रव्यूह से देश को निकालने के लिए एक विषद चुनाव सुधार अभियान की आवश्यकता है. इसमे जनप्रतिनिधित्व की धारा को अपटूडेट बनाना, काले धन पर रोक लगाना, राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ सख्त कानून बनाना, रचनात्मक अविश्वास व् रचनात्मक विपक्ष की परिपाटी को बढ़ावा देना तथा जनशिक्षण के द्वारा लोगों में राजनैतिक चेतना व जागरूकता का सही विकास करना जैसे ज़रूरी कदम हमारी सरकार लगातार उठा रही है. जब-जब नेता, नीति को छोड़कर राजपाट पाने को आतुर होते हैं तो चुनावों की अधिकता इस देश का दुर्भाग्य बन जाती है. सोचने की बात है कि जब वन नेशन वन टैक्स का विचार फलीभूत हो सकता है तो वन नेशन वन इलेक्शन को आज़माने में क्या परेशानी है? ऐसे भी एकसाथ चुनाव करवाने वाला भारत कोई एकलौता देश नहीं होगा बल्कि बेल्जियम, स्वीडेन, दक्षिण अफ्रीका भी एक साथ चुनाव करवाते आयें हैं. इस दिशा में राजनैतिक दलों को भी खुले मन से चुनाव सुधार की दिशा में अग्रसर होने की आवश्यकता है. हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि हम राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल राजनीतिक प्रणाली को नहीं सुधारेंगे तो यह राष्ट्र को दीमक की तरह चट कर सकती है. अतः एक देश एक चुनाव एक प्रगतिशील कदम है जो कि राष्ट्र की आवश्यकताओं के अनुकूल है। ( लेखक केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता हैं. )।

# रंगों के त्यौहार में वैमनुष्यता की कालिख पोतने की कोशिशें

( डा. रवीन्द्र अरजरिया)

राजनैतिक प्रतिस्पर्धा में होलिका की भूमिका का निर्वहन करते हुए सत्ताधारी पार्टियां मुफ्तखोरी को बढावा देने वाले बजट की चादर बनाकर देश के सौहार्द रूपी प्रहलाद को जलाने की चेष्टा कर रहीं हैं। कहीं सम्प्रदायों और जातियों की खाइयों को चौडा किया जा रहा है तो कहीं लिंग-विभाजन के आधार पर लुभावनी योजनाओं से अहंकार पोषण के सिध्दान्त लागू हो रहे हैं। कहीं क्षेत्रीय भाषा, बोली और संस्कृति दुहाई दी जा रही है तो कहीं विशेषाधिकार की मांग उठाने के प्रयास हो रहे हैं। यह सब उधार लेकर घी पीने की कहावत को चरितार्थ करने के प्रयास हैं, जो आने वाले समय में सामाजिक वैमनुष्यता, पारिवारिक कलह और आपसी टकराव जैसे लाइलाज रोगों का कारण बनेंगे। मुफ्तखोरी के कीटाणुओं को शहद की चासनी में पिलाने वाले सत्ताधारी दल कभी अल्पसंख्यकों को शोषित बताकर उनके उध्दार के नाम पर लोकप्रियता प्राप्त करना चाहते हैं तो कभी महिलाओं को बेचारी के संबोधन देकर उन्हें सशक्त बनाने की आड में पुरुषों के विरुध्द खडा करने में लगे हैं। कर्जधारी राज्य अपने संसाधनों को विकसित करने के स्थान पर केन्द्र के कर्जों को अपना अधिकार मानकर अपने नागरिकों को देनदारी के बोझ से निरंतर दबाते चले जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की नेशनल कान्फ्रेंस सरकार ने आगामी 2025-26 के लिए 1.12 लाख करोड रुपये खर्च करने की घोषणा की है जिसमें प्रदेश की सभी महिलाओं को 1 अप्रैल से ई-बसों सहित सभी सरकारी परिवहन में मुफ्त यात्रा, अंत्योदय परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसी अनेक योजनाओं की घोषणायें की है। वहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसे लोगों के लिए वरदान बताया। दूसरी ओर दिल्ली की भाजपा सरकार ने 21 से 60 वर्ष की आयु सीमा में आने वाली 2.5 लाख से कम आय वाली महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देने के प्राविधान को महिला समृध्दि योजना का नाम दिया है। यहां की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की यह घोषणा निश्चित ही प्रदेश के कर्ज में इजाफा ही करेगी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने 3.71 लाख करोड रुपये परिव्यय वाले बजट में वक्फ सम्पत्तियों के लिए 100 करोड रुपये, ईसाई समुदाय के लिए 200 करोड रुपये, हज भवन हेतु 10 करोड रुपये का प्राविधान किया। वहां के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने इस बजट में 2बी श्रेणी के अल्पसंख्यक ठेकेदारों को पात्र न होते हुए भी अन्य समुदाय के समान 2 करोड रुपये तक के सरकारी ठेके देने की घोषणा की है। इसके साथ ही अल्पसंख्यकों की कालोनी के लिए 1000 करोड रुपये का अलग से प्राविधान भी किया गया है। मुस्लिम कब्रिस्तानों की सुरक्षा हेतु भी 50 करोड रुपये दिये गये हैं। यह तो केवल चन्द उदाहरण हैं। सभी राज्य सरकारें अपने नागरिकों को मुफ्तखारी की दीक्षा देने में जुटीं हैं ताकि आने वाले समय में विपक्ष को इस ग्राफ को बढाना बेहद कठिन हो जाये और वे एक मात्र संवेदनशील सरकार के स्वसम्मान से सम्मानित रह सकें। होलिका की यह चादर आपसी भाईचारे, सौहार्द और शान्ति के प्रहलाद को जलाने की कोशिश में लगी है। यह सब केवल होलिका बनी सरकारों की सोच का परिणाम ही नहीं है बल्कि इसके पीछे राजा हिरण्यकश्यप के रूप में पार्टी के आलाकमान के आदेश भी उत्तरदायी की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। देशवासियों के समक्ष एक मात्र कुशल सत्ताधारी के रूप में स्वयं को परोसने में लगी पार्टियों के मुखिया कहीं पारिवारिक विरासत के माध्यम से देश प्रमुख बनने का मुगालता पाले हैं तो कहीं सम्प्रदायगत मुद्दों को उठाकर अतीत की दुहाई दे रहे हैं। कोई आक्रान्ताओं का यशगान करके देश के संस्थागत स्वाभिमान को तार-तार करने में जुटा है तो कोई इतिहास के काले पन्नों को यथावत रखने की वकालत कर रहा है। कहीं मजबूरी में परम्पराओं को छोडने वाले अपने को आज भी गुजरे जमाने का एक वफादार गुलाम बनाकर स्थापित करने की फिराक में हैं तो कहीं परम्पराओं की दुहाई पर आक्रामकता सामने आ रही है। रंगों के त्यौहार में वैमनुष्यता की कालिख पोतने की कोशिशें हो रहीं हैं। खद्दरधारियों से लेकर खाकीधारियों तक में हीरो बनने का खुमार जोरों पर है। प्रचार संसाधनों का उपयोग करके देश-दुनिया के सामने कुशल अभिनय की परीक्षायें चल रहीं हैं। अब प्रत्येक जलसे में ऐसा ही देखने को मिलने लगा है। वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा वाले संवेदनशील देश को आक्रान्ताओं ने अपनी कटीली पौध से लहूलुहान करने का जो षडयंत्र किया था, वह आज मीरजाफरों की बागवानी में पेड बन चुका है। यह अलग बात है कि अब उसके कांटों से बागवान भी रक्तरंजित होने की स्थिति में पहुंचते जा रहे हैं। स्वार्थपूर्ति का लालच, प्रतिष्ठा का आश्वासन और मुफ्तखोरी की व्यवस्था ने देश के विकास में दीमक लगाना शुरू कर दी है। किसान की मेहनत से मनुष्य के लिए उगाये जाने वाले अनाज को कब तक कुत्तों, कीडों और जानवरों के सामने परोसा जाता रहेगा। ईमानदार टैक्सदाताओं के खून-पसीने की कमाई को राक्षस प्रवृत्ति के भस्मासुर पर वरदान के रूप में खर्च करने पर निश्चित ही एक दिन वरदानदाता भगवान शंकर को उसी से बचने के लिए शरण तलाशना पडेगी। तब शायद ही कोई भगवान विष्णु उन्हें मिलें, क्योंकि तब तक तो राक्षसों की फौज रक्तबीज बनकर विकराल रूप ले चुकी होगी। ऐसे में देश की आम आवाम को परमात्मा बनकर प्रहलाद को बचाने हेतु चादर बदलने के लिए आना ही होगा। मुफ्तखोरी, विघटनकारी और विभाजनकारी योजनाओं को अस्वीकार करके श्रम, प्रतिभा और समर्पण की शक्ति पर निर्भरता दिखाना ही होगी तभी सरकारों को अपने वास्तविक राज्यधर्म का बोध हो सकेगा। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# संस्कृति एवं साहित्य में बेहद प्रगाढ़ता है काशी और द्रविड़ की

**वहीं, द्रविड़ संस्कृति दक्षिण भारत की प्राचीनतम परंपराओं को संजोए हुए है, जो तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम जैसी समृद्ध भाषाओं और साहित्यिक धरोहरों से जुड़ी है। साहित्य में इस बात के कई प्रमाण मिलते हैं कि तमिलों की काशी और बाबा विश्वनाथ के प्रति सदियों से अगाध श्रद्धा रही है। आम जनमानस के साथ ही तमिल शासक और प्रबुद्ध वर्ग भी लगातार काशी की यात्रा करते रहे हैं। ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि लगभग 2300 वर्ष पहले तमिलनाडु के नगरों और गांवों की गलियां काशी की महिमा का गुणगान करने वाले गीतों से गूंजा करती थीं। लगभग 2000 वर्ष पहले से ही तमिल समाज में काशी यात्रा का प्रचलन शुरू हो गया था। तमिल भाषा अत्यंत समृद्ध रही है, जिसका प्रमाण अगटिटयम अगस्त्यम नामक प्राचीन व्याकरण ग्रंथ है, जिसका रचना काल ईसा पूर्व माना जाता है।**

(नवीन परमाली)

भारत की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत में काशी और द्रविड़ क्षेत्र की गहरी जड़ें हैं। काशी, जिसे वाराणसी के नाम से भी जाना जाता है, प्राचीन भारत की सांस्कृतिक राजधानी मानी जाती है। यह न केवल सनातन धर्म और आध्यात्मिक चिंतन का केंद्र रही है, बल्कि साहित्य, संगीत, कला और दर्शन के क्षेत्र में भी इसका अतुलनीय योगदान रहा है। वहीं, द्रविड़ संस्कृति दक्षिण भारत की प्राचीनतम परंपराओं को संजोए हुए है, जो तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम जैसी समृद्ध भाषाओं और साहित्यिक धरोहरों से जुड़ी है। साहित्य में इस बात के कई प्रमाण मिलते हैं कि तमिलों की काशी और बाबा विश्वनाथ के प्रति सदियों से अगाध श्रद्धा रही है। आम जनमानस के साथ ही तमिल शासक और प्रबुद्ध वर्ग भी लगातार काशी की यात्रा करते रहे हैं। ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि लगभग 2300 वर्ष पहले तमिलनाडु के नगरों और गांवों की गलियां काशी की महिमा का गुणगान करने वाले गीतों से गूंजा करती थीं। लगभग 2000 वर्ष पहले से ही तमिल समाज में काशी यात्रा का प्रचलन शुरू हो गया था। तमिल भाषा अत्यंत समृद्ध रही है, जिसका प्रमाण अगटिटयम अगस्त्यम नामक प्राचीन व्याकरण ग्रंथ है, जिसका रचना काल ईसा पूर्व माना जाता है। संस्कृत के पाणिनि के अष्टाध्यायी की तरह, इसे भी शिव के डमरू की ध्वनि से उत्पन्न बताया जाता है। संस्कृत और तमिल व्याकरण के बीच यह ऐतिहासिक संबंध संभवतः संगम काल के दौरान स्थापित हुआ होगा। ऐसा कहा जाता है कि प्रथम तमिल संगम मदुरै में आयोजित हुआ था, जब पांड्य राजाओं की राजधानी वहीं थी। इस संगम में अगस्त्य, शिव और मुरुगवेल जैसे विद्वानों ने भाग लिया था। दूसरा संगम कपातपुरम में आयोजित हुआ, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा संगम माना जाता है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. विशुद्धानंद पाठक के अनुसार, इस संगम में उत्तर और दक्षिण भारत के विद्वानों ने मिलकर विमर्श किया।



हालांकि, पहले दो संगमों के बारे में विद्वानों में मतभेद हैं, लेकिन उस काल के तोल्काप्पियम ग्रंथ का अस्तित्व आज भी है। इसके रचनाकार तोल्काप्पियर थे, जिन्होंने तमिल का दूसरा व्याकरण ग्रंथ लिखा। तमिल साहित्य में हर रचना तमिल अस्मिता को दर्शाती है। समय के साथ, भाषाई विवाद भी बढ़े। विद्वानों का मत है कि तमिल क्षेत्र के पांड्य राजाओं का संगम साहित्य के विकास में बड़ा योगदान रहा है। पल्लव और पांड्य राजाओं के बीच हुए संघर्षों ने तमिल को संस्कृत से दूर कर दिया। पल्लव शासक संस्कृत को प्रोत्साहित करते थे और वैदिक धर्म के संरक्षक थे, जबकि पांड्य राजाओं के शासन में शैव और वैष्णव परंपराएं फली-फूलीं और तमिल भाषा को विशेष महत्व दिया गया। हालांकि, पांड्य राजा संस्कृत के विरोधी नहीं थे, बल्कि तमिल भाषा के समान प्रचार-प्रसार के पक्षधर थे। 16वीं शताब्दी में मुगल आक्रमणों के कारण तमिल समाज के लिए काशी यात्रा बाधित हो गई। काशी विश्वनाथ मंदिर का विध्वंस हो गया था और वहां के पुरोहितों के अनुष्ठानों पर रोक लगा दी गई थी। इस परिस्थिति में, तमिलनाडु के पांड्य वंश के राजा जटिल वर्मन पराक्रमम ने ताम्रवर्णीय नदी (जिसका उल्लेख रामायण में भी है) के तट पर तेनकाशी नामक नगर बसाया, जिसे तमिलों की नई काशी के रूप में स्थापित किया गया। 17वीं शताब्दी में तिरुनेलवेली में जन्मे संत कुमारगुरु परा ने काशी पर आधारित काशी कलंबकम नामक काव्य रचना की और कुमारस्वामी मठ की स्थापना की। काशी ने जहां पंडित परंपरा को स्थापित किया, वहीं तमिलनाडु में तमिल इलक्कियापरंबराई (तमिल साहित्यिक परंपरा) विकसित हुई। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में वैज्ञानिक सी.वी. रमन जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे, जबकि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसके कुलपति थे। श्रीकांची शंकराचार्य मठ के प्रबंधक एवं तीर्थ पुरोहित सुब्रमण्यम मणि के अनुसार, सातवीं शताब्दी के तमिल लोकसाहित्य में काशी की महिमा का उल्लेख प्रचुर मात्रा में मिलता है। तमिल शैव परंपरा में उस समय 63 शैवपंथ शाखाएं सक्रिय थीं, जिनके 63 धर्माचार्य भी थे। उनमें से एक प्रमुख धर्माचार्य अप्परस्वामी कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान कई महीनों तक काशी में प्रवास पर रहे। संगम साहित्य में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारतीय भाषा संस्थान और केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्रंथों में तिरुकुरल, शिल्पादिकारम, मणिमेकलई, पट्टूपट्टू जैसी तमिल कृतियों का संकलन मिलता है। रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था- यदि ईश्वर की इच्छा होती, तो सभी भारतीय एक ही भाषा बोलते... भारत की शक्ति उसकी अनेकता में एकता रही है और सदैव बनी रहेगी। भारत में 19,500 से अधिक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं, जिनमें काशी और तमिलनाडु संस्कृत और तमिल जैसी विश्व की प्राचीनतम भाषाओं के केंद्र रहे हैं। महान तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती काशी में रहे, जहां उन्होंने संस्कृत और हिंदी सीखी तथा स्थानीय संस्कृति को समृद्ध किया। इस तरह की सांस्कृतिक समरसता ने भारत को एक समग्र और समृद्ध परंपरा बनाए रखने में सक्षम बनाया है। काशी और द्रविड़ संस्कृति, अपनी भिन्न विशेषताओं के बावजूद, भारत की अखंडता को दर्शाती हैं। दोनों ही साहित्य और दर्शन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रकट करते हैं। जहाँ काशी संस्कृत और हिंदी साहित्य का केंद्र रही है, वहीं द्रविड़ संस्कृति ने तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम साहित्य को समृद्ध किया है। संस्कृति और साहित्य में इन दोनों क्षेत्रों की प्रगाढ़ता यह सिद्ध करती है कि भारत की आत्मा उसकी विविध भाषाओं, परंपराओं और विचारों में समाहित है। काशी और द्रविड़ की यह समृद्ध विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। (लेखक राजनैतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ पत्रकार है)

## संक्षिप्त समाचार

### सर्व समाज होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**शैलेन्द्र सेंगर बोले- यह पर्व समरसता और भाईचारे का प्रतीक**

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय चंद्रावती ऑडिटोरियम में भाजपा नेता शैलेन्द्र सेंगर द्वारा आयोजित सर्व समाज होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के गणमान्य लोग, बुद्धिजीवी, व्यापारी, युवा व पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो समाज में



एकता और सद्भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि रंगों के इस पर्व को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया, वहीं गुलाल और फूलों की वर्षा के साथ सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने भी संबोधित किया और समाज को जोड़ने वाले ऐसे आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी को गुजिया, ठंडाई और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए।

### वैदिक अनुष्ठान एवं पूणार्हुति

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन प्रखंड के रामनगर बैरिया में चल रहे श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री गणेश भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सोमवार को संपन्न हो गया। वैष्णो संत जय दास वाराणसी बाबा के देख रेख आचार्य पंडित धीरेंद्र मिश्रा ने पुरा यज्ञ संपन्न कराया। आचार्य धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के साथ साथ इस गांव में भगवान शिव का भव्य मंदिर बना हुआ है जहां माता पार्वती सहित भगवान शिव आनंदी व गणेश जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान चल रहे पांच दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान में सनातन धर्म से जुड़े नाना प्रकार के झांकी के साथ-साथ रामलीला व राधा कृष्ण की दिव्या झांकी प्रस्तुत की गई । इस अनुष्ठान में काशी से आए वैदिक विद्वान विद्वान विष्णु दत्त मिश्रा, मनोज ओझा, राजेश दुबे, पंडित उमाशंकर तथा इस यज्ञ के आयोजन कर्ता यज्ञानंद मिश्र, जितेंद्र मिश्र, ललन मिश्र, गोपाल चौबे, प्रमोद मिश्रा, रजनीश मिश्रा, रंजन मिश्रा, राकेश चौबे, अनिल मिश्रा, भोला पटेल, प्रदीप मिश्रा, राकेश मिश्रा, भूपेंद्र चौबे ,वकील यादव, विपिन यादव, सहित लोग शामिल रहे।

### विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली में विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले एंव हुड़दंगई करने वाले पर कार्रवाई तय है। होली पर्व को सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए इनरवा एंव भंगहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष जय कुमार एंव थानाध्यक्ष दिपक प्रसाद ने की। इस मौके पर मौजूद सभी प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधियों से होली पर्व को भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। होली के मौके पर हुड़दंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



शराब पीने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। वहीं होलिका दहन के दिन भी शांति बनाये रखने पर बल दिया गया।डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध हैं।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस अलग अलग जगहों से छापेमारी कर 132 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार धंधेबाज दुर्गवालिया निवासी ओमप्रकाश शर्मा है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि रमौली धांगड़ टोली से 12 लीटर एवं दुर्गवालिया से 120 लीटर चुलाई शराब जब्त किया गया है। एक धंधेबाज की गिरफ्तारी भी हुई है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना पुलिस ने चोरी के मामले में बरसों से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी जोगिंद्र पाण्डेय के पुत्र विजेंद्र पाण्डेय है।गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई करने के लिए सोमवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया। जिसकी सूचना सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी।

### शराब पीने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जमनपुरा निवासी श्रवण कुमार महतो, भागर गांव निवासी सुधन यादव तथा चपरइठा गांव निवासी इंद्र जीत साह शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों पर आगे की कार्रवाई करने के लिए सोमवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

### 101 महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेफरल अस्पताल में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व श योजना के तहत 101 महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच किया गया। जांच के दौरान महिलाओं का हीमोग्लोबिन, एचआईवी, वजन इत्यादि की जांच की गई। इस दौरान गर्भ में पलने वाले बच्चों के बेहतर देखभाल व पोषण को लेकर महिलाओं को विभिन्न प्रकार के सलाह दिए गए। इस दौरान महिलाओं के बीच दवा व फल का भी वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए प्रबंधक जितेंद्र दास गुप्ता ने बताया कि जांच कन्हैया प्रसाद, रमेश भिंडा, धनंजय कुमार, संजय राय, रंजना गुप्ता, निभा कुमारी सहित अन्य ने किया।

### साहित्य के क्षेत्र में युसरा फातिमा को किया सम्मानित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युसरा फातिमा को साहित्य के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए जिला पदाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। विदित हो कि युसरा फातिमा को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2023 में एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ब्रावो इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में टीनएजर ग्रुप में सबसे ज्यादा कविताएं लिखने वाले कैटेगरी में सम्मानित किया गया है। किशोर अवस्था में सर्वाधिक काव्य पुस्तिका लिखने वाली भारत की यह पहली लड़की है। 15 वर्ष की आयु तक सर्वाधिक काव्य पुस्तिका लिखने वाली विश्व की पहली लड़की भी है। इनके द्वारा लिखी गई कविता पुस्तकों के नाम है -जज्बा, मेरे हिस्से की कोशिश, शाम और तन्हाई एवं बेरुखी।

### होली में उपद्रवी तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली पर्व को सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए मैनाटाड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने किया। इस मौके पर सीओ आशीष आनंद और थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने मौजूद सभी प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधियों से होली पर्व को भाईचारा और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

# आपसी एकता, भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं होली त्योहार : अमित झा

**नशेड़ियों व हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर : चंद्रशेखर यादव**

**मेदिनीनगर (पलामू)खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली रंगों व प्रेम का त्योहार है। इसे आपसी एकता, भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उक्त बातें पंड़वा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार झा ने कही। वे सोमवार को पंड़वा थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में बोल रहे थे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ झा ने कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं हो इसे सभी अपने -अपने स्तर से सुनिश्चित करें। कहा कि होली ही ऐसा त्योहार है जो विभिन्न रंगों में लोग सराबोर हो एकता का परिचय देते हैं। पंडवा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि पलामू एसपी के निर्देशानुसार शांति समिति की बैठक कर आपसी सौहार्द के साथ होली त्योहार मनाया जाना है। वे भी क्षेत्रवासियों से शांति व उल्लास के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील करते हैं। कहा कि पुलिस की पंडवा थाना क्षेत्र के हरेक जगह पर हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी। कहा कि



त्योहार में किसी भी सूरत में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों को बर्दाश्त नही किया जायेगा। समाप्त शांति समिति की बैठक के बाद पंडवा बीडीओ अमित कुमार झा, थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव, एसआई विक्की कुमार, विजय कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार यादव, नवल किशोर सिंह, जितेंद्र कुमार ठाकुर, मुखिया अनुज कुमार सिंह, समाजसेवी श्रीराम मेहता, पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, विजय मिश्रा, गिरेंद्र मिश्रा, दीपक कुमार, संतोष यादव, जयपाल सिंह, प्रमोद सोनी, मुकेश कुमार मेहता, वशिष्ठ कुमार रजक, रीतिक पाण्डेय समेत दर्जनों लोगों ने एक-दूसरे को गाल पर अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### अखियां भईले लाल एक नींद सुते द बलमुआ ...

मेदिनीनगरखूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पांडव थाना परिसर में आयोजित शांति समिति सह होली मिलन समारोह में भोजपुरी व्यास शिवकुमार चौधरी ने जैसे ही "अखियां भईले लाल एक नींद सुते द बलमुआ ...." होली गीत की शुरूआत की उपस्थित लोगों के चेहरे खिल उठे। सभी झुमने लगे। ब्यास शिवकुमार चौधरी ने "भर फागुन महीना रंग में पिया ... " गीत गाकर शमां बांध दिया। उन्होंने पुनः "जमुना गहरी जल कैसे भरूं ऐ कन्हैया ..." होली गीत गाकर के रंगों से सराबोर कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा....होली गीत गाया तो कार्यक्रम में उपस्थित सभी थिरकने लगे। कार्यक्रम में नाल वादक शिशिर शुक्ला ने वाद्य यंत्रों से संगतकर अलग समां बांध दिया।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गयी कलश यात्रा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीरामदरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर स्थानीय दुगार्बाग हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गयी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरूआत अष्ट विनायक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल के निदेशक व जनसुराज नेता अनिल कुमार सिंह ने किया। मौके पर उन्होंने बताया कि रामदरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हनुमान मंदिर दुगार्बाग में सात दिवसीय यज्ञ की शुरूआत शुक्रवार को कलश यात्रा से की गयी। वहीं आज पुजनादि कार्यक्रम की शुरूआत हुयी। जबकि 9 को जलादिवास, 10 को प्राण प्रतिष्ठा , 10 से अखंड अष्टजाम, 11 को हनुमान अराधना एवं 11 मार्च को इस यज्ञ की पूणार्हुति दी जायेगी। यज्ञ के मुख्य यजमान हरसरी निवासी लालबाबू पांडेय, सरिता देवी, रविंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, सावित्री देवी, एवं यज्ञकर्ता के रुप में ई.ज्योतिष कुमार शामिल है। मौके पर बनारस से आये आचार्य रौशन मिश्र,सुभाष राव, प्रदीप सिंह, बिटू कुमार समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## होली रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी थाना में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। हिंदू, मुस्लिम, सरना ईसाई सभी समुदायों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाने का निर्णय लिया। इस वर्ष मुस्लिम समुदाय के रमजान और ईसाई धर्मावलंबियों के चालीसा काल के शुक्रवार के दिन होली का त्योहार होने से शांति समिति के सदस्यों को शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का सुझाव दिया गया। एसडीओ ने कहा कि खूंटी जिले में सभी समुदाय के लोग एक साथ पर्व त्योहारों में आपसी प्रेम और बंधुत्व।की भावना के साथ त्यौहार में एक दूसरे का सम्मान करें और किसी भी तरह की अभद्र व्यवहार तथा हिंसक वारदातों से बचें। होली शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। डीएसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन शांति समिति से प्रेमपूर्ण त्यौहार मनाने की उम्मीद करती है। किसी भी तरह की असामाजिक अथवा हिंसक घटनाएं घटती हैं तो सभी समुदाय के जिम्मेवार प्रतिनिधि समाधान निकालने तथा माहौल को शांतिमय बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। होली मिलन समारोह में सभी सदस्यों ने होली की फिल्मी धुन पर थिरके और होली मिलन के लिए बने पुआ, मालपुआ, जलेबी, ठंडई और अन्य व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। शांति समिति की बैठक में डीएसपी वरुण रजक, बीडीओ ज्योति कुमारी सीओ, थाना प्रभारी, रामनवमी समिति के सदस्य, बजरंग दल, मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि, सरना ईसाई और क्षेत्र के अमन पसंद प्रतिनिधि शामिल थे।

# चास के कांड्रा में आवास बोर्ड के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टेट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग अमीत कुमार द्वारा चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित/प्रस्तावित महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। इस क्रम में मुख्य रूप से शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, चास सेप्टेज योजना एवं लीगेसी वेस्ट का समीक्षा एवं स्थल भ्रमण किया गया।



उन्होंने टीम के साथ उक्त योजनाओं हेतु प्रस्तावित/चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सुडा निदेशक ने योजना के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ( डीपीआर ) के अनुरूप जुडको एवं जुस्को को युद्ध स्तर पर सघन अभियान चलाकर शत प्रतिशत जलापूर्ति संयोजन निःशुल्क करने को कहा। कहा कि, उक्त जलापूर्ति योजना के तहत शहरवासियों को प्रति माह 5,000 लीटर मुफ्त पानी प्राप्त होगा।

चास शहरी पेयजलापूर्ति के संबंध में जुडको एवं जुस्को को 31 मार्च 2025 तक कार्य को पूर्ण करते हुए ट्रायल प्रारंभ करने का निर्देश दिया। भ्रमण क्रम में सुडा निदेशक ने दामोदर नदी किनारे निमार्णाधीन इंटेक वेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में चल रहें कार्यो का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारी को विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल करने का निर्देश दिया। ताकि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटेक वेल, सभी भागों में ट्रायल की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएं। वहीं, चास इंव्रो प्राइवेट लिमिटेड को ठोस अवशिष्ट प्रबंधन का एवं सीमा लैब्स, नई दिल्ली को सेप्टेज प्रबंधन का कार्य चिह्नित भूमि पर करने का निर्देश दिया। शहरवासियों को जलापूर्ति संयोजन के साथ निःशुल्क मीटर भी अधिष्ठापित किया जाएगा। उधर, सुडा निदेशक ने चास के कांड्रा में आवास बोर्ड के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल डांढ़ा से जरूरी जानकारी ली। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी,जुडको - जुस्को के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी मरीजों को दिया गया फूड बास्केट

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निक्षय मित्र योजना के तहत सोमवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 14 टीबी मरीजों को फूड बास्केट दिया गया.टीबी अलर्ट इंडिया ने अपने संजीवनी प्रोजेक्ट कार्यक्रम के तहत सीवान जिले के 178 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है.जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार द्वारा सोमवार लकड़ी नवीगंज स्वास्थ्य केंद्र में 09,बसंतपुर में दो तथा दरौली में 03 टीबी मरीजों को फूड बास्केट दिया गया.फूड बॉस्केट में सोयाबीन, दाल, चावल, बिस्किट, दूध का एक डिब्बा सहित प्रोटीन युक्त सामग्री का वितरण किया गया.सीडीओ डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि निक्षय मित्र योजना टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम छह माह के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगी को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं.उन्होंने कहा कि टीबी के खिलाफ जीतने के लिए सम्मिलित प्रयास किया जाना आवश्यक है. इसलिए उन्होंने सक्षम व्यक्ति, जिम्मेदार सरकारी व गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र अभियान से जुड़ने की अपील की है.



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हुसैनगंज /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के दक्खिन मोहल्ला के निवासी सगीर हुसैन उर्फ अतहर हुसैन की बीती रात को सीवान आंदर मुख्य सड़क पर हथौड़ा बड़का टोला के समीप सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि सगीर हुसैन रमजान को लेकर घरेलू सामान खरीदने सीवान गया था. वहाँ से रात्रि में अकेले बाईक से घर लौट रहा था.इसी बीच हथौड़ा बड़का टोला के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया. वहीं रात्रि का लाभ उठा कर वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया. शव सड़क पर ही बहुत देर तक पड़ा रहा. स्थानीय लोगों द्वारा थाना में सूचना दी गई. सूचना पाते ही हुसैनगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल ले गयी. घटना की जानकारी मिलते ही सगीर के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.

# आपसी विवाद में मारपीट व लूटपाट की प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के रफीपुर निवासी अनुज कुमार पांडेय ने स्थानीय थाना पिस्टल के बल पर धमकाकर पैसे सहित कीमती सामान लूट लेने को लेकर दो व्यक्ति के खिलाफ स्थानीय थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।अपने आवेदन में कहा है कि 5 मार्च को मैं हसनपुरा से बाइक से घर लौट रहा था.उसी दौरान रौजा मोड़ और रफीपुर के बीच नहर के समीप पूर्व से घात लगाए एक बाईक पर दो सवार व्यक्ति मुझे रोक कर पिस्टल दिखा कर जबरन मेरे पॉकेट से मोबाइल छीन कर फेंक दिए और पॉकेट से दो हजार पांच सौ रुपये तथा गले से सोने की चेन तथा अंगुली से सोने की अंगुठी ठीन लिए. विरोध करने पर मारपीट कर दोनों रफीपुर की तरफ फरार हो गये. इस घटना में रफीपुर के सोहन श्रीवास्तव व पवन श्रीवास्तव को आरोपित किया गया है. थानाध्यक्ष द्वारा दोनों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है. वहीं रफीपुर के निवासी विजय सिंहा ने थाने में आवेदन देते हुए गाँव के ही दो व्यक्तियों को नामित तथा कुछ अज्ञात के बारे में बताया है कि मेरे खेत में लगी गेहूं की फसल को रोहित पांडेय व शशी भषण पांडेय सहित कुछ व्यक्ति रौंद कर बर्बाद कर रहे थे. ये देख कर मेरा लड़का पवन सिंहा रोकने के लिए गया. इस पर सभी आरोपी गाली गलौज करते हुए पिस्टल दिखा कर सोने की चेन, घड़ी और 1500/ रु छीन लिए. उसी दौरान मेरा छोटा लड़का वहाँ पहुंच कर उन लोगों को मना किया तो उसके साथ भी मारपीट किया गया. आवेदन के अनुसार थानाध्यक्ष आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज किया है.

# इलाज का पैसा नहीं देने पर बंधक बनाए गए नवजात को मुक्त कराया

**:पीड़ित व्यक्ति द्वारा शिकायत किए जाने पर प्रभारी मेडिकल ऑफिसर ने छापेमारी कर नवजात को मुक्त कराया**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैरवा रेफरल अस्पताल के प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रवि प्रकाश ने मैरवा के प्राणगढ़ी स्थित लक्ष्मीना सेवा सदन निजी अस्पताल में छापेमारी कर इलाज के पैसे के लिए तीन दिन से बंधक बनाए गए एक नवजात बच्चे को मुक्त कराया तथा बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया.बताया जाता है कि जीरादेई के कुकुघार्टी गांव के राजू कुमार के पत्नी प्रीति देवी ने तीन दिन पहले सामान्य प्रसव से लक्ष्मीना सेवा सदन में समय से पहले एक को जन्म दिया था.प्रसव के बाद राजू कुमार द्वारा जब इलाज के 24 हजार रुपए नहीं दिए गए तो डॉक्टर द्वारा प्रसूता को घर भेज दिया गया तथा बच्चे को रख लिया गया.बच्चे को जब डॉक्टर द्वारा नहीं दिया गया तो राजू कुमार ने मैरवा रेफरल अस्पताल के प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रवि प्रकाश से लिखित शिकायत किया.शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि लक्ष्मीना सेवा सदन के डॉक्टरों द्वारा तीन दिन के उसके नवजात बच्चे को बंधक बनाए हुए हैं और इलाज के नाम पर अधिक रुपये की मांग कर रहें हैं.सूचना मिलते ही प्रभारी मेडिकल ऑफिसर रवि प्रकाश मामले को संगठन लेते हुए लक्ष्मीना सेवा सदन पहुंचे तो जांच के दौरान चिकित्सक द्वारा मरीज को अशब्द भाषा का प्रयोग किया गया. इसके बाद मेडिकल ऑफिसर ने नवजात बच्चे को देने टिके, दवा सहित अन्य जानकारियां लिया है. उन्होंने चिकित्सक से अपना जवाब देने का निर्देश दिया है. बताया जाता है की निजी अस्पताल में मरीज प्रीति देवी का प्रसव नार्मल डिलीवरी हुआ था.जहां चिकित्सक के द्वारा 24 हजार से अधिक रुपये मांग की गई थी.पैसे नहीं देने पर नवजात बच्चे को बंधक बना लिया गया था.निजी अस्पताल के चिकित्सक ने कहा की मरीज के द्वारा साजिश के तहत आरोप लगाया है. इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा की नवजात बच्चे को मुक्त कराकर सीवान सदर अस्पताल में शिफ्ट कराया गया है और चिकित्सक दीपक कुमार यादव से अपना जवाब देने का निर्देश दिया गया है.सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि परिजनों के शिकायत पर बच्चे को मुक्त कराकर सदर अस्पताल के एसएनसीयू ने भर्ती किया गया है.

# होली में भीड़ को देखते रेल प्रशासन ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए बनाया कंट्रोल रूम

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर 14 मार्च शुक्रवार को होली के अवसर पर होने भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा,सुगमता एवं भीड़ प्रबंधन के लिए मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर अधिकारी एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है.होली पर्व के दौरान 15 मार्च से 18 मार्च तक वाराणसी मंडल कंट्रोल रूम में मंडलीय अधिकारी तीन शिफ्टों में भीड़ प्रबंधन एवं स्पेशल गाड़ियों के संचलन की निगरानी करेंगे. इन अधिकारियों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अनुभव पाठक,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजय प्रताप सिंह,मंडल परिचालन प्रबंधक रतनदीप गुप्ता,मंडल इंजीनियर सामान्य ए.के.पाण्डेय,सहायक वाणिज्य प्रबंधक पुष्कर सिंह रावत,सहायक परिचालन प्रबंधक एवं सहायक यांत्रिक इंजीनियर आदि वाराणसी मंडल पर चल रही सभी गतिविधियों की सघन मानिटरिंग करेंगे. उक्त अवधि में सीवान स्टेशन अधीक्षक कार्यलयों में स्थापित नियंत्रण कक्ष से पूर्ण निगरानी, वाणिज्यिक गतिविधियों की सघन मानिटरिंग के साथ-साथ यातायात निरीक्षक, लोको निरीक्षक,सिगनल व टेलीकाम निरीक्षक,विद्युत निरीक्षक, यांत्रिक निरीक्षक,पीवे निरीक्षक,रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक एवं सभी विभागीय वरिष्ठ पर्यवेक्षक अपने-अपने विभागों से सम्बंधित गतिविधियों की मानिटरिंग करेंगे और युक्तियुक्त निर्णय लेकर समाधान करेंगे.

**सीवान जंक्शन पर 24 घन्टे कार्य करेगा हेल्पडेस्क**

सीवान जंक्शन पर वाणिज्य विभाग द्वारा हेल्पडेस्क का संचालन किया जायेगा जो 24 घन्टे कार्य करेंगे. इन हेल्पडेस्क पर स्पेशल ट्रेनों की सूचना उपलब्ध रहेगी.जन-सम्बोधन प्रणाली से सभी स्टेशनों पर लगातार सूचनाये प्रसारित की जायेगी, विशेषकर स्पेशल ट्रेनों की सूचना लगातार प्रसारित की जायेगी. आवश्यकतानुसार सहयोग काउन्टर पर विशेष गाड़ियों की सूची प्रदर्शित की जाएगी.गाडियों का आगमन अपने निर्धारित प्लेटफार्म से होगा, प्लेटफार्म का परिवर्तन नहीं किया जायेगा. यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में परिवर्तन करना पडे तो पर्याप्त ठहराव समय देते हुए गाड़ी का संचालन कराया जायेगा.सीवान स्टेशन में अधिक से अधिक अनारक्षित टिकट एवं आरक्षण काउन्टर निरन्तर कार्य करेंगे.आवश्यकतानुसार अतिरिक्त काउन्टर से टिकट वितरण की व्यवस्था करायी जाएगी.स्टेशनों पर विद्युत तथा जल की निरन्तर आपूर्ति एवं सफाई सुनिश्चित की जायेगी. आगमन एवं प्रस्थान द्वार तथा प्लेटफार्म पर भीड़ नियंत्रण के लिये पर्याप्त रेल सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी.अनारक्षित टिकट एवं आरक्षण खिडकी पर लाइन लगवाने हेतु पर्याप्त रेल सुरक्षा बल लगाया जाएंगे.

# चमकी की तीन धमकी खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ

**स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस,पैरासिटामोल सहित अन्य दवाएं उपलब्ध रखने का दिया गया निर्देश**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और एक - एक चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने कहा कि एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम या चमकी बुखार होने के कारण, लक्षण, बचाव और समुचित इलाज की विस्तृत जानकारी हम सभी को होनी चाहिए. ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी संबंधित मरीजों का सुविधाजनक तरीके से जरूरी इलाज कर सकें. उन्होंने यह भी कहा कि सिर में दर्द, तेज बुखार, अर्ध चेतना, मरीज में पहचानने की क्षमता नहीं होना, भ्रम कि स्थिति में होना, बेहोशी, शरीर में चमकी, हाथ व पांव में थरथराहट, रोगग्रस्त बच्चों का शारीरिक व मानसिक संतुलन बिगड़ना एईएस व जेई के




सामान्य लक्षण हैं। ऐसे मामले सामने आने पर रोग ग्रस्त बच्चों का उचित उपचार बेहद जरूरी होता है. हालांकि गंभीर मामले में सबसे पहले अनिवार्य रूप से उपचार के साथ उन्हें तत्काल एंबुलेस उपलब्ध कराते हुए उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया जाना चाहिए.

चमकी बुखार और मस्तिष्क ज्वर से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चौकस जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार नीरज कुमार सिंह ने जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आने वाले गर्मी के दिनों में होने वाले संभावित चमकी बुखार और मस्तिष्क ज्वर से निपटने के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चौकस है. जिसको लेकर विभिन्न स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. इसी कड़ी में सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम दिन विभागीय अधिकारी के अध्यक्षता में प्रशिक्षण शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया. जिसमें जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और एक- एक चिकित्सकों सहित पीएचसी महाराजगंज अंतर्गत एपीएचसी बलिया के चार चिकित्सा पदाधिकारियों को जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश लाल और सदर अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के उपचार से संबंधित प्रशिक्षित किया गया.चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर संबंधी मामलों का कुशल प्रबंधन बेहद जरूरी है.

**चमकी की तीन धमकी खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ**

वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी सह नोडल अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल सहित सभी सीएचसी, पीएचसी में चमकी बुखार के उपचार और रोकथाम के लिए अलग से वार्ड बनाया जाएगा. इसके साथ हीं सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. इसके लिए विभागीय स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। हालांकि चमकी को धमकी के तहत तीन बातों को जरूर याद रखना चाहिए. खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ. बच्चे को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलाएं, सुबह उठते ही बच्चों को भी जगाए और देखें बच्चा कहीं बेहोश या उसे चमकी तो नहीं है. बेहोशी या चमकी को देखते ही तुरंत एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से नजदीकी अस्पताल ले जाना चाहिए. इस अवसर पर डीवीबीडीसीओ डॉ ओपी लाल, डीवीबीडीसी नीरज कुमार सिंह, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, वीडीसीओ प्रीति आनंद, विकास कुमार, कुंदन कुमार, राज तिलक के अलावा जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के एमओआईसी, एक एक चिकित्सा पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे.

# रेलवे कंपनी को मिला 28,29,14,088 रुपये का काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लगातार आज 5वें कारोबारी दिन रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में सोमवार की सुबह 3 प्रतिशत से अधिक की उछाल दर्ज की गई है। बता दें, कंपनी को 28,29,14,088 रुपये का काम मिला है। यह कंपनी को 6 सितंबर तक पूरा करना है। वर्क डीटेल्स के अनुसार इंडोर और आउटडोर डबल डिस्टेंट सिगनलिंग वर्क का काम कंपनी को मिला है।

**12 मार्च को कंपनी की है बड़ी मीटिंग-** रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की बोर्ड मीटिंग 12 मार्च को बुलाई गई है। कंपनी की इस मीटिंग में दूसरे अंतरिम डिविडेंड देने पर फैसला किया जाएगा। अगर बोर्ड की अनुमति मिली तो योग्य निवेशकों को डिविडेंड का फायदा मिल सकता है। बता दें, उम्मीद की जा रही है कि कंपनी डिविडेंड के साथ रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान 12 मार्च को ही कर सकती है।

### बीएसएफ ने भी मिला है काम

बीते हफ्ते कंपनी को उड़ीसा के स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से 2,62,33,85,540 रुपये का काम मिला था। इसके अलावा कंपनी को बीएसएफ ने भी काम दिया है। बीएसएफ ने कंपनी को 19,08,82,886 करोड़ रुपये का काम मिला है। ईस्टर्न रेलवे की तरफ से कंपनी को 47,50,05,370 रुपये का काम मिला है।

**तेजी के बाग शेयरों में दिखी नरमी-** रेल टेल कॉरपोरेशन के शेयर बीएसई में सोमवार को 304.70 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 309.10 रुपये के इंट्रा-डे हाई तक पहुंचने में सफल रहा है। हालांकि, कंपनी के शेयर 11 बजे के आस-पास गिरावट के साथ ट्रेड करने लगने थे। जिसकी वजह से शेयर 297 रुपये स्तर पर आ गया था।



### दिसंबर क्वार्टर में कैसा रहा कंपनी का प्रदर्शन

अक्टूबर से दिसंबर के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 65 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 5 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 62.10 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, तीसरे क्वार्टर में 767.60 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की

### वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए मिला ऑर्डर

नईदिल्ली, एजेंसी। रेल कंपनी ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में रॉकेट सा उछाल देखने को मिल रहा है। ओरिएंटल रेल के शेयर सोमवार को क्रश्व में 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 170.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 4 दिन से रेल कंपनी के शेयर अपर सर्किट पर हैं। वहीं, पिछले 5 दिन में ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 22 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को देश की पहली स्वदेशी सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए ऑर्डर मिला है। पिछले कुछ दिनों में रेल कंपनी को लगातार ऑर्डर मिले हैं।

### इस साल अब तक शेयरों में 47 प्रतिशत की गिरावट

ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में इस साल अब तक 47 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। रेल कंपनी के शेयर इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को 321.65 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 10 मार्च 2025 को 170.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 6 महीने में कंपनी के शेयर 44 पर्सेंट लुढ़क गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 445 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 137.20 रुपये है।

**दनादन 4 दिन से अपर सर्किट पर कंपनी के शेयर-** ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर लगातार 4 दिन से अपर सर्किट पर हैं। वहीं, पिछले 5 दिन में रेल कंपनी के शेयरों में 22 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 4 मार्च 2025 को 139.40 रुपये पर थे। रेल कंपनी के शेयर 10 मार्च 2025 को 170.30 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले एक महीने में ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 22.47 पर्सेंट की गिरावट देखने को मिली है। रेल कंपनी के शेयर 10 फरवरी 2025 को 219.65 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 10 मार्च 2025 को 170.30 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

**वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए मिला 42.89 करोड़ रुपये का ऑर्डर-** ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को वंदे भारत एक्सप्रेस में सीट्स की सप्लाई के लिए पहला बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला से मिला है। इस ऑर्डर की वैल्यू 42.89 करोड़ रुपये है। कंपनी को 24 जुलाई 2026 तक इसकी डिलीवरी करनी है। ओरिएंटल रेल को इससे पहले रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला से 3.08 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी को मार्च में ही नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे से 1.61 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके अलावा, रेल कंपनी को इंटेग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई से 1.64 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है।

## अमेरिका में फार्मा टैरिफ बढ़ने से भारतीय दवा उद्योग पर गहरा असर

### छोटी कंपनियों के लिए चुनौती

**नई दिल्ली।** अमेरिका में फार्मा आयात पर अगर टैरिफ बढ़ता है तो इसका भारतीय दवा निर्माताओं पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि इससे उत्पादन लागत बढ़ जाएगी। इससे अन्य देशों की तुलना में घरेलू कंपनियों को प्रतिस्पर्धा करने में दिक्कत होगी। कम मार्जिन पर काम करने वाली छोटी कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ सकता



है। उन्हें कारोबार बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के पार्टनर अरविंद शर्मा ने कहा, भारत वर्तमान में अमेरिकी दवाओं पर करीब 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय दवाओं पर कोई आयात शुल्क नहीं लगाता है। अमेरिका दवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। अगर वह भारत से दवा आयात पर भारी शुल्क लगाता है, तो इसका असर भारतीय दवा क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा और घरेलू खपत भी बाधित होगी। 2022 में अमेरिका में हर 10 में से चार दवाएं भारतीय कंपनियों की ओर से आपूर्ति की गई हैं। भारतीय कंपनियों की दवाओं से 2022 में अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को 219 अरब डॉलर की बचत हुई है। 2013 से लेकर 2022 के बीच 1.3 लाख करोड़ डॉलर की बचत हुई थी।

## शेयर बाजार में गिरावट का असरः तीन हफ्ते से नहीं आया एक भी आईपीओ

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में लगातार गिरावट का असर आईपीओ पर भी दिखने लगा है। पिछले साल कंपनियां जमकर सूचीबद्ध हुईं, पर पिछले तीन हफ्ते से एक भी कंपनी बाजार में नहीं उतरी है। जनवरी में सिर्फ पांच और फरवरी में चार कंपनियां पूंजी बाजार में उतरीं, जबकि दिसंबर में 16 आईपीओ आए थे। अंतिम आईपीओ क्वालिटी




पावर इलेक्ट्रिकल का 14 फरवरी को आया था। बाजार में सुस्ती का असर यह है कि तीन कंपनियों एडवांस्ड सिस्टम, एसएफसी एनवायरमेंटल एवं विनी कॉरपोरेशन ने जनवरी और फरवरी में जमा मसौदा वापस ले लिया था। 2024 में 91 सार्वजनिक निर्गमों के जरिये कंपनियों ने 1.6 लाख करोड़ जुटाए थे। विश्लेषकों का कहना है कि बाजार की गिरावट ने जनवरी व फरवरी में कई सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्यों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। इससे निवेशक आईपीओ में पैसा लगाने से बच रहे हैं ।हालांकि, कंपनियां बड़े पैमाने पर मसौदा जमा करा रही हैं।

### 45 कंपनियों को मिली मंजूरी

इस समय 45 कंपनियों को इश्यू लाने की सेबी से मंजूरी मिल चुकी है, जो 67,000 करोड़ जुटाएंगी। 69 कंपनियां मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। दो महीनों में करीब 30 कंपनियों ने मसौदा जमा किया है।

### एफएओ की रिपोर्टः इस साल दुनियाभर में बढ़ेगा गेहूं उत्पादन

# भारत की मदद से धान भी तोड़ेगा रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़कर 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 की तुलना में करीब एक फीसदी अधिक होगा।यूरोपीय संघ, विशेष रूप से फ्रांस और जर्मनी में गेहूं की पैदावार में इजाफा हो सकता है, क्योंकि इन क्षेत्रों में बुवाई का रकबा बढ़ने की संभावना है। हालांकि, पूर्वी यूरोप में सूखे और पश्चिमी यूरोप में भारी बारिश के कारण उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका में भी गेहूं का रकबा बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन सर्दियों में सूखे के कारण पैदावार मामूली घट सकती है।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक, धान उत्पादन को लेकर भी सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से भारत में बेहतर फसल और कंबोडिया एवं म्यांमार में अनुकूल मौसम परिस्थितियों के कारण होगी।

संगठन ने अपने वैश्विक अनाज उत्पादन पूर्वानुमान को बढ़ाकर 284.2 करोड़ टन कर दिया है, जो 2023 की तुलना में थोड़ा अधिक है। साथ ही, 2024-25 में अनाज की कुल खपत 286.7 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है, जिसमें एक फीसदी की वृद्धि होगी। यह वृद्धि मुख्य रूप से चावल की बढ़ती मांग के कारण हो सकती है। दूसरी ओर, गेहूं की खपत स्थिर रहने का अनुमान है।

- **वैश्विक अनाज भंडारण में गिरावट की आशंका-** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन का अनुमान है कि 2025 में वैश्विक अनाज भंडार 1.9 फीसदी घटकर 86.93 करोड़ टन रह सकता है। हालांकि, रूस और यूक्रेन में भंडारण बढ़ने से इस गिरावट को आंशिक रूप से संतुलित किया जा सकता है। स्टॉक-टू-यूज अनुपात 29.9 फीसदी तक गिरने की आशंका है, लेकिन इसे अब भी संतोषजनक माना जा रहा है। वैश्विक व्यापार में भी कमी आने की आशंका है, क्योंकि एफएओ ने अपने पूर्वानुमान को घटाकर 48.42 करोड़ टन कर दिया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.6 फीसदी कम है। इसकी वजह निर्यात में होने वाले बदलाव हैं।
- **क्षेत्रवार मिलीजुली स्थिति-** उत्तरी अफ्रीका में कम बारिश से उत्पादन प्रभावित हो सकता है, जबकि दक्षिणी अफ्रीका में 2024 की गिरावट के बाद बेहतर बारिश से फसल उत्पादन में सुधार की उम्मीद है। पूर्वी एशिया में बेहतर बुवाई और अनुकूल मौसम के चलते गेहूं उत्पादन बढ़ सकता है, लेकिन निकट पूर्व एशिया में कम बारिश के कारण गेहूं की पैदावार पिछले पांच साल के औसत से कम रह सकती है। मध्य अमेरिका व कैरेबिया में शुष्क मौसम के कारण मेक्सिको में अनाज बुवाई घट सकती है।

## आर्मी ने दिया एचएफसीएल को 44 करोड़ रुपये का काम, 100 रुपये से कम का है शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन आर्मी की तरफ से एचएफसीएल की सब्सिडियरी को काम मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल वैल्यू 44.36 करोड़ रुपये की है। कंपनी के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। बीएसई में एचएफसीएल 84.81 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 85.90 रुपये के लेवल पर था।

### क्या मिला है काम

एक्सचेंज को दी जानकारी में एचएफसीएल ने बताया है कि सब्सडियरी एचटीएल को 44.36 करोड़ रुपये का काम मिला है। कंपनी को इंडियन आर्मी को टैक्टिकल ऑप्टिकल फाइबल केबल एसेंबलीज का काम मिला है। इससे पहले कंपनी ने बीएसएनएल के साथ फरवरी में एग्रीमेंट किया है। पंजाब टेलीकॉम सर्किल में कंपनी को 2501.30 करोड़ रुपये का काम मिला है।

**कंपनी की वित्तीय स्थिति कैसी-** दिसंबर क्वार्टर एचएफसीएल के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.40 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 73.65 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 82.24 करोड़ रुपये रहा था।

**शेयर बाजार में कंपनी का अच्छा नहीं रहा है प्रदर्शन-** स्टॉक मार्केट में एचएफसीएल के शेयर संघर्ष करते दिखे हैं। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 प्रतिशत गिरा है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 26 प्रतिशत टूट चुका है। एक साल पहले एचएफसीएल के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 18 प्रतिशत का नुकसान हुआ है।

# सुजलॉन एनर्जी के लिए आई अच्छी खबर, 70 तक पहुंच सकता है भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी के निवेशकों के लिए अच्छी खबर आई है। आज सुबह स्टॉक मार्केट में सुजलॉन एनर्जी के शेयर में तेजी देखी गई। सुजलॉन का शेयर आज एनएसई पर 55.11 रुपये पर खुला और इंट्राडे में 56.69 रुपये के हाई को छू गया। यह शुक्रवार के क्लोजिंग प्राइस 54.92 रुपये के मुकाबले 3 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त है। सोमवार सुबह के कारोबार में लगातार छठे सत्र में तेजी के साथ सुजलॉन के शेयर ने पिछले छह दिनों में 14 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की है।

स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सुजलॉन के शेयर का 52 रुपये पर मजबूत सपोर्ट है और स्टॉक को 58 से 60 रुपये के रेंज में रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ रहा है। अगर यह इस रेंज को पार कर जाता है, तो स्टॉक जल्द ही 62 और 70 रुपये प्रति शेयर के स्तर को छू सकता है। अगर यह 52 रुपये के स्तर से नीचे टूटता है, तो स्टॉक में गिरावट आ सकती है।

सुजलॉन के शेयर में तेजी तब शुरू हुई जब ब्रोकरेज फर्म इन्वेस्टेक ने इस स्टॉक पर 70 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू की। इन्वेस्टेक के विश्लेषकों का मानना है कि सुजलॉन एनर्जी विंड एनर्जी सेक्टर में हो रहे पुनरुद्धार से फायदा उठाने के लिए मजबूत स्थिति में है। कंपनी का ऑर्डर बुक 5.5 तङ्ख तक पहुंच गया है, और इसकी सप्लाई चेन भी अच्छी तरह से ऑप्टिमाइज्ड है।

### जल्द ही 62 रुपये के स्तर को छू सकता है

चॉइस ब्रोकिंग के सुमित बगड़िया ने कहा कि सुजलॉन का शेयर टेक्निकल चार्ट पर पॉजिटिव दिख रहा है। अगर यह 58 से 60 रुपये के रेंज को पार कर लेता है, तो यह जल्द ही 62 रुपये के स्तर को छू सकता है। हालांकि, अगर यह 52 रुपये के स्तर से नीचे टूटता है, तो स्टॉक में गिरावट आ सकती है।



# ओला इलेक्ट्रिक के शोरूम पर छापे 54 रुपये पर आया 157 वाला शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक के शोरूम पर ट्रेड सर्टिफिकेट न होने के आरोप में छापे मारे गए हैं। कंपनी ने पिछले कुछ सालों में 4,000 से ज्यादा शोरूम खोले हैं, लेकिन ब्लूमबर्ग न्यूज की जांच में पता चला है कि इनमें से ज्यादातर शोरूम के पास जरूरी ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं हैं। ग्राहकों की शिकायतों के बाद कई राज्यों के परिवहन अधिकारियों ने ओला के शोरूम पर छापे मारे, वाहन जब्त किए और कंपनी को नोटिस भेजे हैं। कानून के मुताबिक, हर ऑटो शोरूम को ट्रेड सर्टिफिकेट दिखाना जरूरी है, अगर वह बिना रजिस्टर्ड वाहन रखता है। छापों की खबर के बाद ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में करीब 4 पर्सेंट की गिरावट है। आज यह 56.36 रुपये पर खुला और 54.12 रुपये तक दिन के निचले स्तर तक आ गया। इसका 52 हफ्ते का हाई 157.40 रुपये और लो 53.62 रुपये है। ओला ने कहा है कि उनके वेयरहाउस और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर कानून



का पूरी तरह से पालन करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या उनके शोरूम के पास ट्रेड सर्टिफिकेट हैं।

**ओला के प्रवक्ता ने क्या कहा-** ओला के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, आपकी जांच के निष्कर्ष कि गैर-अनुपालन है, गलत और पक्षपातपूर्ण हैं। उन्होंने आगे कहा कि ओला के पास भारत के विभिन्न राज्यों में वितरण केंद्र और गोदाम हैं, जो मोटर व्हीकल्स एक्ट के दिशानिर्देशों का पूरी तरह से पालन करते हैं और उनके पास आवश्यक अनुमोदन हैं। ब्लूमबर्ग न्यूज के साथ साक्षात्कार में कम से कम छह स्थानीय परिवहन अधिकारियों ने कहा कि वे ओला पर कथित उल्लंघनों की जांच कर रहे हैं। यह ओला के

### 25,000 से ज्यादा वाहन बेचे, लेकिन

स्कूटर निर्माता ने 28 फरवरी को एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसने पिछले महीने 25,000 से ज्यादा वाहन बेचे थे, जबकि सरकारी पोर्टल वाहन से पता चलता है कि 8,600 से ज्यादा पंजीकृत थे। यह बड़ा अंतर संभावित रूप से एक रेड फ्लैग है, क्योंकि ग्राहक भारत में बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन प्राप्त नहीं कर सकते हैं। भारतीय वाहन निर्माता आमतौर पर अपनी बिक्री में केवल रजिस्टर्ड वाहनों को ही गिनते हैं। ओला द्वारा एक्सचेंजों को अपनी बिक्री संख्या की घोषणा करने के एक हफ्ते बाद भी सभी चालान किए गए वाहनों को रजिस्ट्रेशन न करना ( स्थानीय नियम इसे सात दिन की अवधि तक देते हैं) राज्य सरकार के कानूनों के साथ टकराव का जोखिम उठाता है।

## अगर आपकी कमाई पर कट रहा ज्यादा टीडीएस तो कटौती से बचने के लिए भरें फॉर्म-13

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपकी कमाई पर ज्यादा टीडीएस कट रहा है और आप हर साल टैक्स रिफंड की झंझट से बचना चाहते हैं, तो फॉर्म-13 भरना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। आयकर विभाग ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यह फॉर्म जारी किया है, जिससे करदाताओं को कम या शून्य टीडीएस कटौती की सुविधा मिल सकती है। इस फॉर्म को भरकर पहले से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि आय पर अतिरिक्त टीडीएस न कटे।

### क्या है फॉर्म-13




अक्सर देखा जाता है कि बैंक, कंपनियां, नियोक्ता और अन्य संस्थान आयकर अधिनियम- 1961 के तहत निर्धारित दरों पर टीडीएस काटते हैं, भले ही टैक्सपेयर की कुल कर देनदारी उतनी न बनती हो। कई लोगों का मासिक बजट प्रभावित होता है और अंत में उन्हें टैक्स रिफंड के लिए आवेदन करना पड़ता है। इस परेशानी से बचाने के लिए सरकार ने करदाताओं को फॉर्म-13 की सुविधा दी है। यह आयकर अधिनियम-1961 के तहत उपलब्ध एक विशेष फॉर्म है, जो करदाताओं को कम या शून्य टीडीएस कटौती के लिए आवेदन करने की सुविधा देता है। यानी करदाता इसकी मदद से पहले ही अनुरोध कर सकते हैं उनके आय स्रोतों पर सही अनुपात में टीडीएस काटा जाए। इससे वह अतिरिक्त कटौती से बच जाते हैं। यह फॉर्म उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो बैंक ब्याज, डिविडेंड, या अन्य स्रोतों से आय प्राप्त करते हैं और जिनकी आयकर देयता शून्य होती है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 10-03-2025 21:57 Page 1



# 16 घरों पर बुलडोजर चलाने का आदेश

## अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की टीम ने की थी जांच




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा नदी के किनारे बसे 16 अतिक्रमणकारियों पर अब कभी भी गाज गिर सकता है। दायर किए गए वादों की अलग-अलग तिथियों में हुई सुनवाई के बाद अब अंतिम आदेश पारित करते हुए सेक्शन 6 (2) के तहत अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नोटिस दिया जा चुका है।

मानगो के अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को इस संबंध में अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि अब प्रशासन की ओर से जिस दिन पुलिस फोर्स के साथ मजिस्ट्रेट की नियुक्ति होती है, उस दिन अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

एनजीटी के आदेश के बाद जांच की गई थी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के पारित आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन के आदेश के बाद मानगो अंचल अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी के किनारे सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

अतिक्रमण कर बनाए घर मकान की जांच अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की टीम द्वारा की गई थी। जांच में पाया गया कि 16 लोग सरकारी जमीन पर कब्जा करके घर बनाए हुए हैं।

सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वाद दायर की गई थी। इस पर कार्रवाई के लिए फाइनल रिपोर्ट बनाकर जिला प्रशासन को भेज दी गई है। स्वर्णरेखा नदी के किनारे अतिक्रमण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उन 16 लोगों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने सरकारी जमीन पर घर बनाया है।

चिन्हित अतिक्रमणकारियों में भालु यादव, महेंद्र यादव, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र यादव, शंकर यादव, मनोज गौड़, राजू राय, नवीन रूहीदास, ललन यादव, अखई कैवर्त, जेएल शर्मा, साईं सूरज आश्रम, मनोहर कैवर्त, गनौरी वर्मा, हरि भुइयां और रिंकू दास का नाम शामिल है।

### सीओ ने लिया अतिक्रमण का जायजा

**हुसैनाबाद।** अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने अतिक्रमण पर प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत हुसैनाबाद के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर अतिक्रमण का जायजा लिया। नागरिकों की शिकायत पर एसडीएम के पत्रांक संख्या 290 01-03-2025 के आलोक में अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने हरही नदी जपला हैदरनगर रोड स्थित किला रोड जाने वाली सड़क के अतिक्रमण का जायजा लिया।

उन्होंने अतिक्रमण करने वाले लोगों को अपनी जमीन का नापी कर अतिक्रमण कर निर्माण को हटाने का निर्देश दिया। अंचल पदाधिकारी ने हुसैनाबाद सब्जी बाजार में भी अवैध रूप से सड़क पर ठेला खोमचा की दुकान हटवाया। नगर पंचायत की ओर से भी माइकिंग कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है।

# कांग्रेस में कमेटी गठन को लेकर गतिविधियां शुरू

### सक्रिय चेहरों को मिलेगी जगह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर गतिविधियां शुरू हो गई हैं। कमेटी में कुछ और नए चेहरे जुड़ेंगे, जिनमें अनुसूचित जाति और ओबीसी समुदाय के लोगों के जुड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। नई कमेटी अपेक्षाकृत छोटी हो सकती है। इसको लेकर गतिविधियां तेजी से चल रही हैं।

सूत्रों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अपने दौरे के क्रम में सभी जिलों में और प्रदेश स्तर पर सक्रिय चेहरों की पहचान कर रहे हैं, ताकि कमेटी के विस्तारीकरण पर कहीं से कोई सवाल न उठे। झारखंड में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर काम लगभग पूर्ण हो चुका था, लेकिन इसी बीच तत्कालीन प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को झारखंड से हटाकर अन्य राज्य की जिम्मेदारी दे दी गई।

गुलाम अहमद मीर को झारखंड से हटाए जाने की वजह से पूरा समीकरण गड़बड़ हो गया और कमेटी का गठन टल गया। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने अपने-अपने स्तर से लोगों की पहचान कर ली है और माना जा रहा है कि शीघ्र ही कमेटी का अंतिम स्वरूप सभी के सामने होगा।

कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव आदि तमाम पदों पर नेताओं-कार्यकर्ताओं का चयन होगा और इस प्रकार लगभग सौ लोगों की कमेटी बनकर तैयार होगी। अभी तक जो भी कमेटी बनी है, उसमें सदस्यों की संख्या सवा सौ के आसपास रही है।

इस बार अपेक्षाकृत छोटी कमेटी रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सचिव स्तर के पदों में कुछ कमी की जा सकती है। उपाध्यक्षों की संख्या भी पहले से कम हो सकती है।

### निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्येक वार्ड में खड़ा करेगी प्रत्याशी

**आदित्यपुर ।** सरायकेला-खरसांवा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार की अध्यक्षता में रेलवे मैदान स्थित सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आसन्न निकाय व पंचायत चुनाव को देखते हुए जिले के पदाधिकारी एवं प्रमुख कांग्रेसियों के साथ रणनीतियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से आदित्यपुर सरायकेला व कपाली नगर निकाय चुनाव को मजबूती के साथ लड़ने पर सहमति जताई गई।

संबंधित निकायों के सभी वार्डों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उतारने पर विचार किया गया। मौके पर अंबुज ने कहा कि सभी निकाय एवं पंचायत क्षेत्र से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया गया है।

# होली के मौके पर 13 मार्च से 15 मार्च तक बंद रहेगा स्कूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन ने चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल गैरागी मरकच्चो में जिला स्तरीय बैठक सह होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल ने घोषणा की कि होली का अवकाश 13 से 15 मार्च तक रहेगा। इसका अनुपालन जिला के सभी निजी विद्यालय करेंगे। उन्होंने कहा कि निजी स्कूल संघ का यह पहल है जो प्रत्येक वर्ष शिक्षकों की एकता कायम रखने के लिए प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर उसे नई ऊर्जा प्रदान करती है। निजी विद्यालय को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा संगठन दिनों दिन पूरे प्रदेश ही नहीं पूरे देश में प्रगति के पथ पर पर अग्रसर है। जिले के तमाम प्राइवेट स्कूल के संचालकों ने आह्वान करते हुए कहा कि अगर आपका सहयोग भरपूर मिलता रहा तो सरकार से हर मांग लड़कर हम लोग ले सकेंगे।

लोग होली को लेकर किसी प्रकार संशय नहीं रखें। होली का पर्व नियमानुसार आगामी 15 मार्च को मनाई जाएगी। सभी लोग इस तिथि को ही दिन भर होली मना सकते हैं।

उक्त बातें गढ़वा में गढ़देवी मंदिर के पुरोहित राजन पांडेय व अन्य गणमान्य लोगों ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च को रात एक बजे से सुबह पांच बजे तक होगा।

चूंकि पूर्णिमा सुबह 11:15 तक है, तो होली 15 मार्च को सारे दिन मनाई जाएगी एवं घर के कुल देवता का भी पुजाई 15 मार्च शनिवार को होगी।

होली व रमजान को लेकर पलामू के छतरपुर थाना में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें सौहार्दपूर्ण माहौल में होली व रमजान मनाने का निर्णय लिया गया। कई वक्ताओ ने त्योहारों के दौरान ड्रंक एंड ड्राइव पर रोक लगाने व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर जोर दिया।

पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी आपत्तिजनक गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की।

उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है, जिसे सभी को मिलजुलकर खुशी से मनाना चाहिए।

मौके पर पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बताया जा रहा है कि होली को लेकर सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है।

### मनाया गया दिशोम बाहा बोंगा का त्योहार

**आदित्यपुर।** सरना महासभा आदित्यपुर के तत्वावधान में दिशोम बाहा बोंगा का त्योहार मनाया गया।

मौके पर फुटबाल मैदान में आहूत कार्यक्रम में पारंपरिक गीत, संगीत और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने किया। मौके पर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्य अतिथि, झामुमो के केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, लखीचरण किस्कू अतिथि के रुप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राज्य में 36 हजार शिक्षकों की बहाली शीघ्र करने जा रही है।

वहीं, भाजपा द्वारा शिक्षा विभाग में जंग लगा दिया गया था। जिसको अब हटाया जा रहा है। राज्य में सरकार आदिवासी व मूलवासियों के विकास के प्रति संकल्पित है।

शिक्षा मंत्री ने उपस्थित महिला-पुरुषों को दिशोम बाहा बोंगा की शुभकामनाएं दी तथा आपसी प्रेम और भाईचारा की भावना के साथ इसका आनंद लेने की अपील की।

इस अवसर पर नायके बाबा दीकूराम मांझी, सावना टुडू, डब्बा मांझी, हरिमोहन टुडू, सुरेंद्र सोरेन आदि उपस्थित थे।

# होली में कई शहरों के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** होली के लेकर अलग-अलग शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। रेलवे ने 11 से 14 मार्च तक टाटा-बक्सर, रांची-गोरखपुर व गोंदिया-पटना समेत अन्य शहरों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। स्पेशल ट्रेनें बोकारो व गोमो होकर चलेंगी। इनमें टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है।

राउरकेला-जयनगर और मौर्य समेत उत्तर बिहार की अन्य ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा को ध्यान में रख कर रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रांची-जयनगर होली स्पेशल 12 को चलेगी।

धनबाद के साथ-साथ बोकारो व जामताड़ा के यात्री भी उत्तर बिहार तक पहुंच सकेंगे। इस ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी व सेकेंड एसी की पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं।

स्पेशल ट्रेन से उत्तर पहुंचने के लिए नियमित ट्रेन की तुलना में अधिक किराया चुकाना होगा। राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस की तुलना में होली स्पेशल में धनबाद से जयनगर तक का स्लीपर का किराया 270 के बदले 385 रुपये चुकाना होगा। थर्ड एसी में 730 के बदले 1050 तथा सेकेंड एसी में 1035 के बदले 1440 रुपये चुकाना होगा। धनबाद से बरौनी, समस्तीपुर या दरभंगा पहुंचने के लिए भी स्पेशल ट्रेन का किराया इतना ही वलूला जाएगा।

08105 रांची-जयनगर होली स्पेशल 12 मार्च को रांची से दोपहर 2:30 पर रवाना होगी। शाम 4:55 पर बोकारो, 5:40 पर चंद्रपुरा तथा शाम 7:05 पर धनबाद आएगी। अगले दिन सुबह 6:00 बजे जयनगर पहुंचेगी।

08106 जयनगर-रांची होली स्पेशल 13 मार्च को जयनगर से दोपहर 12:10 पर रवाना होगी। रात 10:35 पर धनबाद, रात 12:08 पर चंद्रपुरा, 12:45 पर बोकारो तथा अलसुबह 3:30 पर रांची पहुंचेगी। रांची-जयनगर स्पेशल का ठहराव मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, धनबाद, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, बरौनी, समस्तीपुर व दरभंगा में होगा।

धनबाद से 22 घंटे तो हावड़ा से दिल्ली पहुंचने में 29 घंटे, किराया 25% ज्यादा नियमित ट्रेनों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक किराए के बाद भी स्पेशल ट्रेनों की चाल सुस्त है।

संपर्क क्रांति से आनंदविहार पहुंचने में 15 घंटे 35 मिनट तो हावड़ा-बाड़मेर एक्सप्रेस से दिल्ली पहुंचने में 16 घंटे 35 मिनट लगते हैं। धनबाद होकर चलने वाली हावड़ा-आनंदविहार दिल्ली होली स्पेशल ट्रेन से धनबाद से आनंदविहार पहुंचने में 22 घंटे पांच मिनट तो हावड़ा से आनंदविहार पहुंचने में 28 घंटे 50 मिनट लगेंगे। ट्रेन लेट हो गई तो समय अवधि और बढ़ जाएगी।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/647, दिनांक 06.03.2025** में शुद्धिपत्र, जो पहले मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा प्रकाशित की गई थी, **क्रमांक 1; निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3327;** कार्य का नाम इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए 1) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 16/1-2 पर समपार संख्या 8/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 2) विद्युत (जी) कार्य 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण के संबंध में मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 11/12-13 पर समपार संख्या 6/सी/टी के बदले'। 3) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 9/4-5 पर समपार संख्या 4/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 4) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 23/7-8 पर समपार संख्या 14/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 5) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 21/8-9 पर समपार संख्या 13/सी/ई के बदले सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के संबंध में मौजूदा प्रविष्टि के स्थान पर। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(HWH-660/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter


# शिक्षा से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित खेल मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रथम दीक्षांत समारोह 2025 का भव्य आयोजन हुआ।

विश्वविद्यालय पहला दीक्षांत समारोह आयोजित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न भी मनाया, जो संस्थान की यात्रा में गौरवपूर्ण और भावनात्मक क्षण की तरह दिखा।

एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा शैक्षणिक शोभा यात्रा एवं झारखंड की संस्कृति पर आधारित संगीत एवं नृत्य द्वारा सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया।

इधर, समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ,विशिष्ट अतिथि उपयुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया।

बाद में सभी मुख्य एवं सम्मानित अतिथियों को पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने स्मारिका का विमोचन किया गया।

स्वागत भाषण कुलसचिव प्रो. डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया और बहुमूल्य समय और उपस्थिति से कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।

संबोधन में कहा की यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण का दिन है। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ने रवींद्र नाथ महतो ने सभी उपाधि प्राप्त छात्रों को उनकी सफलता और उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय सभी आधारभूत संरचना को पूर्ण किया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। इधर, प्रति कुलपति द्वारा प्रतिवेदन प्रति कुलपति प्रो. डॉ. रश्मि ने प्रस्तुत किया।

# डीजीएम कुमार गौरव की हत्या को ले भाजपा विधायक ने सदन में किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी कोयला परियोजना के केरेडारी में डिस्पैच विभाग के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या सहित हाल के दिनों में हुई घटनाओं के विरोध में भाजपा ने सोमवार को पहली पाली में सदन में जमकर हंगामा किया।

कानून व्यवस्था पर सदन में चर्चा कराने की मांग को लेकर कई भाजपा विधायक स्पीकर के समक्ष पहुंचकर नारेबाजी करने लगे ।स्पीकर रबींद्रनाथ महतो द्वारा बार-बार सीट पर जाने के अनुरोध के बाद भी उनका प्रदर्शन जारी रहा, जिससे स्पीकर को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे के लिए स्थगित करनी पड़ी। भाजपा के प्रदर्शन के कारण प्रश्नकाल नहीं हो सका।

पहली पाली में विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या का मामला उठाते हुए कहा कि राज्य में लगातार हत्याएं हो रही हैं। पिछले दिनों चान्हो के आश्रम में हत्याएं हुईं। रांची में कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली मारी गई। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कानून व्यवस्था की इतनी बदतर स्थिति कभी नहीं हुई।

बाबूलाल मरांडी ने कहा, सत्ता पक्ष के लोग कहते हैं, हेमंत है तो हिम्मत है, लेकिन अब लग रहा है कि हेमंत है तो अपराधी हैं। उन्होंने स्पीकर से कहा कि वर्तमान में राज्य में सबसे ज्वलंत मुद्दा विधि व्यवस्था की है। कोयलांचल के लोग परेशान हैं। इसलिए, सदन में सारा काम छोड़कर इस पर चर्चा कराने की आवश्यकता है।

इस बीच भाजपा के अन्य विधायक भी एक साथ इसकी मांग करते हुए स्पीकर के समक्ष पहुंच गए। स्पीकर ने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात रख दी है। यह सरकार के संज्ञान में आ गया है। वे प्रश्नकाल को बाधित न करें ।इधर, भाजपा विधायक स्पीकर के समक्ष 'अपराधियों को संरक्षण देना बंद करो' और 'मुख्यमंत्री हाय-हाय' के नारे लगाने लगे। हंगामा के बीच ही सदन मुश्किल से छह-सात मिनट ही चला कि स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

इस कारण न तो अल्पसूचित प्रश्न लिए गए और न ही तारांकित। हालांकि सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद शून्यकाल की सूचनाएं ली जा सकीं तथा ध्यानाकर्षण के भी प्रश्न आए।

दोपहर 12.07 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद भी भाजपा विधायक सीपी सिंह ने एक बार फिर इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों को जीना दुभर हो गया है। उन्होंने कहा कि डीजीपी इतने बेशर्म हैं कि कहते हैं कि जेल से हत्या की प्लानिंग हो रही है। ऐसा है तो पुलिस क्यों नहीं अपराधियों को रिमांड पर लेती है। सीपी सिंह ने कहा, राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

सं. **सी8-जीएमयू-एमपीएस-एएसएन-2025** **दिनांक : 07.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 आसनसोल मंडल में जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) के अंतर्गत मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल और बहुउद्देशीय स्टॉल के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- **(1) नीलामी सूची संख्या : श्रेणी-जीएमयू-25-3; अनुक्रम संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; ई-नीलामी तिथि/समय; कार्य का विवरण निम्नानुसार है: एए/1**; श्रेणी-एएसएन-केजेएमई-जीएमयू-15-24-1; 19.03.25 को 13:30 बजे; काजोराग्राम रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर अंडाल छोर के प्लेटफार्म शेड के पास जनरल माइनर यूनिट के तहत 05 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। महिलाओं के लिए निर्धारित; **एए/2**; श्रेणी-एएसएन-यूकेए-जीएमयू-14-24-1; 19.03.25 को 13:40 बजे; उखरा रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर सैंथिया छोर के प्लेटफार्म शेड के पास जनरल माइनर यूनिट के तहत 05 वर्षों की अवधि के लिए मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **एए/3**; श्रेणी-एएसएन-ओवाईआर-जीएमयू-23-24-1; 19.03.25; 05 वर्ष की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के तहत वारिया रेलवे स्टेशन (श्रेणी ई) के प्लेटफार्म नंबर 3-4 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **एए/4**; श्रेणी-एएसएन-एमएनएई-जीएमयू16-24-1; 19.03.25 14:00 बजे; 05 वर्ष की अवधि के लिए जनरल माइनर यूनिट के तहत मानकर रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के प्लेटफार्म नंबर 1-2 पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **एए/5**; श्रेणी-एएसएन-सीएएम-जीएमयू-67-24-1; 19.03.25 14:10 बजे; छोटा अंबोना (श्रेणी ई) रेलवे स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **एए/6**; श्रेणी-एएसएन-केएमएमई-जीएमयू-24-23-1; 19.03.25 14:20 बजे; कुमारडूबी रेलवे स्टेशन (श्रेणी डी) के डाउन प्लेटफार्म पर, केएलके छोर पर फुट ओवर ब्रिज के पास जनरल माइनर यूनिट के तहत 05 वर्ष की अवधि के लिए मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल (10'X6' = 60 वर्ग फीट) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। **(2) नीलामी सूची संख्या : एएसएन-एमपीएस-25-2; क्रम संख्या; लॉट संख्या/श्रेणी; ई-नीलामी तिथि/समय; कार्य का विवरण इस प्रकार है: एए/1; एमपीएस-एएसएन-केजेएमई-एमपीएस-7-24-1**; 19.03.25 को 12:30 बजे; काजोरग्राम रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास प्लेटफार्म नंबर 1 पर मल्टीपर्पस स्टॉल (एमपीएस) (10'X6' = 60 वर्ग फीट) का 05 वर्ष की अवधि के लिए आवंटन। अनारक्षित (कोई भी एक) के लिए निर्धारित। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं और दिए गए शेड्यूल के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-371/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**ई-नीलामी सूचना**

**संख्याः कॉम.एल.-1/पार्किंग/03/2/25** **दिनांकः 07.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: ●**श्रेणीः** पार्किंग; **नीलामी सूची संख्याः** पार्क74; **लॉट संख्या/श्रेणीः** पार्किंग-आद्रा-बीडब्ल्यूसीएन-टीडब्ल्यू-56-25-1 (पार्किंग-दोपहिया वाहन); **नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट):** 24.03.25 को 12:00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि/समयः** 24.03.25 को 12:30 बजे। **नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।**

**(PR -1216)** **रिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2025/बी/5981781; दिनांकः 05.03.2025** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम और एफआरटी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **मद श्रेणीः** सेवाओं के लिए कस्टम बोली – लिलुआ, बेलूड़, बाली, उत्तरपाड़ा, हिंदमोटर, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडू, पांडुआ, मेमारी, बीआरएमएच, हुगली, आदिसप्तग्राम, बैंची, रसुलपुर, पाला रोड, बेलानगर स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों की बाहरी एजेंसियों द्वारा मशीनीकृत मैनुअल सफाई के साथ-साथ ट्रैक से कचरा उठाने और VAT के कूड़े-कचरे के निपटान कार्य के लिए कस्टम बोली; समान श्रेणीः सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन कार्य-परिणाम आधारित; **अनुमानित बोली मूल्य (रु):** 3,25,82,261.46; **ईएमडी विवरणः सलाहकार बैंकः** भारतीय स्टेट बैंक; ईएमडी राशि (रु): 3,12,920.00; **अर्बिट्रेशन खंडः** नहीं; **मध्यस्थता खंडः** नहीं; **अनुबंध अवधिः** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 दिन; **बोली समाप्ति तिथि/समयः** 14.03.2025, 14.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समयः** 14.03.2025 पूर्वाह्न 14.30 बजे; **कार्यालय का नामः** हावड़ा मंडल; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 163 लाख; **समान/समरूप कार्य के लिए पिछले अनुभव की आवश्यक अवधि :** 3 वर्ष; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए एमएसई छूटः** नहीं; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूटः** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेजः** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज क्रेता द्वारा मूल्यांकन करने के लिए अवश्य अपलोड किए जाना चाहिए; **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षमः** नहीं; **बोली का प्रकारः** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समयः** 2 दिन; **मूल्यांकन विधिः** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरणः सलाहकार बैंकः भारतीय स्टेट बैंक; ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना):** 30

(HWH-657/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उर्दू उमवि की जमीन मापी संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** चिरप्रतीक्षित उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्माटांड की जमीन जिसका खाता नं 120 प्लांट नं 813,815 रकवा 1.99 डीसमील की मापी टुण्डी अंचलाधिकारी के आदेश पर सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज सोमवार सरकारी अमीन के द्वारा किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व में भी इस जमीन को लेकर पंचायत के सभी गणमान्यों ने जमीन की मापी का कार्य किया था फिर उस मापी की मान्यता स्वीकार नहीं किया गया था। आज सोमवार को जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, मुखिया प्रतिनिधि निमाई चन्द्र सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरकारी अमीन से मापी का कार्य किया गया इसी बीच कुछ लोगों को इस मापी कार्य उचित नहीं लगा तो बीच में तू-तू मैं-मैं होने का समाचार है फिर सभी जनप्रतिनिधियों की सलाह पर मापी के बाद जे सी बी मशीन से चिन्हित कर दिया गया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरूचरण बास्की, मुखिया प्रतिनिधि निमाई चन्द्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ अनवर अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य भोला नाथ महतो, वार्ड सदस्य हफीजुल अंसारी, कांग्रेस नेता इलियास अंसारी, सुखलाल हांसदा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### एम्बुलेंस सेवा बनी मरीजों के लिए संजीवनी

**रांची।** मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एयर एम्बुलेंस सेवा राज्य के गंभीर रूप से बीमार और असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस सेवा की बदौलत अब तक 94 मरीजों को समय रहते दूसरे राज्यों के प्रतिष्ठित अस्पतालों में इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर राहत पहुंचाई गई है।

# अब हॉकी खिलाड़ी बनेंगे करोड़पति

## फेडरेशन ने सालाना अवॉर्ड्स के लिए घोषित की रिकॉर्ड प्राइज मनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया



जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा।
इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार शामिल हैं। इस वर्ष के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र विश्व खिताब है। इसके साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो जाएंगे क्योंकि देश को सात नवंबर 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली थी। इस दौरान भारत की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पिछले साल एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। जूनियर एशिया कप जीतने वाली पुरुष और महिला टीम को भी सम्मानित किया जाएगा।

# आईपीएल में शराब और तंबाकू के प्रचार पर लगेगा बैन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा. टूर्नामेंट होम एंड अवे फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसके लिए सभी टीमों ने अपने अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है. इस बीच स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने आईपीएल चेयरमैन को पत्र



लिखकर आईपीएल के दौरान सरोगेट विज्ञापन और बिक्री सहित तंबाकू और शराब के विज्ञापनों को रोकने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है.
पत्र में लिखा गया है कि भारत में इस समय डायबिटीज, फेफड़ों की बीमारियां, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही है. तंबाकू और शराब का सेवन इन बीमारियों के बढ़ने की प्रमुख वजह है. तंबाकू से होने वाली सबसे ज्यादा मौतों में भारत दूसरे स्थान पर आता है. शराब की वजह से भारत में प्रत्येक वर्ष 14 लाख लोग दम तोड़ते हैं. इससे पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी खेल टूर्नामेंट के दौरान शराब और तंबाकू के प्रचार प्रसार पर रोक लगाने कि सिफारिश की थी.

# बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम के अजेय प्रदर्शन की सराहना

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत दर्ज करने पर सोमवार को भारतीय टीम को बधाई दी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी कर्मियों और चयन समिति को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, 'पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं। रोहत की टी-20 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दोनों खिताब जीतने से उन्हें भारत के सबसे बेहतरीन और सबसे सफल कप्तानों में से एक के शुमार किया है और उनके नेतृत्व में टीम को मजबूती मिली है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'आईसीसी खिताब जीतना हमेशा एक विशेष उपलब्धि होती है और इस टीम ने इसे प्रभावशाली अंदाज में हासिल किया है।



# हैरी ब्रूक ने आईपीएल से लिया नाम वापस

### आईपीएल 2025

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने आईपीएल 2025 में न खेलने का निर्णय लिया है. जिसके चलते उन पर दो साल का बैन लगने का खतरा है. आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है. इससे पहले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने इस साल लीग में नहीं खेलने का फैसला लिया है. जिसके बाद से नए नियमों के मुताबिक उनपर दो साल का बैन लगने का खतरा मंडरा रहा है. आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है.

इससे पहले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने इस साल लीग में नहीं खेलने का फैसला लिया है. जिसके बाद से नए नियमों के मुताबिक उनपर दो साल का बैन लगने का खतरा मंडरा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक अगर आयोजक नियम का पालन करने का फैसला लेते हैं, तो ब्रूक को आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है. बता दें कि ब्रूक को दिल्ली

### लग सकता है दो साल का बैन!



कैपिटल्स ने ऑक्शन में 6.25 करोड़ रूपये में खरीदा था.

अगर आयोजक नियम का पालन करने का फैसला लेते हैं, तो ब्रूक को आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है. बता दें कि ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने ऑक्शन में 6.25 करोड़ रूपये में खरीदा था. ब्रूक ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को फैंस के साथ साझा की. इस दौरान उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स टीम और उनके सपोर्टर्स से माफी भी मांगी. ब्रूक ने इससे पहले निजी कारणों से आईपीएल 2024 में भी नहीं खेलने का फैसला लिया था. ब्रूक ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को फैंस के साथ साझा की. इस दौरान उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स टीम और उनके सपोर्टर्स से माफी भी मांगी. ब्रूक ने इससे पहले निजी कारणों से आईपीएल 2024 में भी नहीं खेलने का फैसला लिया था. ब्रूक ने कहा कि उनके लिए यह काफी मुश्किल फैसला था.

### रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, 'कृपया अफवाहें मत फैलाइए'

# 'जैसा चल रहा है, वैसा ही...'

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने संन्यास के सवाल पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह अभी किसी भी भविष्य की योजना के बारे में नहीं सोच रहे हैं और संन्यास का कोई विचार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वह वनडे फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेंगे। रोहित शर्मा ने संन्यास पर फैल रही अफवाहों को नकारते हुए कहा, जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहेगा। मैं इस फॉर्मेट (वनडे) से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं। कृपया इस बारे में कोई अफवाह न फैलाएं। रोहित शर्मा की यह बात उनके फैंस और मीडिया के लिए एक साफ संदेश थी कि वह फिलहाल क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। यह बयान भारतीय कप्तान की निरंतरता और समर्पण को दर्शाता है।

**फाइनल में रोहित शर्मा का**



**प्रदर्शन-** फाइनल मुकाबले में रोहित शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 41 गेंदों पर 50 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें तीन छक्के और सात चौके शामिल थे। हालांकि, 76 रन की पारी के बाद, वह न्यूजीलैंड के गेंदबाज रचिन रवींद्र का शिकार बने, जिन्हें उन्होंने विकेटकीपर टॉम लैथम के हाथों स्टम्पिंग कराकर आउट किया। उनका यह प्रदर्शन टीम के लिए बेहद अहम था, क्योंकि उन्होंने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

**केएल राहुल और हार्दिक पंड्या की तारीफ-** मैच के बाद, रोहित शर्मा ने अपनी टीम के अन्य खिलाड़ियों की भी तारीफ की। खासकर, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या की उन्होंने जमकर सराहना की। रोहित ने कहा, राहुल का दिमाग बहुत मजबूत है। वह किसी भी दबाव में नहीं आता और यही कारण है कि हम उसे मध्यक्रम में रखना चाहते थे। जब वह बल्लेबाजी करता है और परिस्थिति के अनुसार सही शॉट खेलता है, तो वह हार्दिक पंड्या जैसे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका देता है।रोहित ने आगे कहा, हम चाहते थे कि हमारी टीम ऐसी पिच पर कुछ अलग खेल दिखाए, और राहुल और हार्दिक पंड्या ने इसे बखूबी किया। मैं उनका आभारी हूं।

**टीम का समर्थन मेरे लिए था बेहद अहम-** रोहित शर्मा ने अपनी बैटिंग शैली पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैंने इस टूर्नामेंट में अपनी बैटिंग में कुछ बदलाव किए हैं।

# शमी के रोजा न रखने पर आया इंजमाम उल हक का रिएक्शन

### बताया रमजान में क्या करती थी पाक टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चर्चा में हैं. हालांकि, उनकी चर्चा उनके प्रदर्शन को लेकर नहीं, बल्कि रमजान के रोजा न रखने को लेकर हो रही है. दरअसल, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी मैच के दौरान खुलेआम जूस पिते दिखे थे. इसके बाद से उनकी काफी आलोचना हो रही है. अब शमी के रोजा न रखने पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक का रिएक्शन आया है.

रिपोर्ट में इंजमाम उल हक के हवाले से लिखा है, खेलते वक्त रोजा छोड़ना कोई वैसी बात नहीं है. मुझे लगता है कि ज्यादा आपत्ति इस बात



से हुई कि उसने (शमी) सार्वजनिक रूप से पानी पी लिया. खेलते हुए रोजा रखना मुश्किल है. हम लोगों का भी अपना अनुभव है. रोजे के दौरान जब हम मैच खेलते थे, तो पाकिस्तान की टीम वाटर ब्रेक के दौरान स्क्रीन के पीछे चली जाती थी. बता दें कि मुसलमानों के लिए रमजान के महीने का एक खास महत्व है. मुस्लिम हर हाल में रमजान के रोजे रखते हैं. हालांकि, इसमें कई मामलों में रियायत भी दी जाती है, जैसे सफर (यात्रा) के दौरान या बीमार होने पर रोजे छोड़े जा सकते हैं, जिन्हें बाद में रख लिया जाता है. शमी की आलोचना करने वाले फैंस हाशिम अमला का जिक्र कर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हाशिम अमला ने रोजा रखकर 300 रनों की पारी खेली थी तो शमी भी रोजा रख सकते थे. बता दें कि पहले तो यह फैक्ट ही गलत है. अमला ने जब 300 की पारी खेली थी तो वह रोजे से नहीं थे. उन्होंने खुद एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया था. इसके अलावा एक तेज गेंदबाज के लिए मैच के दौरान रोजा रखना काफी मुश्किल है.

## अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: हार्दिक पांड्या



**दुबई, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पांड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पांड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पांड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो। अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है। पांड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।
अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पांड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पांड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।

# भारत के चैंपियन बनने के बाद पाकिस्तान में बवाल!

### वसीम अकरम ने उठाया गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का होस्ट पाकिस्तान था. लेकिन भारत के चैंपियन बनने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कोई भी अधिकारी दुबई में दिखाई नहीं दिया. टीम इंडिया ने फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड को हरा दिया. भारत की जीत के बाद पाकिस्तान के कई खिलाड़ी पीसीबी की आलोचना कर चुके हैं. इस मसले पर पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस मसले को लेकर एक गंभीर सवाल उठाया है.

पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक भी मैच नहीं जीत सका. यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से हुआ है. इस वजह से एक सेमीफाइनल पाकिस्तान में खेला गया. जबकि भारत का सेमीफाइनल दुबई में आयोजित हुआ. भारत ने फाइनल भी दुबई में खेला. टीम इंडिया की जीत के बाद अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित हुई. इस दौरान पीसीबी का कोई भी अधिकारी स्टेज पर नहीं दिखा. पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने इस पर सवाल उठाया था. अब अकरम ने भी प्रतिक्रिया दी है.



### चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद अकरम ने क्या कहा -

अकरम ने पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी का भी जिक्र किया. बीबीसी की एक खबर के मुताबिक अकरम ने कहा, चेयरमैन साहब की तबीयत ठीक नहीं थी. लेकिन पीसीबी की तरफ से स्टेज पर कोई नहीं था. वहां से सुमैर अहमद और उस्मान आए थे. लेकिन वे दोनों नहीं दिखे. हम चैंपियंस ट्रॉफी के मेजबान थे. इसलिए जो भी चेयरमैन साहब का प्रतिनिधित्व कर रहा था, उन्हें वहां होना चाहिए था. क्या उन्हें स्टेज पर नहीं बुलाया गया?

**अख्तर ने पीसीबी को लेकर उठाया ये सवाल** – शोएब अख्तर ने भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद सवाल उठाया था. उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है. अख्तर ने कहा, हिन्दुस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है. लेकिन मैंने एक अजीब चीज देखी. पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी होस्ट कर रहा था. लेकिन उसका कोई भी नुमाइंदा वहां नहीं दिखा. वर्ल्ड स्टेज है. आपको यहां होना चाहिए था.

# पाकिस्तान ने पैसे खर्च किए, स्टेडियम बनाए, लेकिन टीम पर ध्यान नहीं दिया: कनेरिया



**नई दिल्ली, एजेंसी ।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उसकी मुख्य खामियों को उजागर किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम मेजबान थी और टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई थी। उन्होंने कहा कि पीसीबी ने इस बड़े आयोजन की मेजबानी पर बहुत पैसा खर्च किया, लेकिन टीम और उसकी तैयारियों पर ध्यान नहीं दिया।

जब भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया, तो पाकिस्तान की इस आयोजन के फाइनल की मेजबानी करने की उम्मीदें धराशायी हो गईं, जिसकी मेजबानी वह कर रहा था। पाकिस्तान और आईसीसी द्वारा तय हाइब्रिड फॉर्मूले के अनुसार, फाइनल लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के बजाय दुबई में खेला गया। बात करते हुए कनेरिया ने उन बातों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत को फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलने का फायदा होगा और कहा कि ऐसी बातें समझ से परे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाइट के टॉयलेट में मिली चिट्ठी तो मच गया हड़कंप, एयर इंडिया का विमान वापस लौटा मुंबई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट वापस मुंबई लौट गई है। 320 से अधिक लोगों को लेकर जा रहा यह विमान सुरक्षित रूप से मुंबई उतरा और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अनिवार्य जांच की जा रही एयर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान भरने वाले एआई119 में उड़ान के दौरान संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के हित में विमान को वापस मुंबई ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में बम होने की धमकी दी गई थी और विमान के एक शौचालय में एक नोट मिला था। एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777-300 ईआर विमान में 119 चालक दल के सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे।

### डीडीए दिल्ली में बनाएगा 201 किमी का साइकिल ट्रैक, 5 चरणों होगा काम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में डीडीए की तरफ से 201 किलोमीटर के साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। पांच चरणों में से पहले दो चरण को साल के अंत तक पूरा करने की रणनीति बनाई गई है। इसके बाद बाकी दो चरणों के कार्यों में भी तेजी लाई जाएगी। पहले चरण के तहत 36 किमी, दूसरे चरण में 65 किमी, तीसरे चरण में 46 किमी, चौथे चरण में 25 किमी और पांचवें चरण में 29 किमी के रूट पर साइकिल ट्रैक का निर्माण होगा। इस परियोजना के पहले चरण के तहत संगम विहार से मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन तक के 30 किमी तक के रूट पर साइकिल ट्रैक का निर्माण होगा। दूसरे चरण में राजेंद्र प्लेस, नारायणा, राजेंद्र नगर, तालकटोरा स्टेडियम, बुद्धा जयंती पार्क, दिल्ली कैंट, धौला कुआं से वसंत विहार जैसे क्षेत्र शामिल किए गए हैं। डीडीए के अधिकारियों के अनुसार, पांचों चरण को पूरा करने के लिए पांच वर्ष का समय तय किया गया है। पहले दो चरणों के कार्य में तेजी लाई जाएगी। साइकिल ट्रैक के दोनों तरफ पेड़ और पौधे लगाए जाएंगे। इसमें पेड़-पौधों की प्रजातियों के नाम के बोर्ड भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, बायोडायवर्सिटी पार्क और पार्कों में आने वाले पक्षियों, अन्य प्रजातियों के बारे में भी सूचना बोर्ड में शामिल करेंगे। पेड़ों से गिरने वाली सूखी पत्तियों को भी संसाधित करेंगे। वहीं, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने खान मार्केट का पुन निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान एनडीएमसी के विभिन्न विभागों के प्रमुख, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण का उद्देश्य बाजार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, इसकी सुंदरता बढ़ाने और एक आधुनिक खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने पर केंद्रित था। चहल ने कहा कि मार्केट की सड़कों को पीयू कोटिंग, एपॉक्सी कोटिंग से अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे सड़कें अधिक टिकाऊ होंगी।

# फिर करवट लेने जा रहा मौसम... कहीं लू तो कहीं भयंकर बारिश की चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
बीते कुछ दिनों में देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। पहाड़ों पर हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते आसपास के मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं महसूस की गईं। लेकिन अब मौसम एक बार फिर से करवट लेने जा रहा है।

अगर बीते 24 घंटे की बात करें, तो अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, असम, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। हालांकि कोस्टल कर्नाटक, कोंकण व गोवा, सौराष्ट्र व कच्छ में मौसम पहले की तरह ही गर्म रहा।

इराक के आस-पास एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो आने वाले दिनों में देश के कुछ हिस्सों पर असर डाल सकता है। मौसम विभाग की मानें तो गुजरात में 12 मार्च तक लू चलने की संभावना है। वहीं उत्तर पश्चिमी भारत में भी अगले कुछ दिनों तक तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी।

यही हाल मध्य भारत, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत का भी रहेगा। यहां भी अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ हिस्सों में तापमान में वृद्धि के बाद थोड़ी गिरावट भी देखने को मिलेगी।



मौसम विभाग के मुताबिक, 10 मार्च को जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में भी तेज गरज के साथ बारिश देखने को मिलेगी। वहीं तमिलनाडु में भी बौछारें पड़ने की संभावना है।

वहीं 11 मार्च को तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और असम के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लगभग यही स्थिति 12 मार्च को भी बनी रहेगी। जबकि 13 मार्च को जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में भी बारिश होने की संभावना है। जहां एक ओर गुजरात में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है, वहीं दिल्ली में आने वाले दिनों में तेज हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 10 मार्च को दिल्ली के आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 14 मार्च तक दिल्ली में तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापान 31 से 34 डिग्री के आसपास बना रह सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 14 से 18 डिग्री के लगभग रहेगा। बारिश के बाद तापमान में थोड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। बता दें कि 9 मार्च को दिल्ली में सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया।

## नौकरानी ने पायलट को बेसुध कर साथ में खींच लिए अश्लील फोटो, फिर शुरू हुआ ब्लैकमेलिंग का खेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है। घरों में घरेलू सहायिका का काम करने वाली महिला ने अपने मालिक को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ अपने अश्लील फोटो ले लिए। इसके बाद फोटो की मदद से महिला ने मालिक को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़ित एयर इंडिया में पायलट है। वर्तमान में उनकी तैनाती बतौर फर्स्ट अफसर दिल्ली में है।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी महिला अपने साथियों से पुलिसकर्मी और वकील बनाकर कॉल करवा रही है। द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस ने 8 मार्च को पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वारका सेक्टर-12 में रह रहे 57 वर्षीय पीड़ित ने बताया कि ड्यूटी के चलते अधिकतर वह दिल्ली से बाहर रहते हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा पत्नी और दो बेटियां शामिल हैं।

आरोपी महिला घर में घरेलू सहायिका का काम करती है। उसके पास घर की एक चाबी है। पीड़ित ने बताया कि 24 मई को महिला ने खाना खाने के लिए दिया, जिसे खाने के बाद हल्का नशा सा महसूस होने लगा। इसके बाद महिला ने उसे बेडरूम तक पहुंचाया। पीड़ित ने बताया कि जब वह होश में आया तो उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे। महिला भी रूम में मौजूद थी। महिला ने पीड़ित पर गलत हरकत करने का आरोप लगाते हुए फोटो भी दिखाए। इसके बाद पुलिस में शिकायत करने की बात कहकर वहां से चली गई। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने उसे दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर पैसों की मांग शुरू कर दी। पीड़ित लगातार उसे पैसे दे रहा था। जून 2024 को एक शख्स ने फोन कर खुद को वकील बताते हुए कहा था कि महिला ने उसके खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दी है। उसने पैसे देकर मामला रफा-दफा करने की बात कही। पीड़ित ने महिला को पैसे दे दिए। कुछ दिन बाद एक शख्स ने खुद को द्वारका सेक्टर 17 का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि उसके खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज की जा रही है। बचने के लिए पैसों की मांग की गई। पीड़ित ने फिर से पैसे दे दिए और मामला दर्ज नहीं करने की बात कही।

## दिल्ली में मैथ्स ग्रैजुएट युवक निकला मोबाइल चोर, चोरी के 52 फोन के साथ गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर से गणित में ग्रेजुएट 37 वर्षीय एक व्यक्ति को 50 से अधिक मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी प्रमोद कुमार गुप्ता ने वर्ष 2013 में उत्तर प्रदेश के गोंडा स्थित एक सरकारी संस्थान से गणित में ग्रेजुएशन किया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमोद ने वर्ष 2020 में मोबाइल फोन रिपेयरिंग का कोर्स किया था। इसके बाद वह जल्द अमीर बनने के चक्कर में कथित तौर पर दिल्ली और हरियाणा में चोरी के फोन बेचने लगा था। डीसीपी (वेस्ट) विचित्र वीर ने एक बयान में कहा, प्रमोद गुप्ता पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है। उसके कब्जे से चुराए गए या लूटे गए कुल 52 मोबाइल फोन और उनके 15 मदरबोर्ड जब्त किए गए हैं। वह हरियाणा के सोनीपत का निवासी है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस को 6 मार्च को सूचना मिली थी कि रघुबीर नगर में एक व्यक्ति बड़ी संख्या में चोरी के मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने एनडब्ल्यूबी चौक रोड के पास जाल बिछाया और 7 मार्च को करीब 12ः30 बजे प्रमोद गुप्ता को मोबाइल फोन से भरा एक बैग ले जाते हुए देखा गया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस द्वारा कुछ दूरी पर ही उसे पकड़ लिया गया। डीसीपी ने बताया कि तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी प्रमोद गुप्ता के पास से विभिन्न ब्रांडों के 52 मोबाइल फोन और 15 मदरबोर्ड मिले, जिसके लिए वह कोई मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सका। वीर ने बताया कि आरोपी के पास बरामद किए गए दो फोन ख्याला और हरि नगर पुलिस थानों में दर्ज मामलों से जुड़े हैं। अधिकारी ने बताया कि गुप्ता के पिता एक कमीशन एजेंट के रूप में काम करते हैं। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं।

# सरकारी आयुष डॉक्टर ने पहले खुद एमबीबीएस की फर्जी डिग्री खरीदी, फिर धंधे में उतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आयुष की पढ़ाई कर कूड़ाघाट के डॉक्टर राजेश ने सरकारी नौकरी भी हासिल कर ली। खोराबार स्वास्थ्य केंद्र पर तैनाती के बाद सब उन्हें आदर भाव से देखते थे। परिवार वाले खुश थे। इसी बीच राजेश को एमबीबीएस की डिग्री का ऐसा नशा चढ़ा कि वो फर्जी डॉक्टर बन गया। एमबीबीएस की फर्जी डिग्री बनवाने के बाद वह फर्जी डॉक्टर बनाने का गिरोह चलाने लगा और अब जेल के अंदर पहुंच गया है। राजेश ने नोएडा और खलीलाबाद के गैंग मेंबर की मदद से 21 लोगों की फर्जी डिग्री बनवाई जिसमें अब तक चार डिग्री फर्जी होने की पुष्टि हो चुकी है।

फर्जी डिग्री के खेल का खुलासा सबसे पहले एक स्वास्थ्यकर्मी ने ही की। उसने डी. फार्मा की डिग्री फर्जी होने का दावा करते हुए पुलिस में शिकायत की थी। जांच में पुलिस डॉ. राजेश तक पहुंची तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने फर्जी डिग्री बनाने के मामले में 24 फरवरी को खोराबार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर संविदा पर तैनात राजेश और खलीलाबाद के सुशील चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तब उनके पास से 21 फर्जी एमबीबीएस डिग्री मिली थी।



राजेश ने खुद के लिए कर्नाटक की राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी से डिग्री बनवाई थी जो फर्जी है। उसके पास इस यूनिवर्सिटी की कुल तीन डिग्री मिली हैं। राजेश के पास लखनऊ के आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की 2, चुरू की ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की 2, उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल की 1, आईके गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी की 2, जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद की 4, आयुष एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ की 1, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद की 3, राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा की 1 फर्जी डिग्री मिली है।

सुशील चौधरी के पास लखनऊ के आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की 1 और चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ की 1 फर्जी मेडिकल की डिग्री मिली है। पुलिस इन डिग्री की जांच कर रही है। दो डिग्री कॉलेज से जारी चार एमबीबीएस डिग्री फर्जी साबित हो चुकी है। अन्य की जांच अब भी जारी है। डॉक्टर राजेश जेल जा चुका है, जबकि फर्जी डिग्री छापने का सरगना अब भी फरार है। डॉक्टर के दो साथी नोएडा के रहने वाले हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगी हुई है।

## अमेरिका करेगा पाकिस्तानियों की एंट्री बैन, ट्रंप प्रशासन कर रहा तैयारी!

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पाकिस्तानी नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। इस फैसले को लेकर अमेरिकी प्रशासन अंतिम समीक्षा कर रहा है जिसके बाद इसे जल्द ही लागू किया जा सकता है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के नागरिकों के अमेरिका में आने पर सीधा प्रतिबंध लग जाएगा। इस बीच, अमेरिका ने पाकिस्तान को खतरनाक देशों की सूची में डालते हुए नई ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें अमेरिकी नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि पाकिस्तान में आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष का खतरा बना हुआ है। खासतौर पर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में आतंकी गतिविधियों की आशंका अधिक है। एडवाइजरी के मुताबिक आतंकी बिना किसी पूर्व चेतावनी के हमले कर सकते हैं। शॉपिंग मॉल, परिवहन केंद्र, हवाई अड्डे, सैन्य प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय, और पूजा स्थल उनके निशाने पर हो सकते हैं। इस्लामाबाद समेत प्रमुख शहरों की सुरक्षा स्थिति बेहद अस्थिर है। इसके अलावा, पाकिस्तान में अमेरिकी राजनयिकों और अधिकारियों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने से रोका गया है।



रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन का यह फैसला पाकिस्तान की बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और पृष्ठभूमि जांच में आने वाली दिक्कतों को देखते हुए लिया जा रहा है। अमेरिका को लगता है कि पाकिस्तान से आने वाले नागरिकों की पूरी तरह से सुरक्षा जांच करना मुश्किल हो सकता है। अगर यह प्रतिबंध लागू होता है।

## व्हाइट हाउस के निकट खुफिया सेवा के कर्मियों ने हथियारबंद व्यक्ति को गोली मारी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी खुफिया सेवा के कर्मियों ने इंडियाना से आए एक हथियारबंद व्यक्ति को रविवार तड़के व्हाइट हाउस के पास गोली मार दी. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. खुफिया सेवा के बयान के अनुसार, आधी रात के आसपास व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी में (हथियारबंद व्यक्ति के अलावा) कोई और घायल नहीं हुआ. गोलीबारी की घटना के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में थे. खुफिया सेवा को स्थानीय पुलिस से एक कथित ''आत्मघाती व्यक्ति'' के बारे में सूचना मिली, जो इंडियाना से यात्रा कर रहा था। बाद में खुफिया सेवा के कर्मियों ने व्हाइट हाउस के पास उस व्यक्ति की कार और उसके विवरण से मेल खाते एक व्यक्ति को पाया. खुफिया सेवा ने एक बयान में कहा, ''जैसे ही अधिकारी पास आए, व्यक्ति ने बंदूक तानी और मुठभेड़ शुरू हो गयी. उस दौरान हमारे कर्मियों ने गोलियां चलाई.'' बयान में कहा गया कि उस व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि, घायल व्यक्ति की हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पहले भी कई हमले हो चुके हैं. इनमें सबसे बड़ा हमला जुलाई 2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुआ था, जब उनकी एक चुनावी रैली के दौरान उन पर गोली चलाई गई थी.

## भूकंप के झटकों से हिला अफगानिस्तान

**काबुल, एजेंसी।** सोमवार को भारत का पड़ोसी देश अफगानिस्तान भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मैग्नीट्यूड रही, लेकिन भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था, जिससे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र था।

नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि जमीन में गहराई में आने वाले भूकंपों की तुलना में सतह पर ऊपर आने वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऊपरी सतह में आने वाले भूकंपों में ऊर्जा ज्यादा निकलती है, जिससे जमीन पर मौजूद संरचनाओं को नुकसान ज्यादा होता है। फिलहाल अफगानिस्तान में आए भूकंप में नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 8 मार्च को पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 4.2 थी और इसमें भी कोई नुकसान नहीं हुआ था। बीते महीने भारत के दिल्ली एनसीआर के इलाके में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता भी 4.0 थी। इस भूकंप का केंद्र भी जमीन से सिर्फ पांच किलोमीटर नीचे था। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मदद कार्यालय के अनुसार, अफगानिस्तान प्राकृतिक आपदा के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और अफगानिस्तान में बाढ़, भूस्खलन और भूकंप का खतरा ज्यादा है। अफगानिस्तान दशकों से युद्ध में उलझा हुआ है और विकास के अधिकतर सूचकांक में पिछड़ा हुआ है। ऐसे में प्राकृतिक आपदाएं इस देश की स्थिति को और खराब बनाती हैं।

# कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा: पीएम मार्क कार्नी

**ओटावा, एजेंसी।**
कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पद संभालते ही सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर ही बरस पड़े। अमेरिका राष्ट्रपति का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं वह कनाडा पर हमलावर हैं। पहले उन्होंने टैरिफ की धमकी दी और अब उनका कहना है कि अमेरिका और कनाडा के बीच की सीमा का पुनर्निर्धारण होना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो पर उनकी ही पार्टी के अविश्वास के बाद अब अर्थव्यवस्था के जानकार और ट्रूडो सरकार में ही मंत्री रहे मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।

कार्नी ने कहा कि लिबरल पार्टी एकजुट है और कनाडा के हित में पहले ही की तरह काम करने को तैयार है। हमने इस देश को दुनिया का महान देश बनाया है और अब पड़ोसी चाहता है कि इसपर कब्जा कर लिया जाए। यह कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे संसाधनों का दोहन करना चाहता है। उसे हमारे पानी, भूमि और देश की जरूरत है। अगर वे सफल हो गए तो हम खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक संस्कृति को खत्म करने वाले पड़ाव पर आ खड़ा हुआ है। वहीं कनाडा विविधता का सम्मान करता है। कनाडा किसी भी रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं हो सकता।



कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, माना जाता है कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रहेंगे।कार्नी ने कहा, 'कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।' उनका सीधा इशारो डोनाल्ड ट्रंप की तरफ था।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि हम जानते हैं डोनाल्ड ट्रंप ने हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों, हमारे द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं और हमारे जीवनयापन के साधनों पर अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई परिवारों, श्रमिकों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।' कार्नी ने कहा कि कनाडा तब तक जवाबी शुल्क लागू रखेगा जब तक अमेरिकी इसे जारी रखता है।

उन्होंने कहा, 'हमने यह लड़ाई शुरू नहीं की लेकिन जब कोई तंग करता है तो कनाडावासी उसे छोड़ते भी नहीं हैं।'ट्रंप की ओर से कनाडा पर शुल्क लगाए जाने और कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने की बातों से भी देश में ट्रूडो के प्रति नाराजगी है। कुछ लोग अमेरिका की अपनी यात्राएं रद्द कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग अमेरिकी सामान खरीदने से बच रहे हैं।

